डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search rojgaraurnirman

मध्यप्रदेश में लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों का जाल बिछाना हमारा संकल्प : मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों का जाल बिछे यह मेरा सपना भी है और संकल्प भी। इस स्तर के उद्योग ही रोज़गार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराते हैं। राज्य शासन उद्यमियों की मदद के लिए सदैव तत्पर है। इस दिशा में आरंभ की गई 'स्टार्ट योर बिजनेस इन थर्टी डेज' योजना का उद्देश्य यही है कि प्रदेश में अपना उद्योग आरंभ करने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी न आए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मिशन अर्थ के अंतर्गत प्रदेश के 1891 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के वर्चुअल शुभारंभ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा यह लक्ष्य है कि हर महीने प्रदेश के एक लाख लोगों को रोज़गार दिलाया जाए। इस प्रकार एक वर्ष में बारह लाख लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराने की दिशा में हम निरंतर सक्रिय हैं। लोगों के लिए रोज़गार सृजन में लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योग राज्य सरकार के सहयोगी ही हैं।

कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में रोज़गार की अपार संभावनाएं

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना के कठिन काल में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मंत्र दिया। इसके परिपालन में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए विकसित रोडमैप में अर्थव्यवस्था और रोज़गार प्रमुख आधार स्तंभ हैं। प्रदेश में अधोसंरचना निर्माण, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में उद्यमशीलता और रोज़गार के अवसर सृजित करने की अपार संभावनाएं हैं। कोरोना के कठिन काल में प्रदेश के पथ विक्रेताओं और स्व-सहायता समूहों को राज्य शासन द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान किया गया है।

प्रदेश के युवा रोज़गार देने वाले बनें

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए स्व-रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से पुरानी योजनाओं की रीपैकेजिंग कर नई मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के विकास के लिए जितना योगदान बड़े उद्योगों का है उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका एमएसएमई की है। इसकी महत्ता को स्वीकार करते हुए ही प्रदेश में पृथक एमएसएमई विभाग बनाया गया।

50 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोज़गार

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक है। प्रदेश में 1891 इकाइयां वर्चुअली आरंभ की जा रही हैं। इनमें 4227 करोड़ का निवेश हुआ है। यह इकाइयां 50 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार उपलब्ध करायेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 572 इकाइयां मार्च 2021 तक स्थापित हो चुकी हैं। अगले तीन माह में 296 और अगले छह माह में एक हजार 23 इकाइयां स्थापित होंगी।

कोरोना से बीमार न होना ही प्रदेश की सबसे बड़ी सेवा

श्री चौहान ने कोरोना के संक्रमण को देखते हुए सभी उद्यमियों से सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना से बीमार न होना ही प्रदेश की सबसे बड़ी सेवा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए आत्म-अनुशासन अपनाते हुए मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग, बार-बार हाथ धोने की गाइडलाइन का आवश्यक रूप से पालन करें और अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति भी सतर्क, सावधान और जिम्मेदार रहें।

औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से विकास के नए रास्ते खुलेंगे

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि उद्योग क्षेत्र में बहुत तेजी से तकनीकी बदलाव आ रहा है। वैश्विक स्तर की मांग के अनुसार प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों को कदम से कदम मिलाकर चलने में सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

उत्कृष्ट एमएसएमई इकाइयों और स्टार्टअप संचालकों का सम्मान

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की उत्कृष्ट एमएसएमई इकाइयों और स्टार्टअप संचालकों का सम्मान किया। कोरोना काल में पीपीई किट और फेस मास्क निर्माण में अभूतपूर्व कार्य के लिए मोहिनी हेल्थ एण्ड हाइजीन लिमिटेड पीथमपुर, धार के श्री अवनीश बंसल, रक्षा उपकरण उत्पादन में लगे डी.के. इंसुलेशन इण्डस्ट्रीज भोपाल के श्री डी.के. कोहली का सम्मान किया गया।

परीक्षाएं

कक्षा 9वीं से 12वीं तक परीक्षाओं के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा एवं 10वीं-12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा के आयोजन के संबंध में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और विद्यालयों के प्राचार्य को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत वार्षिक और प्री-बोर्ड परीक्षाओं के लिए पूर्व में जारी समय-सारणी अनुसार कार्यवाही का बंधन समाप्त कर दिया गया है। शाला प्रमुख 12 अप्रैल अथवा जिले में लॉकडाउन की स्थिति में जिस दिन लॉकडाउन खुलेगा, उस दिन स्थानीय परिस्थिति अनुसार विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र और कोरी उत्तर-पुस्तिकाएं प्रदान कर सकेंगे। विद्यालयों में प्रश्न पत्र प्राप्त करने का समय प्रातः 9 से दोपहर 12 तक रखा गया है।

आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती जयश्री कियावत ने बताया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राचार्य अपने स्तर से पृथक-पृथक कक्षाओं के लिए अलग-अलग समय निर्धारित कर सकेंगे। विद्यार्थियों से पुनः उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने के लिए भी शाला प्रमुख अपने स्तर से तिथि निर्धारित कर सकेंगे। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ही किया जाएगा, यदि शिक्षक चाहें तो घर ले जाकर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर सकेंगे। छात्रावासों में दर्ज विद्यार्थी निकट शाला से प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिका प्राप्त कर सकेंगे तथा उसी विद्यालय में उत्तर पुस्तिका जमा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के समस्त शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं एवं कक्षा 10वीं और 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र वितरित किए जाएंगे।

खास खबर

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय शिक्षण कर्मचारी चयन परीक्षा

भोपाल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक पदों के लिये आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं। जन-जातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन, जन-जातीय छात्रों के लिये राष्ट्रीय शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) है। संगठन सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत है। उक्त संस्था द्वारा राज्यों से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के लिये शिक्षण स्टाफ जैसे प्राचार्य, उप प्राचार्य, पीजीटी और टीजीटी की भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन 30 अप्रैल, 2021 तक जमा कराये जा सकते हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

कोरोना संक्रमण

नगरीय क्षेत्रों में 30 अप्रैल तक रहेगा रात्रिकालीन लॉकडाउन

भोपाल, कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिये राज्य सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाये गये हैं। सरकार ने नवीन दिशा-निर्देश जारी करते हुए 30 अप्रैल, 2021 तक सभी नगरीय क्षेत्रों में रात्रिकालीन लॉकडाउन लगा दिया है। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि दमोह के अतिरिक्त समस्त नगरीय क्षेत्रों में शनिवार एवं रविवार को लॉकडाउन करने के आदेश जारी किये गये हैं।

कोविड-19 महामारी की रोकथाम एवं बचाव के लिये जारी अतिरिक्त दिशा-निर्देश अनुसार प्रदेश के समस्त नगरीय क्षेत्रों में आगामी 30 अप्रैल तक प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रात्रिकालीन लॉकडाउन रहेगा।

जिलों में लॉकडाउन

छिंदवाड़ा जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 8 अप्रैल की रात्रि 8 बजे से 16 अप्रैल, 2021 की प्रातः 6 बजे तक लॉकडाउन रहेगा। शाजापुर नगरीय क्षेत्र में 7 अप्रैल की रात्रि 8 बजे से लॉकडाउन जारी है। लॉकडाउन 10 अप्रैल, 2021 की प्रातः 6 बजे तक जारी रहेगा। नवीन निर्देशानुसार प्रदेश के 4 जिलों बैतूल, कटनी, रतलाम एवं खरगोन में 9 से 17 अप्रैल, 2021 तक लॉकडाउन संबंधी आदेश कलेक्टर जारी कर सकेंगे।

सप्ताह में पांच दिन खुलेंगे शासकीय कार्यालय

प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालय सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक 5 दिन ही खुलेंगे। कार्यालयीन समय प्रातः 10 से सायंकाल 6 बजे तक रहेगा। उक्त आदेश 31 जुलाई, 2021 तक प्रभावशील रहेगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पृथक से आदेश जारी किये जा रहे हैं।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी गाइड-लाइन अनुसार हॉट स्पॉट और कंटेनमेंट जोन में लॉकडाउन संबंधी आदेश कलेक्टर जारी करेंगे। इन क्षेत्रों में 7 से 10 दिन का लॉकडाउन लगाया जा सकेगा। हॉट स्पॉट और कंटेनमेंट जोन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार आवागमन संबंधी प्रतिबंध लागू होंगे।

जनता की सेवा में कोई कमी न छोड़ें-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, प्रदेश में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। यह संकट एवं परीक्षा की घड़ी है, पूरे धैर्य, संयम एवं आत्म-विश्वास से कार्य करें। जनता की सेवा में कोई कमी न छोड़ें। कोरोना के उपचार के लिए अस्पतालों में पर्याप्त विस्तर, ऑक्सीजन, दवाएं, इंजेक्शन एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं हों। होम आइसोलेशन की पुख्ता व्यवस्था हो तथा जिन मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता हो उन्हें ही अस्पताल में भर्ती किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 अप्रैल तक प्रदेश में टीका उत्सव मनाया जाए, जिसमें 45 वर्ष से अधिक उम्र के ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना के टेस्ट बढ़ाए जाएं। जल्दी जांच हो जाने से समय पर उपचार हो जाता है तथा मृत्यु दर को न्यूनतम किया जा सकता है। जिलों में फीवर क्लीनिक्स की संख्या बढ़ाई जाये। श्री चौहान ने कहा कि कोरोना नियंत्रण के लिये छोटे-छोटे कंटेनमेंट जोन बनाये जायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन की मॉनीटरिंग के लिये हर जिले में कमाण्ड एंड कंट्रोल सेन्टर प्रभावी ढंग से काम करें। मरीज को दवाओं की किट चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही कम से कम दिन में दो बार उससे बात भी की जाये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

3 अप्रैल

तुर्की में अफगान राष्ट्रपति रखेंगे त्रिस्तरीय शांति प्रस्ताव

● अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी तुर्की में प्रस्तावित बैठक के दौरान विदेशी

प्रतिनिधियों के सामने त्रिस्तरीय शांति प्रस्ताव रखेंगे। इस प्रस्ताव में तालिबान के साथ समझौते और चुनाव से पहले संघर्ष विराम की मांग शामिल होगी। तुर्की में यह बैठक कब होगी, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। राष्ट्रपति अशरफ गनी का यह प्रस्ताव अमेरिका द्वारा पेश की गई उस योजना के विरोध में है, जिसमें अमेरिका ने तालिबान प्रतिनिधियों को मिलाकर अंतरिम सरकार के गठन के लिये जल्द से जल्द नियम कानून तय करने के लिये अफगानिस्तान पर दबाव डाला था।

● ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में परमाणु समझौते पर होने वाली बैठक के दौरान ईरान और अमेरिका के बीच कोई सीधी वार्ता नहीं होगी। ईरान के उप विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि हम वियना में अमेरिका से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी तरह से कोई वार्ता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि परमाणु समझौते से संबंधित सभी पक्षों की वियना में बैठक रखी गई है। इस बैठक में अमेरिका के ईरान के साथ परमाणु समझौते पर दोबारा लौटने के साथ ही ईरान पर लगाये गये प्रतिबंधों पर भी बातचीत की जायेगी।

● इंडोनेशिया के पूर्वी हिस्से में तेज बारिश के कारण आये भू-स्खलन और बाढ़ से 44 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग लापता हो गये हैं। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा एजेंसी के अनुसार लमेनेले गांव में भू-स्खलन के कारण 50 से अधिक घरों पर पहाड़ियों की मिट्टी गिरी, जिसकी चपेट में कई लोग आये हैं। वहीं बाढ़ के कारण 10 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुये हैं।

4 अप्रैल

क्रू कैप्सूल पर इम्पैक्ट टेस्ट का प्रसारण करेगी नासा

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी (नासा) ने कहा है कि वह अपने ओरियन अंतरिक्ष यान के क्रू कैप्सूल पर होने वाले इम्पैक्ट टेस्ट श्रृंखला का सजीव प्रसारण करेगा। नासा ने कहा है कि वह आर्टेमिस मिशन के तहत ओरियन अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर ले जायेगा। नासा ने कहा है कि वह मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने के लिये अपने आर्टेमिस मिशन के दौरान मिले अनुभवों और प्रौद्योगिकियों का लाभ उठायेगी। यह परीक्षण वर्जीनिया के हैम्पटन स्थित नासा के लैंगले रिसर्च सेंटर के लैंडिंग और इम्पैक्ट रिसर्च फैसिलिटी में होगा। उल्लेखनीय है कि नासा आर्टेमिस मिशन के तहत वर्ष 2024 में चंद्रमा की सतह पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारेगा।

● अमेरिकी प्रशासन ने एच-1 बी वीजाधारकों के वेतन के स्तर को तय करने के लिये अप्रवासियों और गैर-अप्रवासियों दोनों से राय मांगी है। अमेरिकी श्रम मंत्रालय ने इसके लिये लोगों को 60 दिन का समय दिया है। उल्लेखनीय है कि इस वीजा पर अमेरिकी कंपनियां विदेशी लोगों को अपने यहां काम पर रखती हैं। अमेरिकी सरकार अब अप्रवासी और गैर-अप्रवासी दोनों के वेतन स्तर को तय करने की प्रक्रिया शुरू कर रही है।

● अफगानिस्तान में सेना ने तालिबानी आतंकवादियों के ठिकानों पर जबर्दस्त हवाई हमले किये। इन हमलों में 80 से ज्यादा आतंकवादी मार गिराये गये हैं। अफगान सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि लड़ाकू विमानों से किये गये इन हमलों में तालिबानी कमांडर सरहदी भी मारा गया है। इसके अलावा हवाई हमले में आतंकवादियों के दो टैंक और कई वाहन भी नष्ट कर दिये गये हैं।

5 अप्रैल

सुप्रीम कोर्ट की समिति ने ई-कोर्ट परियोजना का जारी किया प्रस्ताव

● सुप्रीम कोर्ट की एक ई-समिति ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिये एक

मसौदा प्रस्ताव जारी किया है। इस मसौदा प्रस्ताव को विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव में डिजिटल सुनवाई और वकीलों तथा पक्षकारों को अदालती कार्यवाही की प्रतिलिपि मुहैया कराने जैसी महत्वपूर्ण बातों को शामिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की ई-समिति ने अपनी वेबसाइट पर मसौदा प्रस्ताव जारी करते हुये वकीलों तथा आमजन सहित विभिन्न पक्षों से विचार और सुझाव आमंत्रित किये हैं।

● डाक विभाग ने डाकघर योजनाओं से निकासी पर टीडीएस की कटौती को लेकर नये नियम जारी किये हैं। नये नियम के तहत अगर निवेशक द्वारा सभी डाकघर योजनाओं से कुल निकासी 20 लाख रुपये से अधिक है, तो उस पर टीडीएस का नया नियम लागू होगा। इसमें पीपीएफ से निकासी भी शामिल है। यह नियम एक जुलाई 2020 से प्रभावी है। हालांकि यह नियम उसी मामले में लागू होगा, जब निवेशक ने पिछले तीन असेसमेंट ईयर का आयकर रिटर्न दाखिल न किया हो।

● पश्चिमी एशियाई देश जॉर्डन में शाही परिवार में अंदरूनी तौर पर चल रहा विद्रोह अब सामने आ गया है। जॉर्डन के सुल्तान किंग अब्दुल्ला द्वितीय के सौतेले भाई प्रिंस हमजा बिन हुसैन ने विद्रोह करते हुये आरोप लगाया है कि उन्हें घर में नजरबंद किया गया है। हमजा ने किंग अब्दुल्ला पर देश में भ्रष्टाचार बढ़ाने तथा अभिव्यक्ति की आजादी को बाधित किये जाने का आरोप लगाया। बताया गया है कि जॉर्डन में शाही परिवार तथा सरकार के खिलाफ बोलने वाले कम से कम 19 लोगों को पहले ही हिरासत में लिया गया है।

6 अप्रैल

डीआरडीओ ने भारतीय नौसैन्य जहाजों के लिये तैयार किया कवच

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय नौसेना के जहाजों को दुश्मन देशों के मिसाइल हमलों से बचाने के लिये एक नया कवच तैयार किया है। यह कवच एडवांस्ड चाफ टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो दुश्मन के रडार को भ्रमित करेगा और जहाज की ओर बढ़ रही मिसाइलों की दिशा बदलने में मदद करेगा। इस कवच को डीआरडीओ की डिफेंस लेबोरेटरी जोधपुर में विकसित किया गया है। डीआरडीओ ने बताया कि इस कवच के तीन वैरिएंट तैयार किये गये हैं- शॉर्ट रेंज चाफ रॉकेट, मीडियम रेंज चाफ रॉकेट और लांग रेंज चाफ रॉकेट। उल्लेखनीय है कि विश्वभर में जहाजों की सुरक्षा के लिये चाफ टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होता है। किसी भी तरह के मिसाइल हमले का अंदेशा होने पर इन चाफ रॉकेट को दागा जाता है।

● अमेरिका ने ग्वांतोनामो वे जेल की एक सीक्रेट यूनिट को बंद कर दिया है। यहां सजा काट रहे कैदियों को क्यूबा में एक अन्य अमेरिकी बेस स्थित जेल में भेजा गया है। यह जानकारी अमेरिकी सेना द्वारा दी गई है। अमेरिकी सेना ने बताया कि इस यूनिट को बंद करने की वजह ऑपरेशनल योग्यता और प्रभावशीलता को बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि ग्वांतोनामो जेल को बेहद गुप्त कैदखाना माना जाता है। यहां दुनिया के सबसे खूंखार कैदियों को रखा जाता है।

● इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भ्रष्टाचार के एक मामले की सुनवाई के लिये कोर्ट में पेश होना पड़ा। कोर्ट ने नेतन्याहू को फटकार लगाते हुये कहा कि नेतन्याहू ने अपने फायदे के लिये सत्ता का दुरुपयोग किया है। नेतन्याहू पर कोर्ट में रिश्वत लेने, धोखाधड़ी करने और विश्वासघात करने के तीन मामले हैं। नेतन्याहू ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि नेतन्याहू इजराइल में सबसे अधिक समय तक सत्ता में रहने वाले प्रधानमंत्री हैं।

7 अप्रैल

वर्ष 2036 तक राष्ट्रपति बने रहेंगे पुतिन

● रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वर्ष 2036 तक राष्ट्रपति पद पर आसीन रहेंगे। पुतिन ने उस कानून पर हस्ताक्षर कर दिये हैं, जो उन्हें दो और कार्यकाल तक राष्ट्रपति बने रहने की अनुमति देगा। पुतिन का कार्यकाल वर्ष 2024 तक था, लेकिन उन्होंने पिछले वर्ष रूसी संविधान में बदलाव का विधेयक पेश किया था। अब विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ यह कानून बन गया है। अब अगर पुतिन वर्ष 2024 में चुनाव लड़ते हैं और जीतते हैं, तो वे वर्ष 2036

तक राष्ट्रपति पद पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि व्लादिमीर पुतिन वर्ष 2000 में राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज कर पहली बार राष्ट्रपति बने थे। इसके बाद वे वर्ष 2004 में भी जीते थे। वर्ष 2012 में एक बार फिर पुतिन रूस के राष्ट्रपति बने थे, इसके बाद से वे अब तक इस पद पर काबिज हैं।

● इजराइल के राष्ट्रपति रूवन रिवलिन ने बेंजामिन नेतन्याहू को सरकार बनाने के लिये आमंत्रित किया है। इजराइल में दो वर्ष में चौथी बार चुनाव हुये। इन चुनावों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला और ना ही कोई गठबंधन सरकार बनाने में सफल हुआ। राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद नेतन्याहू को बहुमत साबित करने के लिये 28 दिनों का समय मिला है। उल्लेखनीय है कि 120 सीटों वाली इजराइली संसद में नेतन्याहू को 52 सांसदों का समर्थन प्राप्त है लेकिन वे बहुमत के आंकड़े से नौ सीटें दूर हैं।

● सऊदी अरब ने कहा है कि मक्का मस्जिद और मदीना में हज जायरीनों को शर्तों के साथ आने की अनुमति दी जायेगी। सऊदी अरब के अनुसार जिन लोगों को कोरोना का टीका लग चुका है या जो लोग कोरोना संक्रमण से उबर चुके हैं, उन्हें ही हज यात्रा की अनुमति होगी। सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि तीन कैटेगरी में लोगों को इम्युनाइज्ड माना जायेगा। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब सरकार ने कोरोना महामारी के कारण पिछले वर्ष हज यात्रा पर रोक लगाई थी।

8 अप्रैल

लाल सागर में ईरान के जलपोत पर हुआ हमला

● ईरान के सरकारी टीवी चैनल के अनुसार यमन के पास लाल सागर में तैनात ईरान के एक मालवाहक पोत एमवी सेविज पर हमला होने की पुष्टि की गई है। माना जा रहा है कि यह जलपोत ईरान के अर्धसैनिक बल रेवोल्यूशनरी गार्ड का बेस है और वर्षों से लाल सागर में खड़ा है। यह हमला ऐसे समय में किया गया है, जब ईरान और विश्व के अन्य देश ईरानी परमाणु समझौते के लिये विएना में बैठक करने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब ने लाल सागर में एमवी सेविज की तैनाती की कई बार आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान इस जलपोत के जरिये यमन में हूती विद्रोहियों को हथियार मुहैया कराता है, जबकि ईरान का कहना है कि एमवी सेविज लाल सागर में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों में मदद करता है।

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट और रिवर्स रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति पेश करते हुये बताया कि रेपो रेट चार प्रतिशत तथा रिवर्स रेपो रेट 3.55 प्रतिशत पर ही रहेगा। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये जीडीपी दर 10.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद देश की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। भारत हर तरह की चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार है।

9 अप्रैल

सीबीएसई ने जारी किए बोर्ड परीक्षाओं के सैंपल पेपर

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इस वर्ष बोर्ड की परीक्षाओं के लिए दसवीं और बारहवीं कक्षा के सैंपल पेपर जारी किए हैं। बोर्ड ने सभी विषयों के सैंपल पेपर जारी किए हैं जो बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थी इन सैंपल पेपर को डाउनलोड कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 4 मई से 14 जून तक चलेंगी। सीबीएसई ने कहा है कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम 15 जुलाई तक जारी किए जायेंगे।

● केंद्रीय रेलमंत्री श्री पीयूष गोयल ने झारखंड में हंसडीहा-गोड्डा नई रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। श्री गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोड्डा-नई दिल्ली हमसफर स्पेशल ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई है। इस अवसर पर श्री गोयल ने कहा कि हंसडीहा-गोड्डा नई रेल लाइन बनने से इस क्षेत्र में बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी साथ ही वस्तुओं की त्वरित आवाजाही से लागत में भी असर आयेगा। रेल मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य खनिज साधनों से सम्पन्न है। भारतीय रेल इस राज्य की क्षमता को वास्तविकता में बदलने में योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 20 हजार करोड़ रुपये की 36 रेल परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।

मध्यप्रदेश में 517 करोड़ रुपये की 513 जलप्रदाय योजनाओं के कार्य प्रारम्भ

भोपाल, मध्यप्रदेश की ग्रामीण आबादी शुद्ध पेयजल के लिए परेशान न हो इस दिशा में सरकारी प्रयास तेजी से जारी हैं। जहां जलस्रोत हैं, वहां उनका समुचित उपयोग कर आसपास के ग्रामीण रहवासियों को पेयजल प्रदाय किया जायेगा। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्रोत नहीं हैं वहां यह निर्मित किए जायेंगे। ग्रामीण आबादी के लिए यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से अगले तीन सालों में पूरा करने का लक्ष्य है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्वालियर-चम्बल संभाग के ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया, मुरैना तथा भिण्ड जिले में 513 ग्रामीण जलप्रदाय योजनाओं हेतु 516 करोड़ 79 लाख 21 हजार रुपये की स्वीकृतियां दी जा चुकी हैं।

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की समग्र ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

वर्ष 38, अंक 15 12.04.2021 से 18.04.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

रोज़गार पर केंद्रित मिशन अर्थ कार्यक्रम

कोरोना की कठिन परिस्थितियों में किसान की कर्मठता ही अर्थव्यवस्था का आधार होती है। प्रदेश में पिछले साल हुये अनाज के भरपूर उत्पादन ने प्रदेश ही नहीं देश को भी मजबूती प्रदान की है। राज्य सरकार किसान की आय को दोगुनी करने के लिये हरसंभव प्रयास कर रही है। खेती, पशुपालन, उद्यानिकी, मछली पालन और सहकारिता को समग्रता में लेकर फसलों के विविधीकरण, फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और सही मार्केटिंग से हमारे प्रदेश के उत्पाद देश ही नहीं दुनिया में धूम मचायेंगे। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित मिंटो हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय मिशन अर्थ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मिशन अर्थ के अंतर्गत भदभदा भोपाल में 47 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से स्थापित देश की दूसरी अत्याधुनिक सीमन उत्पादन प्रयोगशाला का वर्चुअली लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों में 260 करोड़ रुपये की लागत से बनीं 985 सामुदायिक गौ-शालाओं का लोकार्पण और 50 करोड़ रुपये से बनने जा रहीं 145 सामुदायिक गौ-शालाओं का शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री ने मिशन अर्थ कार्यक्रम में 33 विद्युत उपकेंद्रों का लोकार्पण और 434 केंद्रों का भूमिपूजन भी किया। इनकी कुल लागत 1530 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश में स्व-सहायता समूहों द्वारा उद्यानिकी रोपणियों में उत्पादित 80 लाख पौधे प्रदेशवासियों को समर्पित किये। इसके साथ ही किसान उत्पादक संगठन और कृषि अधोसंरचना निधि के हितग्राहियों को चैक भी वितरित किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के विरुद्ध लड़ाई राज्य सरकार और समाज को मिलकर लड़ना है। मास्क लगाने के नियम का गंभीरता से पालन करें, इसे किसी भी स्थिति में हल्के में न लें। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्व-प्रेरणा से टीकाकरण के लिये आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था प्रभावित नहीं हो इसके लिये लॉकडाउन नहीं लगाया जा रहा है। कोरोना को नियंत्रित करने के लिये सभी का सहयोग आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोनाकाल में आत्मनिर्भर भारत का मंत्र दिया। इस कड़ी में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप विकसित किया गया है। अर्थव्यवस्था और रोज़गार इस रोडमैप के आधार हैं। प्रदेश के युवा और किसानों में क्षमता, योग्यता और प्रतिभा है। किसान उत्पादक संगठन कृषकों की एकता, पहल और प्रगति का प्रतीक बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसानों को समर्थन मूल्य से अधिक कीमत मिले तो ही वे अपना उत्पाद बाजार में बेचें। राज्य सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमन प्रयोगशाला, किसान उत्पादक संगठन, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम, मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना, मवेशियों के लिये यूनिक आईडी जैसी गतिविधियां प्रदेश में कृषि और पशुपालन का नया अध्याय लिखेंगी। एफपीओ के गठन के लिये न्यूनतम 300 से 500 किसान सदस्यों को शामिल किया जाता है। प्रदेश के 418 एफपीओ विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे बीज-उत्पादन, उपार्जन, प्रोसेसिंग, दुग्ध-उत्पादन, मुर्गीपालन, शहद उत्पादन और विपणन आदि कार्य कर रहे हैं। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की स्कीमों से एफपीओ को लाभान्वित कराने का कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार निरंतर ऐसे प्रयास कर रही है कि कृषि क्षेत्र में रोज़गार के बेहतर अवसर उपलब्ध हों। प्रदेश के युवा कृषि क्षेत्र में रुचि दिखाकर रोज़गार के बेहतर अवसर पा सकते हैं। कृषि क्षेत्र मध्यप्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री इस क्षेत्र को लेकर समय-समय पर लोगों से संवाद स्थापित करते हैं।

तनाव से बाल झड़ते हैं

लोगों में यह एक आम धारणा है कि तनाव से मनुष्य के बाल झड़ते हैं। इसके पीछे क्या वजह है इसका अभी हाल ही में हुये एक प्रयोग में वैज्ञानिकों ने पता लगाया है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने चूहों पर एक प्रयोग किया। इसमें उन्होंने देखा कि तनाव के दौरान चूहों में कार्टिकोस्टोडीन हार्मोन रिलीज होता है। यह हार्मोन जीएएस-6 नामक प्रोटीन के उत्पादन को रोक देता है। दरअसल जीएएस-6 प्रोटीन बालों के रोम के विकास में मददगार साबित होता है। मगर जब कोई शख्स या जानवर तनावग्रस्त होता है, तो कार्टिकोस्टोडीन का उच्च स्तर इसे बनने से रोकता है। यह खोज अभी लोगों पर लागू नहीं की गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि लोगों में भी यह तंत्र समान हो सकता है। विशेषज्ञ उम्मीद कर रहे हैं कि बाल झड़ने के कारणों का पता लगाने और उन्हें बेहतर तरीके से समझकर वह इसके लिये बेहतर उपचार, थैरेपी और उत्पाद विकसित कर सकेंगे। शोधकर्ता ऐसी क्रीम बना सकेंगे जो तनाव के कारण होने वाले गंजेपन से बचाव में कारगर होगी। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में स्टेम सेल और पुनर्योजी जीवविज्ञान के प्रोफेसर और अध्ययनकर्ता का कहना है कि तनाव हार्मोन स्टेम कोशिकाओं के विनियमन के जरिये चूहों में बालों के रोम के विकास को प्रभावित करते हैं। वैज्ञानिक यदि इस प्रयास में सफल हो जाते हैं तो मनुष्य के लिये एक विशेष सुविधा होगी। इसके जरिये मनुष्य गंजेपन से मुक्ति पा सकेगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

सुरक्षित मातृत्व दिवस **11 अप्रैल**

सुरक्षित मातृत्व का अर्थ है एक समूची पीढ़ी को सुरक्षित करना

सुरक्षित मातृत्व से तात्पर्य गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा से होता है और इसी परिप्रेक्ष्य में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की उचित देखभाल और प्रसव से जुड़ी स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से देश में प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार ने 11 अप्रैल, 2003 को कस्तूरबा गांधी की जयंती पर यह दिवस घोषित किया था। केंद्र सरकार ने यह घोषणा महिलाओं के कल्याण के लिए कार्यरत 'व्हाइट रिबन एलायंस फॉर सेफ मदरहुड' के अनुरोध पर की थी। एक गर्भवती महिला के निधन से ना केवल बच्चों के सिर से माँ का साया छिन जाता है अपितु एक पूरे परिवार की संरचना ही ध्वस्त हो जाती है। इसी एक आशंका से बचने के लिये देश में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की उचित देखभाल और प्रसव से जुड़ी सुविधाओं और सावधानियों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की धर्मपत्नी कस्तूरबा गांधी की जन्मतिथि 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय भारत सरकार ने लिया था। आधिकारिक तौर पर किसी एक तिथि को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस घोषित करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। इस दिन देश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि गर्भवती महिलाओं के पोषण पर सही ध्यान दिया जा सके।

प्रसव के दौरान प्रसूता की सुरक्षा से मातृ मृत्यु दर में आती है कमी

माँ बनना प्रकृति का सबसे बड़ा वरदान माना जाता है, लेकिन आज भी यह जोखिम भरा और कुछ महिलाओं के लिए तो मृत्यु की आशंका भरा काम है। भारत में हर साल जन्म देते समय हजारों महिलाएं प्रसव के दौरान अपनी जान गंवा देती हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक भारत में मातृ मृत्यु दर में तेजी से कमी आ रही है। यह कमी प्रसव के दौरान प्रसूता को सुरक्षा प्रदान करने से आई है।

मातृ मृत्यु की वजह पर सतत् निगरानी और कारणों का विश्लेषण हो

अशिक्षा, स्वास्थ्यकर आदतों (हाइजेनिक हैबिट्स) की जानकारी की कमी, समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, कुपोषण, कच्ची उम्र में विवाह, बिना तैयारी के गर्भधारण आदि कुछ कारणों की वजह से माँ बनने का खूबसूरत अहसास कई महिलाओं के लिए जानलेवा और जोखिम भरा साबित होता है। कई मामलों में माँ या नवजात शिशु या दोनों की मौत हो जाती है। ज्यादातर मातृ मृत्यु की वजह बच्चे को जन्म देते वक्त अत्यधिक रक्तस्राव होता है। इसके अलावा इंफेक्शन, असुरक्षित गर्भपात या ब्लड प्रेशर भी अहम वजहें हैं। इन वजह पर सतत् निगरानी और मातृ मृत्यु के कारणों का विश्लेषण भी बेहद जरूरी होता है। प्रसव के दौरान लगभग 30 प्रतिशत महिलाओं को आपात सहायता की आवश्यकता होती है। गर्भावस्था से जुड़ी दिक्कतों के बारे में सही जानकारी न होने तथा समय पर मेडिकल सुविधाओं के ना मिलने या फिर बिना डॉक्टर की मदद के प्रसव के कारण भी प्रसूताओं की मौत हो जाती है। जच्चा और बच्चा की सेहत को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का अहम रोल होता है, लेकिन इनकी कमी से कई महिलाएं प्रसव पूर्व न्यूनतम स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं। समस्त मातृ मौतों में से लगभग 10 प्रतिशत मौतें गर्भपात से संबंधित जटिलताओं के कारण होती हैं।

महिलाओं को प्रसव के दौरान बचाने

की मुहिम के समक्ष कई चुनौतियां भी हैं जिनमें किशोरियों को यौन शिक्षा और स्वच्छता, शारीरिक विकास के लिए सही पोषण, गर्भनिरोधक उपायों की आसानी से उपलब्धता और उनकी समुचित जानकारी प्रमुख हैं। इसके साथ ही पूरे देश में, खासकर ग्रामीण इलाकों में प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराए बगैर भी इन लक्ष्य को पाना संभव नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर इन्हीं चुनौतियों पर गहन विमर्श किया जाता है।

कोरोना संक्रमण काल में भी गर्भवती महिलाओं को मिला संरक्षण

कोरोना संक्रमण काल के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में हर महीने की नौवीं तारीख को गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व चेकअप, मुफ्त जांचें और दवा के साथ योजनाओं की जानकारी और इलाज मुहैया करवाने से बड़ा लाभ हुआ। इतना ही नहीं, जिन महिलाओं को डिलीवरी से पहले कोई समस्या आती है उन्हें पहले ही चिन्हित कर लिया जाएगा, इसलिए भी इस योजना का महत्व कोविड के दौरान बढ़ गया। कोरोना संक्रमण काल में आर्थिक तंगी के दौरान लोगों के पास इलाज करवाने की क्षमता नहीं थी ऐसे में यह योजना मुफ्त इलाज मुहैया करवाने में सक्षम सिद्ध हुई। इस समय अस्पतालों में कोरोना के मरीजों के चलते भीड़ है ऐसे में इस योजना के तहत अगर गर्भवती को रेफर करना पड़े तो वो सुविधा भी मिल जाती है। कोरोना काल के बीते एक-डेढ़ साल से परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हालातों में है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाले लोगों के लिए इलाज का खर्च उठा पाना भी मुश्किल है ऐसे में अगर सरकारी योजनाओं की जानकारी हो तो जरूरतमंदों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। ऐसी ही एक योजना है प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान। ये योजना गर्भवती महिलाओं के लिए बनाई गई है। कोविड- 19 के दौरान इसकी महत्ता और भी बढ़ गई है क्योंकि इस अभियान के तहत प्रसव पूर्व देखभाल सुनिश्चित की जाती है। अगर कोई महिला डिलीवरी से पहले किसी बीमारी या खतरे का शिकार है तो उसे समय रहते चिन्हित कर लिया जाता है। ये योजना साल 2016 में शुरू की गई थी।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान से देश में मातृ मृत्यु दर में कमी

मातृ मृत्यु दर में कमी के लिये भारत सरकार ने कई प्रभावी योजनाएं आरम्भ की हैं और प्रसूति के दौरान मौत को कम करने के लिए गंभीर प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश भी स्वास्थ्य प्रशासन को दिये हैं। इन योजनाओं ने न केवल समाज में जागरूकता फैलाकर महिलाओं का सशक्तिकरण किया गया है बल्कि उनकी जरूरतों को लेकर भी समाज और देश को संवेदनशील बनाया गया है। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सबसे प्रमुख है और इस अभियान से देश में मातृ मृत्यु दर में निश्चित रूप से कमी होगी। यह अभियान देश में तीन करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत लाभार्थियों को हर महीने की नौवीं तारीख को प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं (जांच और दवाओं सहित) का न्यूनतम पैकेज प्रदान किया जाता है। किसी माह में नौवीं तारीख को रविवार या राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस पर यह दिवस आयोजित किया जाता है। पिछले दिनों माननीय प्रधानमंत्रीजी ने मन की बात की एक कड़ी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के लक्ष्य और शुरुआत के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा निजी क्षेत्र के स्त्री रोग विशेषज्ञों और चिकित्सकों से उनकी स्वैच्छिक सेवाएं देने की अपील की। इस कार्यक्रम की शुरुआत इस आधार पर की गयी है कि भारत में हर एक गर्भवती महिला का चिकित्सा अधिकारी द्वारा परीक्षण एवं पीएमएसएमए के दौरान उचित तरीके से कम से कम एक बार जांच की जाए तथा इस अभियान का उचित पालन किया जाए, तो यह अभियान हमारे देश में होने वाली मातृ मृत्यु की संख्या को कम करने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और कवरेज में सुधार लाना है। इस संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए समस्त संचार पैकेज के साथ पीएमएसएमए वेब पोर्टल और मोबाइल एप की भी शुरुआत की गई है।

गर्भवती महिलाओं के लिए कुछ नई योजनाओं की घोषणा भी की गई, जिसमें प्रसूति सहायता योजना भी एक है। इस योजना की घोषणा प्रसूति मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयास के रूप में की गई थी। इस योजना के तहत वित्तीय सहायता गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जाती है। इसी प्रकार सरकार ने कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को बारह सप्ताह से बढ़ाकर छब्बीस सप्ताह कर दिया है, जिसमें औपचारिक क्षेत्र में काम करने वाली करीब अट्ठारह लाख महिलाओं को फायदा मिलेगा। इस संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया में शायद दो या तीन ही देश हैं, जो इस मामले में हमसे आगे हैं। इस महत्वपूर्ण फैसले का मूल उद्देश्य नवजात शिशु की देखभाल इस प्रकार करना है कि वो भारत का भावी नागरिक हैं। जन्म के प्रारंभिक काल में यदि उसकी सही देखभाल हो, माँ का उसको भरपूर प्यार मिले, तब ये शिशु बड़े होकर देश की अमानत बनेंगे। इसके अलावा भी केंद्र सरकार ने महिला और बच्चों की सुरक्षा और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं और कई योजनाओं की शुरुआत भी की है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, स्वच्छ भारत मिशन के जरिए भी भारत सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए न केवल कई प्रयास किए, बल्कि समाज में भी इनसे संबंधित संवेदनशील मुद्दों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने में भी सफल रही है। इससे समाज में महिलाओं के सम्मान के साथ-साथ उनके आत्मसम्मान में भी बढ़ोत्तरी हुई। साथ ही साथ बाल विवाह के खिलाफ मुहिम और महिला स्वास्थ्य व गर्भाधान को लेकर जागरूकता का भी असर दिखना शुरू हो गया है। हाल के वर्षों में देश ने अनेक सूचकांकों के बारे में महत्वपूर्ण प्रगति की है और देश में नवजात शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), मातृ मृत्यु दर (एमएमआर), कुल प्रजनन दर (टीएफआर) जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य संकेतकों में पर्याप्त प्रगति की है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में सरकार सुरक्षित मातृत्व के प्रति कितनी सचेष्ट है।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

सत्यमेव जयते

कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, दिल्ली
Office of Pr. Chief Commissioner of Income Tax, Delhi
केन्द्रीय राजस्व भवन, आई.पी. इस्टेट, नई दिल्ली – 110002
Vikas Bhawan, I-P- Estate, New Delhi – 110002

विषय: आयकर निरीक्षक, कर सहायक, आशुलिपिक ग्रेड II और मल्टी टास्किंग स्टाफ के पदों पर मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती - के सम्बन्ध में।

आयकर विभाग, दिल्ली क्षेत्र में आयकर निरीक्षक, कर सहायक, आशुलिपिक ग्रेड II और मल्टी टास्किंग स्टाफ के पदों पर नियुक्ति के लिए अनुलग्नक I में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के विवरण के अनुसार पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले मेधावी खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र अनुलग्नक –II के अनुसार (जैसा कि www.incometaxdelhi.org पद पर अपलोड किया गया है), 15.04.2021 को या उससे पहले (उत्तर पूर्वी राज्यों, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप, जम्मू और कश्मीर, केरल में अधिवासित उम्मीदवारों के लिए 30.04.2021) आयकर उपायुक्त (मुख्या.–कार्मिक) (अराजपत्रित), तीसरी मंजिल, कमरा नंबर 378 ए, केंद्रीय राजस्व भवन, आईपी एस्टेट, नई दिल्ली – 110002 को भेज सकते हैं ।

(विवेक नागरथ)
आयकर उपायुक्त
(मुख्या.–कार्मिक) (अराजपत्रित), नई दिल्ली।

कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, दिल्ली क्षेत्र में मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती

मुख्य आयकर आयुक्त, दिल्ली विभिन्न खेलों में मेधावी स्पोर्ट्सपर्सन की निम्नलिखित सूचीबद्ध पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है: –

क्र. सं.	पद	वेतनमान (पूर्व-संशोधित)	ग्रेड पे (पूर्व-संशोधित)
1	आयकर निरीक्षक	9300–34800	4600
2	कर सहायक	5200–20200	2400
3	आशुलिपिक ग्रेड II	5200–20200	2400
4	मल्टी टास्किंग स्टाफ	5200–20200	1800

ये पद अस्थायी हैं, लेकिन स्थायी होने की संभावना है। परिवीक्षा अवधि 2 वर्ष की है।

पात्रता की शर्तें:

01. आयु सीमा:

आयकर निरीक्षक के लिए : 18 से 30 वर्ष की आयु

कर सहायक/आशुलिपिक/के लिए

मल्टी टास्किंग स्टाफ : 18 से 27 वर्ष की आयु

आयु में छूट:: सामान्य/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष, SC/ST उम्मीदवारों के मामले में 10वर्ष (मेधावी खिलाड़ियों के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार)

नोट: आयु और शिक्षा सहित सभी पात्रता मानदंडों के लिए कट ऑफ डेट 31.12.2019 है

02. **आवश्यक शैक्षिक योग्यता**

1. आयकर निरीक्षकों के लिए:–
   (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से डिग्री·
2. कर सहायकों के लिए:–
   (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से डिग्री
   (ii) प्रति घंटे 8,000 की (key) डिप्रेशन की डेटा एंट्री स्पीड हो
3. आशुलिपिक ग्रेड II के लिए:–
   (i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12 वीं कक्षा पास या समकक्ष
   (ii) डिक्टेशन: 80 शब्द प्रति मिनट की दर से 10 मिनट
   (iii) प्रतिलेखन: 50 शब्द प्रति मिनट (अंग्रेजी) या 65 शब्द प्रति मिनट (हिंदी) (केवल कंप्यूटर पर)
4. मल्टी टास्किंग स्टाफ के लिए:–
   (i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10 वीं कक्षा पास या समकक्ष

03. **पदों की संख्या:**

(i) आयकर निरीक्षक 01 (ii) कर सहायक 04
(iii) आशुलिपिक ग्रेड II 03 (iv) मल्टी टास्किंग स्टाफ 06

04. **खेल योग्यता:**

निम्नलिखित मानदंडों के संदर्भ में मेधावी माने जाने वाले खिलाड़ी की नियुक्ति की जा सकती है: –

स्पोर्ट्सपर्सन ने प्रतिनिधित्व किया हो:

(i) पैरा 7 में वर्णित किसी भी खेल/खेल में राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे एक राज्य या देश का। या
(ii) पैरा 7 में उल्लिखित किसी भी खेल/खेल में इंटर–यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा आयोजित इंटर–यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में अपने विश्वविद्यालय का। या
(iii) पैरा 7 में वर्णित किसी भी खेल/खेल में ऑल इंडिया स्कूल गेम्स फेडरेशन द्वारा संचालित स्कूलों के लिए राष्ट्रीय खेल / खेलों में राज्य स्कूलों की टीमों का। या
(iv) स्पोर्ट्सपर्सन जिन्हें शारीरिक दक्षता अभियान के तहत शारीरिक दक्षता में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

नोट: पूर्वोक्त पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले खिलाड़ियों की योग्यता, ऊपर दी गई वरीयता के क्रम में मानी / तय की जाएगी। इसके अलावा, उन मौजूदा खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने मान्यता प्राप्त खेल महासंघ के टूर्नामेंट में पिछले तीन वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है।

नोट: कैलेंडर वर्ष (अवरोही क्रम में) 2019, 2018, 2017, 2016 और उसके बाद 01.04.2015 के बाद के तीन प्रदर्शनों में से सबसे अच्छे प्रदर्शन के मूल्यांकन पर विचार किया जाएगा।

05. **खेलों / खेलों में मैरिट के समर्थन में साक्ष्य।**

यहां केवल निम्न उल्लिखित अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए प्रमाणपत्रों को आवेदक की पात्रता पर विचार करते हुए उपरोक्त किसी भी खेल स्पर्धा/खेल में प्रतियोगिताओं में भाग लेने के समर्थन में साक्ष्य के रूप में लिया जाएगा। एक उम्मीदवार, जो आवेदन पत्र के साथ यहां निम्न उल्लेखित अधिकारियों में से किसी एक द्वारा जारी किए गए कम से कम एक प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रतियों को प्रस्तुत पाता है तो उसे आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

क्र.सं.	प्रतियोगिता	प्रमाण पत्र प्रदान करने वाले प्राधिकारी
1	अन्तर्राष्ट्रीय	संबंधित खेल के राष्ट्रीय संघ के सचिव।
2	राष्ट्रीय	संबंधित खेल के राष्ट्रीय महासंघ के सचिव या राज्य संघ के सचिव।
3	अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट	स्पोर्ट्स के डीन या संबंधित विश्वविद्यालय के खेल के समग्र प्रभार के अन्य अधिकारी।
4	स्कूल के लिए राष्ट्रीय	राज्य के सार्वजनिक निर्देश/शिक्षा निदेशालय में स्कूलों के स्पोर्ट्स/खेल लिए खेल/खेल के समग्र प्रभार में निदेशालय में अपर/संयुक्त या उप निदेशक।
5	शारीरिक दक्षता अभियान	भारत सरकार के शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में शारीरिक दक्षता के समग्र प्रभार में सचिव या अन्य अधिकारी।

06. **उम्मीदवारों का चयन:**

उपरोक्त क्र.सं. 2 पर दी गई योग्यता को पूरा करने के आधार पर आवेदनों की जांच की जाएगी और उपयुक्त उम्मीदवारों को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। चयन के लिए छांटे व सूचीबद्ध किए गए उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए उपस्थित होंगे और यदि आगे आवश्यकता हुआ तो खिलाड़ियों को मैदान / प्रवीणता परीक्षा से भी गुजरना पड़ सकता है।

उपरोक्त परीक्षण में सफलता नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं देती है जब तक कि विभाग इस तरह की जांच के बाद जो आवश्यक हो, से संतुष्ट न हो कि उम्मीदवार इस पद पर नियुक्ति के लिए सभी तरह से उपयुक्त है।

07. आवेदन के लिए पूर्व–निर्धारित खेलों / खेल की सूची शामिल हैं:–

क्र.सं.	खेल	टिप्पणी / स्थिति
1	एथलेटिक्स	1 पुरुष 100 मीटर बाधा दौड़।
		1 पुरुष 800/1500 मीटर।
		1 पुरुष डिस्कस् थ्रो/शॉट पुट।
2	कबड्डी	1 पुरुष (लेफ्ट कॉर्नर)
3	फुटबॉल	3 पुरुष (एक डिफेंडर, एक स्ट्राइकर और एक हॉफ)
4	हॉकी	1 पुरुष (गोलकीपर)
		1 महिला (फॉरवर्ड)
5	गोल्फ़	1 पुरुष
6	बॉडी बिल्डर	1 पुरुष (80 किलोग्राम से ऊपर की श्रेणी)
7	क्रिकेट	3 पुरुष (1 मध्यम/तेज़ गेंदबाज़, 1 मध्यम/तेज़ गेंदबाज़ सह ऑल राउंडर और 1 विकेट कीपर सह बल्लेबाज)

नोट: यदि उपरोक्त खेलों/खेलों में से उपयुक्त उम्मीदवार किसी में भी उपलब्ध नहीं हैं, तो विभाग इस तरह के खेल/खेल पर विचार नहीं करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा और डी.ओ.पी.टी. द्वारा अधिसूचित का.ज्ञा. सं. 14015/1/76–स्था.(डी), दिनांक 4 अगस्त, 1980 के अनुलग्नक 'ए', पैरा 1 का.ज्ञा.. सं. 14034/4/85–स्था. (डी) दिनांक 18 सितंबर, 1985, का.ज्ञा. सं. 14034/1/91–स्था. (डी) दिनांक 21 मार्च, 1991 के परिशिष्ट और पैरा 3 का.ज्ञा.. संख्या 14034/1/2009–स्था.(डी) दिनांक 24 नवंबर, 2009 के अनुसार इस तरह के खेल/खेल के लिए आरक्षित रिक्तियों को किसी भी शेष खेल/खेल में आबंटित करेगा।

08. आवेदन कैसे करें: आवेदन निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए: आयकर उपायुक्त (मुख्या.कार्मिक), कमरा नंबर 378 ए, सी. आर. बिल्डिंग, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली –110 002 को डाक से/दस्ती से 15.04.2021 को या उससे पहले (उत्तर पूर्वी राज्यों, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप, जम्मू और कश्मीर, केरल में अधिवासित उम्मीदवारों के लिए 30.04.2021)

लिफाफे पर भी स्पष्ट रूप से लिखें:

"स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत निरीक्षक/कर सहायक/आशुलिपिक ग्रेड II/मल्टी टास्किंग स्टाफ़ के लिए आवेदन।

खेल का नाम ———————— "

09. नियुक्ति पर उम्मीदवार दिल्ली क्षेत्र में किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकेंगे

10. आवेदक निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों को संलग्न करेगा:
   (i) उम्र के प्रमाण के लिए मैट्रिकुलेशन/एसएससी या समकक्ष प्रमाण पत्र।
   (ii) शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र।
   (iii) उपरोक्त क्र.सं.5 पर उल्लिखित खेल/खेल प्रमाण पत्र।
   (iv) एससी/एसटी/ओबीसी जाति प्रमाण पत्र।

सत्यमेव जयते

कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, दिल्ली
Office of Pr. Chief Commissioner of Income Tax, Delhi
केन्द्रीय राजस्व भवन, आई.पी.इस्टेट, नई दिल्ली – 110002
Vikas Bhawan, I-P- Estate, New Delhi – 110002

(v) आधार कार्ड की प्रति

उम्मीदवार को 31.12.2019 को संबंधित पद के लिए अपेक्षित योग्यता होनी चाहिए। इसके अलावा, राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ को भी आवेदन पत्र पर चिपकाया जाना चाहिए।

11. खेल व्यक्ति जो पहले से ही केंद्र सरकार या राज्य सरकार या पीएसयू में कार्यरत हैं, उन्हें वर्तमान नियोक्ता से एक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्रस्तुत करना चाहिए जिसे आवेदन के साथ संलग्न किया जाए।

12. चयनित उम्मीदवारों को दिल्ली क्षेत्र में ही नियुक्त किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार भारत सरकार के मौजूदा निर्देशों के अनुसार 2 साल या इस प्रकार निर्धारित अवधि के लिए परिवीक्षा पर होंगे। विभाग की ओर से टूर्नामेंट में उसकी/उसकी भागीदारी भी उसकी परिवीक्षा की घोषणा में एक निर्णायक कारक होगी। चयनित उम्मीदवार को तय किए गए टूर्नामेंट/मीट्स में कम से कम 10 वर्षों के लिए आयकर विभाग, दिल्ली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना होगा । चयनित उम्मीदवारों को 10 वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए ऋण के आधार पर इंटर चार्ज ट्रांसफर या ट्रांसफर के लिए आवेदन नहीं करने का वचन देना होगा।

13. प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, दिल्ली क्षेत्र के तहत किसी भी स्थान पर काम करने के आशय की घोषणा, आवेदन के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए।

14. चयनित उम्मीदवारों की सेवाएँ जहाँ तक खेल गतिविधियों और लीव मैनेजमेंट आदि में भागीदारी है, DOPT के का.ज्ञा.सं.6/1/85–स्था. (पे I) दिनांक 16 जुलाई 1985 में दी गई शर्तों के सख्ती से पूर्ति के आधीन है।

15. विधिवत हस्ताक्षरित और सभी तरह से पूर्ण आवेदन 15.04.2021 तक डाक/दस्ती द्वारा (30.04.2021 उत्तर पूर्वी राज्यों, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप, जम्मू और कश्मीर, केरल में अधिवासित उम्मीदवारों के लिए) अधोहस्ताक्षरित के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए।

16. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। अधूरा, अहस्ताक्षरित और अनुलग्नक के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा और आवेदक के साथ इस मामले में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। उपरोक्त परीक्षण और साक्षात्कार के लिए योग्य उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा। परीक्षण और साक्षात्कार के लिए तिथि और स्थान के बारे में सूचना अधिकृत अधिकारी द्वारा नियत समय में पात्र उम्मीदवारों को दे दी जाएगी।

17. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार के प्रचार के लिए उसका/उसकी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

18. प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, दिल्ली को बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार है।

19. किसी भी टाई की स्थिति में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, दिल्ली का निर्णय अंतिम होगा।

16/03/2021

अधो/–

आयकर उपायुक्त
(मुख्या.–कार्मिक) (अराजपत्रित), नई दिल्ली।

अनुलग्नक-II

निरीक्षक/कर सहायक/अशुलिपिक ग्रेड– II/मल्टी टास्किंग स्टाफ के पद के लिए आवेदन

पद के लिए आवेदन

आयकर निरीक्षक	
कर सहायक	
आशुलिपिक ग्रेड II	
मल्टी टास्किंग स्टाफ	

उम्मीदवार का नवीनतम पास–पोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ

हस्ताक्षर

(ऊपर दिए गए बाक्स में कृपया अपनी पसंद को 1,2,3,4 के रूप में चिह्नित करें . यदि किसी पद के लिए आवेदन नहीं किया जा रहा है, तो कृपया उस पद के सामने (×) चिह्नित करें। यदि कोई व्यक्ति किसी विशेष पद के लिए योग्य नहीं पाया जाता है, तो उसका अगला पसंदीदा पद पर विचार किया जाएगा। रिक्त कॉलम को (×) माना जाएगा।

(कृपया कैपिटल लेटर्स में काली स्याही से फॉर्म भरें)

A)	पूरा नाम (पहले उपनाम)	
B)	पिता का नाम	
C)	लिंग (पुरुष/महिला)	
D)	स्थायी आवासीय पता	
E)	संचार के लिए पता	
F)	जन्म तिथि (दिन/महीना/वर्ष)	
G)	आयु (01–08–2020 को)	
H)	चाहे जनरल/ओबीसी/एससी/एसटी	
I)	शैक्षिक योग्यता	
J)	खेल घटना / खेल (साथ में विस्तृत जानकारी दें प्रमाणित प्रतिलिपियां)	
k)	सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का विवरण: (कृपया सबूत संलग्न करें)	
	I) अंतर्राष्ट्रीय (घटना का नाम, वर्ष और महीना जब आयोजन किया गया था और स्थिति सुरक्षित है)	
	II) राष्ट्रीय (घटना का नाम, वर्ष और महीना जब आयोजन किया गया था और स्थिति सुरक्षित है)	
L)	नवीनतम प्रदर्शन का विवरण (संलग्न होने का प्रमाण)	
M)	प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज:	
	A) ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट विश्वविद्यालय की अंकसूची और प्रमाण पत्र (जैसा लागू हो)	
	B) आयु प्रमाण (मैट्रिक प्रमाण पत्र के अनुसार)	
	C) स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट	
	D) जाति प्रमाण पत्र (ओबीसी/एससी/एसटी के मामले में)	
N)	टेलीफोन नं.।	
O)	ई–मेल आईडी, यदि कोई हो।	

घोषणा:-

मैं इस बात की घोषणा करता हूं कि इस एप्लिकेशन में दिए गए सभी कथन मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार पूर्ण और सही हैं। मैं समझता हूं कि परीक्षण / साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी सूचना के गलत या गलत होने या अयोग्य होने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति को रद्द / समाप्त किए जाने के लिए उत्तरदायी है। मैंने इस पद के लिए कोई अन्य आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है। मुझे पता है कि अगर मैं इस नियम का उल्लंघन करता हूं, तो विभाग द्वारा मेरे आवेदन को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

मैं आगे घोषणा करता हूं कि मैं पद के लिए निर्धारित आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता और खेल योग्यता आदि के बारे में पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करता हूं।

स्थान:

उम्मीदवार का हस्ताक्षर

दिनांक:

पूरा नाम

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

'ऊर्जानिधि', 1, बाराखंबा लेन, नई दिल्ली - 110 001

वेबसाइट : www.pfcindia.com

सीआईएन : L65910DL1986GOI024862

विज्ञापन सं. : 01/2021

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), विद्युत क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली एक नवरत्न कंपनी को अपने समझौता ज्ञापन लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत सरकार द्वारा निरन्तर 'उत्कृष्ट' का दर्जा प्रदान किया गया है। पीएफसी विद्युत क्षेत्र के सामने आ रही चुनौतियों का सामना करने हेतु तैयार है। मानव क्षमता संसाधनों के संवर्धन के लिए पीएफसी को अपनी विभिन्न इकाइयों हेतु ऊर्जावान, प्रतिबद्ध एवं आत्म-प्रेरित प्रोफेशनल्स की आवश्यकता है :

क्र. सं.	पद	*वेतनमान	कुल रिक्तियाँ	आरक्षण	योग्यता	अनुभव एवं आयु सीमा
1.	सहायक अधिकारी (इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट) / ई0	₹ 30000-3%-120000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	01	अपिव (एनसीएल) - 01	न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री एम.एससी (आईटी)/आईटी क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (न्यूनतम 2 वर्षों का)। **अथवा** न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री एम.कॉम/एम.एससी तथा आईटी क्षेत्र में प्रमाण पत्र/डिप्लोमा/विशेष कोर्स (न्यूनतम अवधि 1 वर्ष)	निम्नलिखित क्षेत्र में नॉन-एक्जीक्यूटिव/सुपरवाइजरी स्तर के रूप में न्यूनतम 4 वर्ष का कार्य अनुभव : **स्किल सेट और विशेषज्ञता :** (क) सर्वर एडमिनिस्ट्रेशन। (ख) नेटवर्क ऑपरेशन्स। (ग) आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट। अधिकतम आयु सीमा : 34 वर्ष
2.	सहायक अधिकारी (एप्लीकेशन डेवलपमेंट) / ई0	₹ 30000-3%-120000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	01	अनारक्षित - 01	न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री एम.एससी (आईटी)/आईटी क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (न्यूनतम 2 वर्षों का)। **अथवा** न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री एम.कॉम/एम.एससी तथा आईटी क्षेत्र में प्रमाण पत्र/डिप्लोमा/विशेष कोर्स (न्यूनतम अवधि 1 वर्ष)	निम्नलिखित क्षेत्र में नॉन-एक्जीक्यूटिव/सुपरवाइजरी स्तर के रूप में न्यूनतम 4 वर्ष का कार्य अनुभव : **स्किल सेट और विशेषज्ञता :** (क) एएसपी.नेट (विजुअल स्टुडियो 2010 या ऊपर) और एचटीएमएल5/सीएसएस3/जावा स्क्रिप्ट/जेक्वेरी में एक्सपोजर। (ख) ऑरेकल आरडीबीएमएस (10जी या अधिक) में एक्सपोजर। अधिकतम आयु सीमा : 34 वर्ष
3.	सहायक प्रबंधक (आईटी सिक्योरिटी) / ई3	₹ 60000-3%-180000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	01	अनारक्षित - 01	सीएस/आईटी में बी.ई./बी.टेक. अथवा एमसीए/पीजीडीसीए (3 वर्ष) योग्यता स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर, जैसा लागू हो, में न्यूनतम 60% अंकों के साथ पूर्णकालिक होनी चाहिए।	निम्नलिखित क्षेत्र में एक्जीक्यूटिव स्तर में न्यूनतम एक वर्ष का योग्यता पश्चात पूर्णकालिक कार्य अनुभव : **स्किल सेट और विशेषज्ञता :** आईटी नेटवर्क एवं सिक्योरिटी, एडमिनिस्ट्रेशन, एसओसी एवं एनओसी ऑपरेशन, लैन/वैन एडमिनिस्ट्रेशन। नेटवर्क सिक्योरिटी कम्पोनेंट्स का इंस्टॉलेशन, कॉन्फिग्यूरेशन एवं प्रबंधन। अधिकतम आयु सीमा : 31 वर्ष
4.	उप प्रबंधक (डिजास्टर रिकवरी) / ई4	₹ 70000-3%-200000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	01	अनारक्षित - 01	एमबीए/एम.ई./एम.टेक. (सीएस/आईटी/ई एंड सी/इलेक्ट्रॉनिक्स) में।	निम्नलिखित क्षेत्र में एक्जीक्यूटिव स्तर में न्यूनतम चार वर्ष का योग्यता पश्चात पूर्णकालिक कार्य अनुभव : **स्किल सेट और विशेषज्ञता :** (क) सर्वर्स, वर्चुएलाइजेशन, स्टोरेज, बैकअप प्रबंधन का एडमिनिस्ट्रेशन। (ख) डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट एडमिनिस्ट्रेशन, क्लाउड कॉन्फिग्यूरेशन, डीआर ड्रिल्स, आदि। (ग) आईटी प्रोक्योरमेंट/निविदा प्रक्रियाओं में परियोजना प्रबंधन, अनुबंध प्रबंधन, विशेषज्ञता। अभ्यर्थी ने ₹ 60000-3%-180000 के वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष के लिए कार्य किया हो। निजी क्षेत्र में काम करने वाले अभ्यर्थियों ने न्यूनतम एक वर्ष के लिए ₹ 1,06,000/- प्रति माह की न्यूनतम सीटीसी में काम किया हो। अधिकतम आयु सीमा : 34 वर्ष
5.	उप अधिकारी (विधिक) / ई1	₹ 40000-3%-140000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	02	अनारक्षित - 02	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ एलएलबी (3 वर्ष) सहित किसी भी विषय में स्नातक। या न्यूनतम 55% अंकों के साथ 5 वर्ष का एकीकृत कानून पाठ्यक्रम	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक / वित्तीय संस्थान, राज्य, केंद्रीय सरकार, न्यायिक, अर्ध-न्यायिक निकायों, न्यायाधिकरणों, आयोगों, किसी अन्य संस्था, स्वायत्त निकायों आदि के विधि विभाग के साथ न्यूनतम दो वर्ष काम करने का अनुभव। **वरीयता :** बिजली के कानून और विनियामक कानून, कंपनी के कानून, संपत्ति और संविदाओं का हस्तांतरण, आरडीडीबीएफआई अधिनियम, एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, दिवालियापन और दिवालिया संहिता का ज्ञान होना। हस्तांतर-लेखन, वित्तपोषण और प्रतिभूति दस्तावेजों, गारंटी और संविदाओं, भूमि / निगम यथोचित कार्रवाई के प्रारूप तैयार करने का अनुभव होना। अधिकतम आयु सीमा : 32 वर्ष
6.	उप अधिकारी (मानव संसाधन) / ई1	₹ 40000-3%-140000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	01	अपिव (एनसीएल) - 01	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से कार्मिक प्रबंधन / मानव संसाधन में न्यूनतम दो वर्ष के डिप्लोमा के साथ कोई भी स्नातक डिग्री (स्नातक और डिप्लोमा दोनों में न्यूनतम 55% अंक)	कर्मचारी संबंध, भर्ती, श्रम कानून, क्रीड़ा और खेल, अन्य सरकारी एजेंसियों से समन्वय, नीति, पारिश्रमिक और अन्य कार्मिक से संबंधित स्थापना मामलों के क्षेत्र में मानव संसाधन / कार्मिक प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं में किसी भी पीएसयू / बैंक / प्रतिष्ठित कंपनी के मानव संसाधन विभाग में सुपरवाइजरी / नॉन-एक्जीक्यूटिव स्तर पर न्यूनतम चार वर्ष का अनुभव। अभ्यर्थी के पास उत्कृष्ट संचार और नेटवर्किंग / समन्वय / लाइजनिंग कौशल होना चाहिए और एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल और पीपीटी) पर काम करने का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। अधिकतम आयु सीमा : 34 वर्ष
7.	प्रबंधक / ई5	₹ 80000-3%-220000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	02	अनारक्षित - 01/ अनुसूचित जनजाति - 01	सीए / सीएमए और किसी भी विषय में स्नातक या बी.कॉम या बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन/यांत्रिक/विनिर्माण/औद्योगिक/उत्पादन/बिजली/ऊर्जा या इन विशेषज्ञताओं का कोई भी संयोजन) और वित्त में विशेषज्ञता के साथ 2 वर्षीय एमबीए / पीजीपी / पीजीडीएम / पीजीडीबीएम / पीजीडीबीए पाठ्यक्रम।	कॉर्पोरेट क्रेडिट, रिस्क मैनेजमेंट, मार्केट रिस्क और / या लिक्विडिटी मैनेजमेंट और / या ऑपरेशनल रिस्क को समझने, प्रोजेक्ट अप्रेजल, ड्यू डिलिजेंस और रिस्क असेसमेंट में बैंकों / एफआई में न्यूनतम 7 वर्ष का योग्यता-पश्चात अनुभव। **जॉब का विवरण :** अभ्यर्थी को क्रेडिट रिस्क, प्रोजेक्ट और ऑपरेशनल रिस्क के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान और विशेषज्ञता होनी चाहिए। उसे परियोजनाओं की स्क्रीनिंग, निधियों के संवितरण और जोखिम प्रबंधन संस्कृति के निर्माण के अलावा जोखिम के शमन की जानकारी भी होनी चाहिए। अभ्यर्थी ने ₹ 70,000-3%-2,00,000 के वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष के लिए काम किया हो। निजी क्षेत्र में काम करने वाले अभ्यर्थियों ने न्यूनतम एक वर्ष के लिए न्यूनतम ₹ 1,24,000/- प्रति माह के सीटीसी पर अवश्य काम किया हो। अधिकतम आयु सीमा : 37 वर्ष
8.	प्रबंधक (राजभाषा) / ई5	₹ 80000-3%-220000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	01	अनारक्षित - 01	स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में स्नातकोत्तर या इसके विपरीत; या किसी भी विषय में हिंदी माध्यम के साथ स्नातकोत्तर और स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी या इसके विपरीत। और हिंदी से अंग्रेजी और इसके विपरीत अनुवाद में डिग्री या डिप्लोमा या केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाने वाला 3 महीने का अनुवाद कोर्स।	भारतीय संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित एक केंद्रीय / राज्य सरकार विभाग / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में योग्यता-पश्चात न्यूनतम सात वर्षों का अनुभव। अभ्यर्थी ने ₹ 70,000-3%-2,00,000 के वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष के लिए काम किया हो। निजी क्षेत्र में काम करने वाले अभ्यर्थियों ने न्यूनतम एक वर्ष के लिए न्यूनतम ₹ 1,24,000/- प्रति माह के सीटीसी पर अवश्य काम किया हो। अधिकतम आयु सीमा : 37 वर्ष

9.	उप प्रबंधक (जन संपर्क) / ई4	₹ 70000-3%-200000 (आईडीए वेतन पैटर्न पर)	01	अपिव (एनसीएल) - 01	जन संपर्क / जन संचार / पत्रकारिता में दो वर्ष की अवधि की स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा या सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन भारतीय जनसंचार संस्थान से पत्रकारिता (रेडियो और टीवी पत्रकारिता / विज्ञापन और पीआर / अंग्रेजी पत्रकारिता) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स	सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में जन संपर्क/निगम संचार भूमिका में न्यूनतम चार वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव। अभ्यर्थी को सोशल मीडिया टूल्स, मीडिया और संचार कार्यनीतियों के सभी रूपों की अच्छी समझ, आंतरिक पत्रिका, समाचार पत्र, समाचार-पत्र लेख, प्रेस-विज्ञप्ति, आदि के लिए रचनात्मक लेखन कौशल, अच्छे मीडिया संबंध, प्रदर्शनियों / कार्यक्रमों के आयोजन में अनुभव, कॉर्पोरेट फिल्मों, कॉफी टेबल बुक्स, वार्षिक रिपोर्ट, आदि का निर्माण, विज्ञापन एजेंसियों का एम्पैनलमेंट, कॉर्पोरेट विज्ञापनों के लिए रचनात्मक विचार प्रस्तुत करने की क्षमता, मीडिया, पीआईबी और एमओपी, आदि के साथ संपर्क के बारे में अच्छी जानकारी होनी चाहिए। अभ्यर्थी ने ₹ 60,000-3%-1,80,000 के वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष के लिए काम किया हो। निजी क्षेत्र में काम करने वाले अभ्यर्थियों ने न्यूनतम एक वर्ष के लिए न्यूनतम ₹ 1,06,000/- प्रति माह के सीटीसी पर अवश्य काम किया हो। अधिकतम आयु सीमा : 34 वर्ष

प्रतिकर पैकेज :

कंपनी द्वारा प्रतिकर पैकेज दिया जाता है जिसमें मूल वेतन और महंगाई भत्ता (आईडीए वेतन पैटर्न पर) के साथ लीज़ आवास, वाहन प्रतिपूर्ति, चिकित्सा सुविधाएं, सामूहिक बीमा, सीपीएफ, ग्रेच्युटी और अन्य अनुषंगी लाभ शामिल हैं। निष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी) का नियमों के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

पद	स्थायी परिलब्धियाँ		
	न्यूनतम मूल वेतन	मूल वेतन का न्यूनतम (न्यूनतम मूल वेतन + महंगाई भत्ता (18.40%) + एचआरए (24%) + 35% अनुलब्धियाँ और भत्ते)	अन्य लाभ
सहायक अधिकारी/ई0	₹ 30,000/-	₹ 53,000/-	एचआरए के स्थान पर लीज, मासिक वाहन प्रतिपूर्ति, वर्दी प्रतिपूर्ति, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, निष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी), सेवानिवृत्ति लाभ 30% की दर पर।
उप अधिकारी/ई1	₹ 40,000/-	₹ 71,000/-	
अधिकारी/ई2	₹ 50,000/-	₹ 89,000/-	
सहायक प्रबंधक/ई3	₹ 60,000/-	₹ 1,06,000/-	
उप प्रबंधक/ई4	₹ 70,000/-	₹ 1,24,000/-	
प्रबंधक/ई5	₹ 80,000/-	₹ 1,42,000/-	

छूटें / रियायतें :

- *उपरोक्त उल्लिखित सभी मानदंड सामान्य श्रेणी अभ्यर्थियों के लिए हैं, जबकि सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु, अनुभव, योग्यता में अंकों के प्रतिशत, आदि में छूट अनु. जाति/अनु. जनजाति/अ. पि. वर्ग/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों के लिए लागू होंगी। ऐसे व्यक्ति जिनकी सम्बद्ध अक्षमता 40% से कम की न हो, केवल वे ही पीडब्ल्यूबीडी आरक्षण के लाभ हेतु पात्र होंगे।
- जो अभ्यर्थी आरक्षित श्रेणी के हैं लेकिन अनारक्षित पदों हेतु आवेदन कर रहे हैं, उन्हें अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में श्रेणी प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा।
- आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार के निर्दिष्ट प्रारूप में जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र जमा करने होंगे। इसके अलावा अ. पि. वर्ग - एनसीएल (अ. पि. वर्ग - नॉन क्रीमी लेयर) अभ्यर्थियों को भारत सरकार/केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति में आरक्षण के लिए लागू संशोधित प्रारूप में एक वैध जाति प्रमाणपत्र जमा करना होगा, जो सक्षम प्राधिकारी की ओर से डीओपीटी ज्ञापन संख्या 36036/2/2013 - एस्टे. (रेजी.) दिनांक 30 मई, 2014 में दिया गया है। संशोधित प्रारूप हमारी वेबसाइट **www.pfcindia.com** (कैरियर पेज) से भी डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, अ. पि. वर्ग - एनसीएल अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय बुलाए जाने पर एक वचन पत्र देना होगा कि वे अ. पि. वर्ग - नॉन क्रीमी लेयर से संबंध रखते हैं।
- अ. पि. वर्ग अभ्यर्थी जो "क्रीमी लेयर" से संबंध रखते हैं, उन्हें अ. पि. वर्ग - एनसीएल अभ्यर्थियों को देय रियायत की पात्रता नहीं होगी और उन्हें अपनी श्रेणी सामान्य दर्शानी होगी।
- यदि अनु. जाति/अनु. जनजाति/अ. पि. वर्ग/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है तो अभ्यर्थियों को अंग्रेजी या हिंदी में इसकी स्वयं प्रमाणित अनुवादित प्रति जमा करनी होगी।
- भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में अनु. जाति और अनु. जनजाति श्रेणी के लिए 5 वर्ष, अ. पि. वर्ग – एनसीएल श्रेणी के लिए 3 वर्ष, 'अनारक्षित श्रेणी के पीडब्ल्यूबीडी' के लिए 10 वर्ष, 'अ. पि. वर्ग – एनसीएल श्रेणी के पीडब्ल्यूबीडी' के लिए 13 वर्ष और 'अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के पीडब्ल्यूबीडी' के लिए 15 वर्ष तक की छूट है।
- जम्मू और कश्मीर में 01.01.1980 से 31.12.1989 के बीच निवास करने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष तक की छूट होगी।
- अनु. जाति, अनु. जनजाति एवं पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित रिक्तियों के मामले में योग्यता में न्यूनतम अंकों के प्रतिशत में छूट का मानक उत्तीर्ण ग्रेड होगा।

सामान्य शर्तें :

1. सभी योग्यताएं भारत में एआईसीटीई/यूजीसी/उपयुक्त सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से पूर्णकालिक होनी चाहिएं। तथापि, क्रम सं. 1, 2 एवं 6 पर उल्लिखित रिक्तियों हेतु दूरस्थ माध्यम से प्राप्त योग्यता की भी अनुमति होगी।
2. सरकारी/अर्ध सरकारी संगठनों/पीएसयू के अभ्यर्थी को सामान्य रूप से अपना आवेदन उचित माध्यम द्वारा भेजना होगा। तथापि, कठिनाई की स्थिति में, वे अपने आवेदन सीधे भेज सकते हैं और चयन प्रक्रिया हेतु उनको शॉर्टलिस्ट किए जाने पर उन्हें अपने संस्थान से दिया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. अधूरे आवेदन या विलंब से प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
4. आयु/न्यूनतम अनुभव आवश्यकता/योग्यता की सभी गणनाएँ **अप्रैल 23, 2021** (विज्ञापन की अंतिम तिथि) के संदर्भ में की जाएंगी। परिणामों की घोषणा/अंक सूची जारी करने की तिथि योग्यता प्राप्त करने की तिथि मानी जाएगी और इस विषय में कोई छूट नहीं होगी। योग्यता पश्चात पद/स्तर पर अनुभव, केवल कार्यभार संभालने की तिथि से गिना जाएगा।
5. केवल इस वजह से कि यदि किसी अभ्यर्थी ने विज्ञापन के अनुसार अपना आवेदन जमा किया है और वह विज्ञापन में निर्धारित मानदण्ड पूरे करता है तो इससे अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने/चयन प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार नहीं मिलेगा।
6. यदि आवश्यकता होती है तो अगली सूचना दिए बिना और इसका कोई कारण बताए बिना इस विज्ञापन में दर्शायी गई कुल अनुमानित रिक्तियों की संख्या पीएफसी प्रबंधन के निर्णय पर बढ़ाई/घटाई/रद्द की जा सकती है।
7. पीएफसी के लिए विज्ञापित पदों की तैनाती पीएफसी की किसी भी यूनिट/परियोजना/क्षेत्रीय कार्यालय/संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनी में की जा सकती है। सभी पद प्रबंधन के एकमात्र निर्णय पर स्थानांतरणीय हैं।
8. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी अभ्यर्थियों को यात्रा का टिकट/प्रमाण प्रस्तुत करने पर कॉर्पोरेशन के नियमानुसार लघुतम मार्ग का एक बार आने और जाने का किराया दिया जाएगा।
9. राष्ट्रीयता के संदर्भ में पात्रता निगम की मौजूदा नीति के अनुसार होगी। किसी पद के लिए आवेदन करते समय आवेदक को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह उपरोक्त उल्लिखित पात्रता और अन्य मानकों को निर्दिष्ट तिथियों पर पूरा करता है और उसके द्वारा प्रस्तुत सभी विवरण हर प्रकार से सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण पर पता लगता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानकों को पूरा नहीं करता है और/या उसने असत्य/झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या उसने किसी सामग्री तथ्य(यों) को छुपाया है तो उसकी अभ्यर्थिता स्वतः रद्द हो जाएगी। यदि उपरोक्त में से कोई भी कमी नियुक्ति के बाद भी पता लगती है तो उसकी सेवाएं कोई सूचना दिए बिना समाप्त कर दी जाएंगी।
10. इस विज्ञापन और/या इसके उत्तर में जमा किए गए किसी आवेदन से उत्पन्न होने वाले किसी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्रवाई केवल दिल्ली में की जा सकती है तथा केवल दिल्ली के न्यायालयों/ट्रिब्यूनलों/फोरम के पास ऐसे मामले/विवाद पर कार्रवाई करने का एकमात्र और विशिष्ट न्यायाधिकार है।
11. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी संस्करण में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
12. कंपनी के नियमों के अनुसार, उपरोक्त पदों के लिए बड़ी संख्या में शॉर्टलिस्ट किए हुए आवेदन प्राप्त होने पर लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है।
13. किसी भी ऐसे व्यक्ति को नियुक्ति की पात्रता नहीं होगी जिसे पहले कॉर्पोरेशन की सेवा से या राज्य अथवा केन्द्र सरकार के किसी विभाग से या स्थानीय प्राधिकरण से या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम से या स्वायत्तशासी कॉर्पोरेशन से बर्खास्त किया गया हो, निकाला गया हो या अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया हो। इसके अतिरिक्त, कॉर्पोरेशन के ऐसे कार्मिक, जिन्होंने कॉर्पोरेशन की सेवा से त्यागपत्र दे दिया है, वे भी पुनः नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं।
14. यदि कोई व्यक्ति नैतिक कदाचार सहित किसी भी प्रकार के अपराध के लिए कानून की अदालत में अभियोजित हो चुका है तो वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।
15. कोई ऐसा अभ्यर्थी जिसके एक से अधिक जीवित जीवन साथी हैं या जिसने जीवन साथी के जीवित रहते हुए एक अन्य विवाह में संविदा की है जो उक्त जीवन साथी के जीवनकाल के दौरान किसी कारण से निरर्थक हो गया है, उसे कॉर्पोरेशन में किसी भी पद पर नियुक्ति की पात्रता नहीं होगी, सिवाए इसके, जहां केन्द्र सरकार के नियमों के तहत ऐसे कार्मिकों को अनुमति दी गई है।

आवेदन कैसे करें :

1). आवेदन भरने से पूर्व, कृपया सुनिश्चित कर लें कि विज्ञापन के अनुसार आप पद हेतु पात्र हैं तथा सभी योग्यताएँ एवं अनुभव रखते हैं।

2). पात्र आवेदकों को **अप्रैल 03, 2021 को 1000 बजे से अप्रैल 23, 2021 को 1700 बजे तक** पीएफसी की वेबसाइट अर्थात **www.pfcindia.com** (कैरियर पेज) के माध्यम से पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

3). मूलभूत जानकारी, योग्यता, अनुभव के सफल पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थी को निम्नलिखित स्वयं-सत्यापित दस्तावेज अपलोड करने होंगे :
क. जन्मतिथि का प्रमाण (दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र), ख. विशेषज्ञता/प्रतिशत/योग्यता का माध्यम के समर्थन में योग्यता डिग्रियाँ, अंक तालिकाएँ एवं कोई अन्य प्रमाण पत्र, यदि आवश्यकता हो, ग. अनुभव एवं अंतिम वेतन पर्ची प्रमाण पत्र, घ. श्रेणी प्रमाण पत्र अनु.जाति/अनु.जनजाति/अ.पि. वर्ग (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी (यदि लागू हो), ड. 01 जनवरी 1980 से 31 दिसम्बर 1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के निवासी (यदि लागू हो), च. हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करें।

4). दस्तावेजों को सफलतापूर्वक अपलोड करने के पश्चात, आवेदक को नेट-बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से रु. 500/- (जीएसटी सहित) के आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु पेमेन्ट गेटवे के लिए निर्देशित किया जाएगा। जिन आवेदकों ने विज्ञापन सं. 01/2019 तथा विज्ञापन सं. 01/2020 के प्रति आवेदन किया था तथा इस विज्ञापन के अंतर्गत किसी पद हेतु पात्रता मापदंड को पूरा करते हैं, उन्हें पुनः आवेदन करते समय आवेदन शुल्क जमा करने में छूट प्राप्त है।

5). आवेदन शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान करने के पश्चात्, अभ्यर्थी को फाइनल सबमिशन ऑफ एप्लीकेशन का चयन करना होगा। भविष्य के संदर्भ हेतु कृपया आवेदन पत्र एवं भुगतान पावती पर्ची (जैसा लागू हो) का प्रिंट आउट अपने पास रखें। आवेदक अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र पर ट्रांजेक्शन आईडी तथा भुगतान की स्थिति (पेड), यदि लागू है, दर्शायी गई है।

6). अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण दर्शाने/प्रदान करने में अत्यधिक सावधानी बरतें। आप आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने से पूर्व, दी गई जानकारी में परिवर्तन कर सकते हैं। **अंतिम रूप से जमा करने के पश्चात आवेदनों में कोई भी संशोधन/परिवर्तन नहीं किया जा सकता।**

7). ऑनलाइन आवेदन भरते समय किसी भी पूछताछ/कठिनाई हेतु, अभ्यर्थी टेलीफोन नं. 011-23456110/23456719 (ऑनलाइन आवेदन प्रणाली सहायता हेतु)/011-23456346 (विज्ञापन सम्बन्धित किसी पूछताछ हेतु) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

टिप्पणी 1. सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे कॉर्पोरेशन को आवेदन पत्र अथवा किसी दस्तावेज की हार्ड कॉपी न भेजें।
2. अभ्यर्थियों की एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए जो इस भर्ती प्रक्रिया के पूर्ण होने तक सक्रिय रहनी चाहिए। किसी भी स्थिति में, कोई अभ्यर्थी किसी अन्य व्यक्ति की ई-मेल आईडी न दर्शाएं।
3. अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में परामर्श दिया जाता है कि वे आवेदन तुरन्त जमा करें तथा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि/समय तक प्रतीक्षा न करें। अभ्यर्थियों द्वारा अंतिम समय की भागदौड़ के कारण आवेदन जमा न कर सकने हेतु पीएफसी उत्तरदायी नहीं होगा।
4. भविष्य के संदर्भ हेतु कृपया आवेदन पत्र का प्रिंट आउट अपने पास रखें।

एनएमडीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

'खनिज भवन', 10-3-311/ए, मासाब टैंक, हैदराबाद - 500028 सीआईएन: L13100TG1958GOI001674

रोज़गार अधिसूचना संख्या 03/2021 **दिनांक :17 मार्च, 2021**

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र का एक नवरत्न उद्यम है तथा यह बहु–स्थलों पर अवस्थित, बहु–उत्पादक एवं विशाल टर्नओवर के साथ निरंतर लाभ अर्जित करने वाला खनन एवं खनिज संगठन है। एनएमडीसी लिमिटेड भारत एवं विदेश, दोनों, में अत्यधिक विस्तार और विविधता की प्रक्रियाएं कर रहा है। एनएमडीसी छत्तीसगढ़ राज्य में जगदलपुर के निकट नागरनर में एकीकृत 3.0 एमटीपीए के इस्पात संयंत्र स्थापितकर रहा है। इसके लिए, एनएमडीसी द्वारा विभिन्न परियोजनाओं/यूनिटों/कार्यालयों में कार्य करने के लिए निम्नलिखित पदों के प्रति योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:–

क्र.सं.	पद विषय	पदों की संख्या
1	कनिष्ठ प्रबंधक (वित्त)	6
2	कनिष्ठ प्रबंधक (सिविल)	3
3	कनिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण)	2
4	कनिष्ठ प्रबंधक (आईई)	1
5	कनिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)	1
6	कनिष्ठ प्रबंधक (विधि)	1

2.0 अपेक्षित अर्हताएं एवं अनुभव :

क. वित्त क्षेत्र :-

(1) स्नातक (2) सीए/आईसीडब्ल्यूए अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एमबीए (वित्त) के साथ इंजीनियरिंग स्नातक।

अनुभव: पद अर्हता के पश्चात वित्त एवं लेखांकन के क्षेत्र में खनन/निर्माण उद्योग में लेखों के अंतिमकरण, बजट एवं लागत, लेखांकन तथा लेखापरीक्षा, मालसूची प्रबंधन, कार्यशील पूंजी प्रबंधन, इत्यादि के संबंध में न्यूनतम दो (02) वर्ष का सम्बद्ध अनुभव, जिसमें एसएपी (सैप) कार्यव्यवस्था के अंतर्गत कार्य परिचालन श्रेयस्कर होगा। उम्मीदवार को सीमाशुल्क विनियमों एवं कर विधियों का अनुभव होना चाहिए।

सिविल क्षेत्र :

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग।

अनुभव : पद अर्हता के पश्चात जल आपूर्ति, सड़क इत्यादि, जैसी सार्वजनिक उपयोज्यता सेवाओं सहित अयस्क प्रसंस्करण संयंत्रों, भारी मशीन फाउंडेशनों, कंवेयर संरचनाओं, मोबाइल उपकरण से संबंधित फाउंडेशनों, औद्योगिक टाउनशिप, जैसे औद्योगिक कार्यों की डिज़ाइनिंग तथा निर्माण के क्षेत्र में न्यूनतम दो (02) वर्ष का सम्बद्ध अनुभव । सीपीएम एवं पीईआरटी तकनीकों के ज्ञान को अतिरिक्त अर्हता माना जाएगा।

ख. पर्यावरण क्षेत्र :

सिविल/रसायन/खनन/पर्यावरण इंजीनियरिंग डिग्री **अथवा** पर्यावरण प्रबंधन/ इंजीनियरिंग/ इंजीनियरिंग पर्यावरण विज्ञान/भूविज्ञान रसायन/वनस्पति शास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री **अथवा** पर्यावरण प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा (2 वर्षीय अवधि) **अथवा** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पर्यावरण अध्ययन/प्रभाव मूल्यांकन में डॉक्टरेट।

अनुभव : खनन उद्योग के लिए पर्यावरण के क्षेत्र में सम्बद्ध पद अर्हता के पश्चात न्यूनतम दो (02) वर्ष का अनुभव, जो विभिन्न पर्यावरण प्रबंधन योजना कार्यों का कार्यान्वयन ओपन कास्ट खान के संबंध में श्रेयस्कर होगा, परिचालन करने के प्रति स्वीकृति प्राप्त करने, खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन एवं संचालन) नियमावली, जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, इत्यादि तथा वायु एवं जल अधिनियमों, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, ईआईए अधिसूचना, 2006 के अंतर्गत सांविधिक विवरणों की प्रस्तुति करना तथा वन क्लीयरेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया का अनुभव तथा सांविधिक प्राधिकरणों के साथ सम्पर्क कार्य।

ग. औद्योगिक इंजीनियरिंग क्षेत्र :

औद्योगिक इंजीनियरिंग डिग्री अथवा खनन/मैकेनिकल/उत्पादन इंजीनियरिंग में डिग्री (2) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से औद्योगिक इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोगा।

अनुभव: जनशक्ति योजना, उत्पादकता आधारित प्रोत्साहन योजनाओं, उत्पादकता सुधार विधियों एवं उत्पादकता निगरानी, मानदंडों के विकास, समय अध्ययन, परिचालन अनुसंधान उपकरणों, संसाधन/निष्पादन विश्लेषण, कम्प्यूटर के अच्छे ज्ञान के साथ एमआईएस सहित औद्योगिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पद से सम्बद्ध अर्हता के पश्चात दो (02) वर्ष का न्यूनतम अनुभव।

घ. राजभाषा क्षेत्र :

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से डिग्री स्तर पर लिए गए विषयों में अंग्रेजी विषय सहित एम.ए. (हिन्दी) (प्रथम श्रेणी श्रेयस्कर) तथा (2) केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित अनुवाद पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करना।

अनुभव : पद से संबंधित अर्हता अनुभव के पश्चात समाचार पत्रों तथा किसी राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के जन सम्पर्क विभाग में तकनीकी तथा/अथवा गैर–तकनीकी दस्तावेजों का अंग्रेजी से हिन्दी तथा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद करने का न्यूनतम दो (02) वर्ष का अनुभव। राजभाषा विभाग में कार्य का अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

ङ. विधि क्षेत्र :

(1) स्नातक (2) विधि विषय में डिग्री (3 वर्षीय अवधि) अथवा उसके समकक्ष

अनुभव : पद से सम्बद्ध अर्हता अनुभव के पश्चात सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/औद्योगिक संगठन/विधि फार्म के विधि विभाग में संविदा प्रबंधन के कार्य का न्यूनतम दो (02) वर्ष का अनुभव। विवाचन अथवा खान एवं खनन से संबंधित मामलों के संव्यवहार अनुभव तथा/अथवा संविदा प्रबंधन, विवाचन अथवा पर्यावरण विधि में डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त करने वालों को वरीयता दी जाएगी।

3.0 उम्मीदवार को निम्नलिखित अनुभव भी होना चाहिए:

(क) उक्त पदों पर आवेदन के लिए सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्य करने वाले उम्मीदवारों के संबंध में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि के लिए वेतनमानों अथवा समकक्ष ग्रेड में कार्य किया जाना अपेक्षित है:–

आवेदित पद/ग्रेड:	वेतनमान में न्यूनतम 2 वर्ष की सेवा अवधि
कनिष्ठ प्रबंधक (एम–2)	37,000–1,30,000/– रुपए अथवा अधिक (आईडीए) 9,300–34,800/– रुपए (वेतन बैंड–2) (ग्रेड वेतन–4,200) (सीडीए) –संशोधन पूर्व वेतनमान 35,400 – 1,12,400/–रुपए (स्तर 6) (सीडीए) – संशोधित वेतनमान

उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ पिछले दो वर्षों के वेतनमान प्रमाण संलग्न करने चाहिए।

(ख) उक्त पदों पर आवेदन के लिए निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे उम्मीदवारों के संबंध में पिछले दो वर्षों के दौरान नीचे उल्लिखित न्यूनतम सीटीसी प्राप्त की गई होनी चाहिए।

आवेदित पद/ग्रेड:	पिछले 2 वर्षों की न्यूनतम सीटीसी
कनिष्ठ प्रबंधक (एम–2)	9.27 लाख रुपए अथवा अधिक

उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ पिछले दो वर्षों की औसत वार्षिक सीटीसी का प्रमाण संलग्न करना चाहिए।

4.0 वेतनमान, सीटीसी तथा अधिकतम आयु

क्र. सं.	पद एवं ग्रेड	वेतनमान (रुपए)	एनएमडीसी में अधिकतम सीटीसी (प्रतिवर्ष) (रुपए)	अधिकतम आयु (वर्ष)
1	वरिष्ठ प्रबंधक (एम–2)	50000-3%- 160000/-	12.53 लाख	30

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष तथा अन्य पिछड़े वर्ग (गैर–क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष तथा भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दिव्यांगजनों/भूतपूर्व सैनिकों को छूट प्रदान की जाएगी। विभागीय उम्मीदवारों (एनएमडीसी) को आयु सीमा में 15 वर्ष तक की छूट दी जाएगी।

5.0 पदों की संख्या तथा आरक्षण

क्र. सं.	क्षेत्र	पदों की कुल संख्या	आरक्षण					
			अजा	अजजा	अ.पि.व. (एनसीएल)	ईडब्ल्यूएस	अनारक्षित	दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता का निर्धारित प्रकार
1	वित्त	6	1	1	2	-	2	कुष्ठरोग उपचारित, डर्वाफिज्म एवं तेजाब आक्रमण पीड़ित सहित लोको–मोटर दिव्यांगता (ओए, ओएल, ओएएल, बी, एलवी)
2	सिविल	3	1	-	1	-	1	----------
3	पर्यावरण	2	-	-	-	1	1	----------
4	औद्योगिक इंजीनियरिंग	1	-	-	-	-	1	----------
5	राजभाषा	1	-	-	1	-	-	----------
6	विधि	1	1	-	-	-	-	----------
	कुल	14	3	1	4	1	5	

* ओए – एक भुजा, ओएल – एक पैर, ओएएल – एक भुजा तथा एक पैर, बी–अंधता, एलवी–न्यून दृष्टि

* वित्त क्षेत्र में एक पद क्षितिज आधार पर बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित है।

6.0 आवेदन कैसे करें : केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। उम्मीदवार को केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन प्रस्तुत करने चाहिए।

क्र.सं.	ऑनलाइन माध्यम
क.	पात्र उम्मीदवारों से एनएमडीसी की वेबसाइट www.nmdc.co.in (वेबसाइट के "कैरियर्स" पृष्ठ पर लिंक दिया गया है) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की अपेक्षा की गई है। यह साइट दिनांक प्रातः 10 बजे 22.03.2021 से 11.59, 12.04.2021 के दौरान उपलब्ध/सक्रिय होगी।
ख.	ऑनलाइन माध्यम के तकनीकी घटक पर सहायता के लिए प्रत्येक कार्यदिवस के दिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे के दौरान हैल्पलाइन ई–मेल nmdc@jobapply.in उपलब्ध रहेगा।
ग.	उम्मीदवारों से प्रत्येक विवरण ऑनलाइन भरने तथा अधिसूचना की अपेक्षाओं के अनुसार सभी संबंधित दस्तावेज/प्रमाण–पत्र अपलोड करने की अपेक्षा है।
घ.	उक्त पदों के संबंध में अनुलग्नकों सहित विस्तृत जानकारी उम्मीदवार एनएमडीसी की वेबसाइट अर्थात **www.nmdc.co.in.** के कैरियर पृष्ठ पर विजिट करके प्राप्त कर सकते हैं। **अधिसूचना से संबंधित किसी भी प्रकार का स्पष्टीकरण, टाइपिंग भूल अथवा चूक, शुद्धिपत्र इत्यादि केवल एनएमडीसी की उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से जारी की जाएगी।**
ङ	उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अधिसूचना के निदेशों को ध्यान से पढ़ लेना चाहिए, यह एनएमडीसी की वेबसाइट पर ऊपर 6.0(घ) में किए गए उल्लेख के अनुसार उपलब्ध है।
च.	आवेदन शुल्क के रूप में प्रत्येक आवेदक द्वारा 500/– रुपए (पांच सौ रुपए केवल) की गैर–धनवापसी योग्य राशि का भुगतान किया जाना है।
छ.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन/भूतपूर्व सैनिक वर्ग तथा एनएमडीसी लिमिटेड के विभागीय प्रतिनिधियों को पद के आवेदन के लिए आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्रदान की गई है। शुल्क के भुगतान के प्रति छूट का प्रमाण मद संख्या 9.12 (क) के अनुसार संलग्न किया जाना अपेक्षित है। उपर्युक्तानुसार प्रमाण–पत्र अथवा शुल्क भुगतान विवरण न दिए जाने की स्थिति में आवेदक का आवेदन रद्द किया जा सकता है।
ज.	यूपीआई/क्रेडिट कार्ड/ऑनलाइन नेट बैंकिंग के उपयोग से एसबीआई–कलेक्ट द्वारा इंटरनेट बैंकिंग से भुगतान किया जा सकता है, जिसका एकीकरण आनलाइन आवेदन के साथ किया गया है। किसी भी प्रकार के ट्रांजेक्शन प्रभारों का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाना है। सफलतापूर्वक ट्रांजेक्शन करने के पश्चात यूनिक ट्रांजक्शन नम्बर एवं आवेदन नम्बर के साथ आवेदन पत्र जनरेट होगा, जिसे रिकॉर्ड के लिए प्रिंट कर लिया जाना चाहिए। यदि उम्मीदवार को अपने ऑनलाइन आवेदन के लिए यूनिक ट्रांजेक्शन नम्बर प्राप्त नहीं होता है तो उसके आवेदन को अपूर्ण मानकर विचार में नहीं लिया जाएगा तथा आवेदक को फिर से भुगतान करना होगा। असफल ट्रांजेक्शनों की धनवापसी उसी खाते में 10 दिन के भीतर स्वयंमेव हो जाएगी, जिस खाते में से मूल रूप से भुगतान किया गया है।

झ. चुकता करने के पश्चात आवेदन शुल्क की धनवापसी अथवा अन्य किसी अधिसूचना के प्रति उसका समायोजन नहीं किया जाएगा, तथा ऐसा उस अधिसूचना के मामले भी होगा, जिसके लिए आवेदन शुल्क चुकता किया गया है।

ञ. उम्मीदवारों को यह परामर्श दिया जाता है कि वे अपने दस्तावेजों यथा (1) पासपोर्ट आकार का हाल ही लिया गया फोटोग्राफ (2) मैट्रिक/10वीं कक्षा प्रमाण–पत्र (3) अर्हता तथा अनुभव के लिए समर्थित प्रमाण–पत्र (4) यथा लागू जाति/वर्ग प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग (गैर–क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन प्रमाण पत्र इत्यादि (5) स्कैन किए गए हस्ताक्षर इत्यादि की साफ्ट प्रति तैयार रखें।

ट. ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात, उम्मीदवार से आवेदन पत्र में भरे गए आवेदन की हार्ड कॉपी डाउनलोड करने तथा इसे ऑनलाइन आवेदन पर लिखी गई पंजीकरण संख्या, रोजगार अधिसूचना संख्या, पद तथा क्षेत्र के नाम का उल्लेख लिफाफे के ऊपरी भाग में करके, आवेदन से समर्थित सभी प्रमाण–पत्रों तथा प्रमाणों (स्वयं सत्यापित) की प्रतियों सहित हाल ही में लिए गए पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ को चिपका कर डाक के माध्यम से "पोस्ट बाक्स नम्बर 1353", डाक घर, हुमायु नगर, हैदराबाद, तेलंगाणा राज्य, पिन – 500028 को इस प्रकार भेजा जाना है कि यह दिनांक 27.04.2021 को अथवा उससे पहले पहुंच जाए। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त डाउनलोड किए गए आवेदन अथवा समर्थित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन सिरे से रद्द कर लिए जाएंगे।

ठ. बुलावा पत्र/प्रवेश कार्ड डाक/ई–मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। बुलावा पत्र/प्रवेश कार्ड एनएमडीसी की वेबसाइट के कैरियर्स पृष्ठ से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। उम्मीदवार द्वारा दी गई ई–मेल आईडी अमान्य/गलत होने के कारण भेजी गई ई–मेल न पहुंचने अथवा डाक के माध्यम से भेजी गई सूचना देरी से प्राप्त होने अथवा न पहुंचने के प्रति एनएमडीसी उत्तरदायी नहीं होगी।

ड. उम्मीदवारों से मान्यताप्राप्त बोर्ड द्वारा जारी अपने मैट्रिक/10वीं कक्षा के प्रमाण पत्र के अनुसार अपनी जन्म तिथि तथा अपने नाम का उल्लेख करने की अपेक्षा है।

ण. उम्मीदवारों से यह अपेक्षित है कि वे सफल पंजीकरण के पश्चात सिस्टम से जनरेट किए जाने वाले पंजीकरण फार्म का प्रिंटआउट अपने पास रखें ।

7.0 चयन की विधि :

7.1 पात्र आवेदकों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। तथापि, किसी ऐसी स्थिति में जब पद के पात्र उम्मीदवारों का अनुपात 1:5 से अधिक पाया जाता है तो चयन के लिए ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) को भाग बनाया जा सकता है। ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) के पश्चात ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) में मैरिट के आधार पर क्षेत्रवार 1 : 3 के अनुपात में पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। ऐसे मामले में, चयन के लिए क्षेत्र–वार/वर्ग–वार 85 : 15 के भारित औसत के साथ ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) तथा साक्षात्कार में प्राप्तांकों के योग की मैरिट सूची तैयार की जाएगी।

यदि किसी मामले में समान क्षेत्र के दो अथवा अधिक उम्मीदवार ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) में समान अंक प्राप्त करते हैं तथा 1:3 का अनुपात बढ़ जाता है तो ऐसी स्थिति में उक्त अनुपात को विचार में लिए बिना किसी क्षेत्र के लिए समान अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

7.2 यदि ऑनलाइन परीक्षा (सीबी) आयोजित की जाती है तो यह हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा में होगी एवं इसमें वस्तुनिष्ठ स्वरूप में विविध प्रश्न होंगे। किसी परिस्थिति में अपेक्षा होने पर ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) में से किसी प्रश्न/प्रश्नों को रद्द करने/हटाने का सुरक्षित अधिकार एनएमडीसी को प्राप्त है।

8.0 दस्तावेजों को मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन करना :

साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों से साक्षात्कार के समय अपनी आयु, अर्हता, अनुभव, वर्ग इत्यादि के संबंध में अपनी अर्हता के सत्यापन के लिए स्वयं सत्यापित फोटो प्रतियों सहित मूल दस्तावेज/ प्रमाण प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है। यदि किसी मामले में उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग लेने से पूर्व अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करेंगे तो उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके संबंध में एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा लिया जाने वाला निर्णय अंतिम होगा।

9.0 सामान्य शर्तें :

9.1 उम्मीदवार की जन्म तिथि तथा नाम मान्यताप्राप्त बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक/10वीं कक्षा के प्रमाण पत्र के अनुसार होना चाहिए तथा जन्म तिथि एवं नाम के संबंध में अन्य कोई प्रमाण स्वीकार्य नहीं होगा।

9.2 शैक्षणिक अर्हता, आयु एवं अनुभव इत्यादि के लिए पात्रता निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि इस अधिसूचना की मद संख्या 6(क) में किए गए उल्लेख के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के अनुसार होगी। यदि किसी मामले में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाता है तो पात्रता के निर्धारण के लिए मूल कटऑफ तिथि में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

9.3 निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता अनिवार्य है तथा उम्मीदवार के पास यदि इस अर्हता के स्थान पर कोई उच्चतर शैक्षणिक अर्हता है तो ऐसा होने से कोई उम्मीदवार साक्षात्कार/ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं बन सकेगा।

9.4 एनएमडीसी प्रबंधन को प्राप्त आवेदनों की संख्या इत्यादि, यदि कोई हो, को विचार में लेकर साक्षात्कार /ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) के लिए बुलाए जाने के लिए अर्हता, अनुभव के आधार के मानदंड को बदलने/मानदंड निर्धारित करने का सुरक्षित अधिकार प्राप्त है।

9.5 भर्ती की प्रक्रिया के दौरान, उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत की गई कोई सूचना यदि गलत/अपूर्ण पाई जाती है अथवा उम्मीदवार की पात्रता उक्त पद की अधिसूचना में निर्दिष्ट निर्धारित अर्हता मापदंडों के अनुरूप यदि नहीं होती है अथवा ऐसा पाया जाता है कि उम्मीवार ने किसी सामग्रीगत सूचना को छिपाया है/विकृत ढंग से प्रस्तुत किया है, तो उसकी उम्मीदवारी भर्ती की प्रक्रिया के दौरान अथवा चयन के पश्चात भी किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी।

9.6 न्यूनतम मापदंडों को पूरा कर लेने मात्र से ही किसी उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होता है। प्रतिक्रिया एवं अपेक्षाओं को विचार में लेकर प्रबंधन को आवश्यकता अनुभव किए जाने की स्थिति में किसी प्रकार की जानकारी दिए बिना अथवा कोई भी कारण सूचित किए बिना पूरी भर्ती/चयन प्रक्रिया में कोई बढ़ोतरी करने/सरल बनाने/रद्द करने/संशोधित करने/बदलाव करने का सुरक्षित अधिकार प्राप्त है। उम्मीदवारों को चयन के लिए बुलाए जाने के संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। इसके संबंध में किसी भी प्रकार का पत्र व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा।

9.7 अधिसूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की टाइपिंग भूल अथवा चूक, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र इत्यादि केवल एनएमडीसी की उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से जारी की जाएगी। ऐसे मामलों में आवेदन प्राप्त करने की तिथि भी बढ़ा दी जाएगी। सामान्यतः रिक्तियों की संख्या, सूचित की गई विशिष्टताओं/मापदंडों के संबंध में रोज़गार अधिसूचना के पश्चात किसी प्रकार के परिवर्तन नहीं किए जाते हैं।

9.8 चयन किए जाने वाले उम्मीवारों को एनएमडीसी लिमिटेड में उम्मीदवार के सेवा के किसी भी चरण में अपेक्षाओं के अनुसार एनएमडीसी लिमिटेड की किसी खान/यूनिट/कार्यालय में तैनात किया जा सकता है तथा उन्हें कम्पनी की व्यवसाय अपेक्षाओं के अनुसार कार्य/क्रियाकलाप/कार्य समनुदेशन सौंपे जा सकते हैं।

9.9 उक्त पद के लिए आवेदन करते समय उम्मीदवार को कटऑफ तिथि के अनुसार ऊपर उल्लिखित सभी अर्हता एवं अन्य मापदंडों की पूर्ति करने तथा अपने द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रत्येक विवरण पूरी तरह से सही होने का सुनिश्चय कर लेना चाहिए।

9.10 ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी), यदि अपेक्षित हो, के लिए बुलावा भेजे जाने तथा भाग लेने एवं साक्षात्कार के लिए बुलावा भेजे जाने तथा भाग लेने वाले बाह्य स्टेशनों पर रहने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को नियमों के अनुसार सबसे छोटे मार्ग से द्वितीय ए/सी श्रेणी टू टायर रेल/बस किराए का पुनर्भुगतान रेल/बस टिकट प्रस्तुत करने पर किया जाएगा। यात्रा भत्ते का प्रोफार्मा एनएमडीसी की वेबसाइट पर अधिसूचना के अनुलग्नक–1 में दिया गया है।

9.11 आवेदकों से यह अपेक्षित है कि वे ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी)/साक्षात्कार में भाग लेने से पूर्व अपेक्षित मूल यात्रा टिकटों के साथ विधिवत भरा गया यात्रा भत्ता फार्म उम्मीदवार की पात्रता के अनुसार धनवापसी के लिए प्रस्तुत कर दें। तथापि, इस यात्रा भत्ते का भुगतान एनएमडीसी द्वारा विधिवत्त रूप से ई–भुगतान के माध्यम से किया जाएगा।

9.12 (क) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)/ ईडब्ल्यूएस/ दिव्यांगजन/ भूतपूर्व सैनिक वर्ग के उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपने जाति/स्थाई प्रमाण पत्र की यथा लागू एक प्रति संलग्न करनी चाहिए। उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत अन्य पिछड़े वर्ग का प्रमाण पत्र साक्षात्कार की तिथि से 6 माह के भीतर जारी किया गया तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, नई दिल्ली के दिनांक 08.09.93 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93–स्थापना (एससीटी) में उल्लिखित आदेशों के अनुसार होना चाहिए तथा यह उल्लेख स्पष्ट रूप में किया जाना चाहिए कि उम्मीदवार दिनांक 08.09.93 के ऊपर संदर्भित कार्यालय ज्ञापन की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से सम्बद्ध नहीं है तथा उसकी सम्बद्धता भारत सरकार द्वारा जारी अद्यतन दिशानिर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध अन्य पिछड़े वर्ग के समुदाय से है।

9.12 (ख) ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण की अपेक्षा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपना आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र संलग्न करना चाहिए। इस प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं सक्षम प्राधिकारी से संबंधित उल्लेख कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019 में किया गया है। (ईडब्ल्यूएस के प्रमाण पत्र का प्रारूप अनुलग्नक 4 में संलग्न है)

9.13 ऑनलाइन आवेदन में एक बार वर्ग (अजा/अजजा/अ.पि.व.(गैर क्रीमी लेयर)/ ईडब्ल्यूएस/ दिव्यांगजन) भरने के पश्चात परिवर्तन नहीं किया जाएगा तथा अन्य वर्ग के कोई लाभ बाद में प्रदान नहीं किए जाएंगे।

9.14 यदि अजा/अजजा/अ.पि.व.(गैर क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन प्रमाण पत्र अंग्रेजी/हिन्दी के अलावा किसी अन्य भाषा में है तो उम्मीदवार को उसकी स्वयं सत्यापित प्रति अंग्रेजी अथवा हिन्दी में प्रस्तुत करनी होगी।

9.15 भूतपूर्व सैनिकों से यह अपेक्षित है कि वे साक्षात्कार के समय उनकी अर्हता के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी समान तुल्यता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। इसे प्रस्तुत न किए जाने पर उम्मीदवार को साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

9.16 एनडीएमसी की वेबसाइट यथा www.nmdc.co.in के कैरियर्स पृष्ठ में दी गई अधिसूचना में निर्धारित यात्रा भत्ता दावा फार्म (अनुलग्नक–1), अजा/अजजा के लिए जाति प्रमाण पत्र (अनुलग्नक–2), अन्य पिछड़े वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र (अनुलग्नक–3), ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र (अनुलग्नक–4) उपलब्ध हैं।

9.17 "विभागीय उम्मीदवार" शब्द से केवल वही उम्मीदवार अभिप्रेत हैं, जो एनएमडीसी में वर्तमान में स्थाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं।

9.18 साक्षात्कार/ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी), यदि अपेक्षित हो, से संबंधित सूचना प्रवेश कार्ड/बुलावा पत्र में दी जाएगी, जिसे एनएमडीसी की वेबसाइट के कैरियर्स पृष्ठ से डाउनलोड किया जा सकता है तथा उम्मीदवारों को इसकी जानकारी उनकी ई–मेल इत्यादि के माध्यम से भेजी जाएगी। आनलाइन परीक्षा (सीबीटी)/साक्षात्कार के लिए कोई अन्य सूचना नहीं भेजी जाएगी।

9.19 ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने मात्र से उम्मीदवार का अपने आवेदन के प्रति कोई दावा नहीं होता है। उन्हें डाउनलोड किए गए/विधिवत भरे गए आवेदन फार्म की हार्ड प्रति के साथ अपनी आयु, अर्हता, अनुभव इत्यादि के समर्थन में अपने द्वारा आवेदन पत्र में दावा किए गए दस्तावेजों (स्वयं सत्यापित) की प्रतियां भी प्रस्तुत करनी चाहिए। ऐसा न किए जाने की स्थिति में उम्मीदवारों का का आवेदन सिरे से रद्द कर दिया जाएगा।

9.20 चयनित उम्मीदवारों को उनकी पात्रता के अनुसार कनिष्ठ प्रबंधक के पद का प्रस्ताव दिया जाएगा तथा उन्हें अधिसूचना में उल्लिखित परिलब्धियों का भुगतान किया जाएगा।

9.21 वेतन एवं भत्तों के अलावा, पीआरपी, मकान किराया भत्ता, सीपीएफ, उपदान, चिकित्सा सुविधाएं, समूह बीमा इत्यादि जैसे नियमों के अनुसार स्वीकार्य अन्य लाभ भी प्रदान किए जाएंगे।

9.22 भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी अन्य अंतरिम पत्रव्यवहार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। किसी भी स्वरूप में प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा।

9.23 दिव्यांगजन के अंतर्गत केवल ऐसे उम्मीदवार ही लागू आरक्षण/रियायतों की प्राप्ति के पात्र होंगे, जिनकी संबंधित दिव्यांगता का प्रतिशत 40 एवं अधिक है।

9.24 उम्मीदवारों को अपने आवेदन फार्म की मुद्रित प्रति अपने पास रखनी चाहिए क्योंकि इसे भविष्य में संदर्भ के उद्देश्य से प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है।

9.25 इस विज्ञापन के अंग्रेजी तथा हिन्दी स्वरूप में किसी प्रकार की भिन्नता होने की स्थिति में इसका अंग्रेजी स्वरूप स्वीकार्य होगा।

9.26 जहां कहीं डिग्री में सीजीपीए/लैटर ग्रेड प्रदान किया गया है तो ऑनलाइन आवेदन फार्म में उसके समकक्ष अंकों के प्रतिशत का उल्लेख विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अंगीकार किए गए मापदंडों के अनुसार किया जाना चाहिए। उम्मीदवार को साक्षात्कार के समय अपने विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित ऐसे मापदंडों की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जहां ऐसे कोई मापदंड निर्दिष्ट नहीं किए गए हैं तो सीपीजीए/ग्रेड को 10 प्वांइट के स्केल में स्वीकार्य किया गया माना जाएगा।

9.27 ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) आयोजित किए जाने के मामले में परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार के बदलाव करने के अनुरोध स्वीकार्य नहीं होंगे।

9.28 केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

9.29 किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायाधिकार क्षेत्र हैदराबाद में स्थित न्यायालय होंगे।

9.30 एनएमडीसी की वेबसाइट पर निम्नलिखित क्रियाकलाप समय–समय पर प्रस्तुत किए जाएंगे :–

(क) ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) (यदि आयोजित की गई) के लिए लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) के आयोजन से कम से कम 21 दिन पूर्व प्रदर्शित की जाएगी।

(ख) ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) के अंकों के साथ उम्मीदवारों की सूची

(ग) साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची

(घ) अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची

9.31 उम्मीदवारों से यह अपेक्षित है कि वे आवेदन पत्र के साथ सभी प्रमाण पत्रों तथा प्रमाणों (स्वयं सत्यापित) की प्रतियां प्रेषित किए जाने के लिफाफे पर रोज़गार अधिसूचना संख्या, पद का नाम, क्षेत्र एवं आवेदन के समय जनरेट होने वाली पंजीकरण संख्या को स्पष्ट स्वरूप में अवश्य लिखें तथा इसे "पोस्ट बॉक्स नम्बर 1353", डाक घर हुमांयु नगर, हैदराबाद, तेलंगाणा राज्य, पिन 500028" को इस प्रकार प्रेषित करें कि यह 27.04.2021 को अथवा उससे पूर्व पहुंच जाए।

महाप्रबंधक (कार्मिक)

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
Bharat Heavy Electricals Limited

बीएचईएल हाऊस, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049

सुपरवाइजर प्रशिक्षु (वित्त) की भर्ती

विज्ञापन सं. 01/2021

कम्पनी रूपरेखा

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भारत का प्रमुख इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम, विश्व स्तर के उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है और भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों अर्थात् विद्युत उत्पादन और पारेषण, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, एयरोस्पेस, तेल और गैस में इन क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 180 से अधिक उत्पादों की पूर्ति करता है। 16 विनिर्माण सुविधाओं, 02 मरम्मत इकाइयों, 04 क्षेत्रीय कार्यालयों, 08 सेवा केंद्रों, 1 सहायक, 3 सक्रिय संयुक्त उद्यमों, 15 क्षेत्रीय विपणन केंद्रों, 3 विदेशी कार्यालयों और पूरे भारत तथा विदेश में 150 से अधिक परियोजना स्थलों पर वर्तमान परियोजना निष्पादन के व्यापक नेटवर्क के साथ बीएचईएल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का निर्माण करता है।

कंपनी का 83 देशों में संदर्भ के साथ दुनिया के सभी आवासित महाद्वीपों में अपनी उपस्थिति है और इसने वर्ष 2019–20 में रु. 22,066 करोड़ का कारोबार हासिल किया है।

बीएचईएल अपने साथ राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने के लिए युवा एवं कर्मठ वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम) ग्रेजुएट को एक चुनौतीपूर्ण एवं सम्मानित कॅरियर अवसर प्रदान करता है।

पद – सुपरवाइजर प्रशिक्षु (वित्त)

बीएचईएल यूनिट/स्थान	अना	ईडब्ल्यूएस	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा.	कुल
कॉर्पोरेट कार्यालय	8	1	3	1	0	13
पावर सैक्टर	4	1	5	0	0	10
इंडस्ट्री सैक्टर	1	0	0	0	0	1
बीएपी, रानीपेट	2	0	0	1	0	3
एफएसआईपी, जगदीशपुर	1	0	0	0	0	1
सीएफपी, रूद्रपुर	2	0	0	0	0	2
सीएफएफपी, हरिद्वार	1	0	0	0	0	1
हीप, हरिद्वार	0	0	2	0	1	3
एचपीवीपी, विजाग	1	0	0	0	0	1
एचईआरपी, वाराणसी	2	0	0	0	0	2
ईडीएन, बंगलौर	1	0	0	0	0	1
एसबीडी, बंगलौर	1	0	0	0	0	1
टीपी, झांसी	1	0	0	0	0	1
कुल	25	2	10	2	1	40

- लागू नियम के अनुसार पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण अधिसूचित रिक्तियों का 4 प्रतिशत है और भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए आरक्षण अधिसूचित रिक्तियों का 14.5 प्रतिशत है।
- कम्पनी की नीति के अनुसार, रिक्त पदों को आंशिक रूप से अनुकंपा के आधार पर बीएचईएल के मृत कर्मचारियों के आश्रितों के माध्यम से भरे जाने के लिए रखा गया है। इस श्रेणी के अधीन आवेदन कैसे करें/आवेदन कौन कर सकता है, से संबंधित सभी संगत विवरण हमारी वेबसाइट http://careers.bhel.in पर "अनुकंपा पर विचार" लिंक में दिया गया है। यदि ये रिक्तियां योग्य उम्मीदवारों की गैर–उपलब्धता के कारण नहीं भरी जाती है तो इन्हें खुली भर्ती के माध्यम से भरा जा सकता है।
- उपरोक्त वर्णित रिक्तियों की संख्या अनुमानित है। आगे मूल्यांकन के आधार पर वास्तविक संख्या में अंतर हो सकता है। रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन होने पर उपरोक्त वर्णित श्रेणी–वार आरक्षण में भी अंतर हो सकता है।
- उपरोक्त आवश्यकता पूरे देश में फैले बीएचईएल की प्रोजेक्ट साइटों एवं विनिर्माण यूनिटों के लिए है।

जॉब विनिर्देशन:

पद	शैक्षणिक योग्यता#	ऊपरी आयु सीमा (वर्ष) (01.04.2021 को)
सुपरवाइजर प्रशिक्षु (वित्त)	किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से वाणिज्य में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री# के साथ सभी वर्षों/सेमेस्टर में औसतन न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक या समकक्ष सीजीपीए (समान लाइन्स में अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक)	27 वर्ष 01.04.1994 से पूर्व जन्म लिये उम्मीदवार आवेदन के लिए योग्य नहीं है)

महत्वपूर्ण नोट:

उम्मीदवार अधिकतम 30 जून, 2021 तक या समूह चर्चा के समय, जो भी पहले हो, तक अपनी डिग्री/अंतिम वर्ष अंक पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम होना चाहिए।

'औसत अंक की गणना के प्रयोजन के लिए सभी सेमेस्टर के अंकपत्र में सभी विषयों पर विचार किया जाएगा।

डिग्री भारत में केन्द्र या राज्य विधानमंडल के अधिनियम द्वारा गठित विश्वविद्यालय या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थान या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय के रूप में घोषित से होनी चाहिए या समकक्ष योग्यता धारण किया होना चाहिए।

आरक्षण एवं छूट:

1. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए: पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप होगा। बीएचईएल में सुपरवाइजर प्रशिक्षु (वित्त) का पद लोकोमोटर दिव्यांगता, उपचारित कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, अंधापन (एक आंख–पूर्ण दृष्टि), बधिर, सुनने में दिक्कत, बोलचाल एवं भाषा दिव्यांगता के लिए चिन्हित किया गया है।
   बीएचईएल में सुपरवाइजर प्रशिक्षु (वित्त) के पद के लिए शारीरिक आवश्यकता बैठना, खड़े होना, घूमना, देखना, बात करना, सुनना, पढ़ना एवं लिखना है।
2. निम्नलिखित श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट निम्नानुसार है:
   - अ.जा./अ.ज.जा. के लिए – 5 वर्ष तक
   - अ.पि.व. (एनसीएल) के लिए – 3 वर्ष तक

   अ.पि.व. श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ उठाने के लिए :
   i उम्मीदवार का नाम एवं समुदाय अन्य पिछड़ा वर्गों की केन्द्रीय सूची में अवश्य शामिल होना चाहिए और उम्मीदवार क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं होना चाहिए। (केन्द्रीय सूची में अनुमोदित अ.पि.व. जाति/समुदाय नाम की सूची देखने के लिए http://ncbc.nic.in/centrallistifobc.html/ पर लॉग ऑन करें)।
   ii. उम्मीदवार को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार अपना अ.पि.व. –नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाणपत्र (आवेदन की तिथि से एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं) बीएचईएल के पास जमा कराना होगा। (यह प्रारूप बीएचईएल कॅरियर वेबसाइट http://careers.bhel.in से डाउनलोड किया जा सकता है)।
   - दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए:
     – सामान्य के लिए 10 वर्षों तक
     – अ.पि.व. (एनसीएल) के लिए 13 वर्षों तक
     – अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 15 वर्षों तक
   - भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट सरकारी नियमों के अनुसार होगी।
   - जम्मू एवं कश्मीर राज्य में 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान मूल निवासी रहे उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों की छूट है।
3. **ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए:** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षण सरकारी दिशानिर्देषों के अनुसार दिया जाएगा।

बीएचईएल चयन प्रक्रिया (दो चरण प्रक्रिया)

बीएचईएल चयन प्रक्रिया में दो चरण शामिल हैं। सुपरवाइजर प्रशिक्षु के रूप में बीएचईएल में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों को नियुक्ति के लिए मैरिट लिस्ट में विचार के लिए दोनों चरणों को उत्तीर्ण करना होगा।

चरण–1: कम्प्यूटर आधारित परीक्षा:

प्रथम दृष्टया योग्य उम्मीदवारों को **एक कम्प्यूटर आधारित परीक्षा** में शामिल होना होगा। अंकों एवं आवश्यकता के आधार पर उम्मीदवारों को प्रत्येक श्रेणी में रिक्तियों की संख्या के 1:5 के अनुपात में योग्यता क्रम में समूह चर्चा के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध किया जाएगा । दिव्यांगजन उम्मीदवारों को समूह चर्चा में संक्षिप्त सूचीबद्ध करने के लिए उनकी संबंधित श्रेणियों में कट–ऑफ अंकों से नीचे 20 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी।

1:5 के अनुपात के अनुसार संक्षिप्त सूचीबद्धता के लिए, प्रारंभ में उस विषय की ऐसी आरक्षित श्रेणी (अर्थात् ईडब्ल्यूएस, अ.पि.व., अ.जा., अ.ज.जा.) जो किसी भी छूट का लाभ नहीं उठाना चाहते हैं, को एक साथ समूहित किया जाएगा और उसके बाद उनके परीक्षा अंकों (100 में से प्राप्त अंक) की मैरिट क्रम में अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाएगा और उम्मीदवारों को अना. श्रेणी के लिए 1:5 के अनुपात में समूह चर्चा के लिए बुलाया जाएगा।

इसके बाद, ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व./अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवार, जिन्हें अना. श्रेणी के अंतर्गत समूह चर्चा के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध नहीं किया गया है, को आगे की प्रक्रिया के लिए उनके संबंधित श्रेणियों में पुनः समूहित किया जाएगा और उम्मीदवारों को उनकी संबंधित श्रेणियों में 1:5 के निर्धारित अनुपात में समूह चर्चा के लिए बुलाया जाएगा।

संबंधित समूहों में समान कट–ऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को भी समूह चर्चा के लिए बुलाया जाएगा।

चरण–2: समूह चर्चा

समूह चर्चा चयन प्रक्रिया का दूसरा चरण है। समूह चर्चा में वर्तमान वित्तीय मामले और/या योग्यता प्राप्त विषय मामलों से संबंधित प्रश्न होंगे। समूह चर्चा के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध किये गये सभी उम्मीदवारों को आगे मैरिट सूची में विचार करने हेतु चयन प्रक्रिया के इस चरण में अवश्य शामिल होना एवं पूरा करना होगा। समूह चर्चा केवल उत्तीर्ण करनी होगी। समूह चर्चा में 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को ही योग्य समझा जाएगा।

अंतिम मैरिट सूची परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार की जाएगी। अर्थात् समूह चर्चा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को ही उनके परीक्षा अंकों के आधार पर मैरिट सूची में रखा जाएगा।

प्रशिक्षण एवं परिलब्धियां:

सुपरवाइजर प्रशिक्षु के रूप में बीएचईएल के साथ जुड़ने वाले उम्मीदवारों को एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान, वेतनमान रु. 32,000–1,00,000/– में मूल वेतन रु. 32,000/– का भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, प्रशिक्षुओं को मूल वेतन रु. 33,500/– के साथ वेतनमान रु. 33,500–1,20,000/– में सुपरवाइजर के रूप में समावेषित किया जाएगा।

मूल वेतन के अलावा, महंगाई भत्ता (वर्तमान में मूल वेतन का 17.2 प्रतिशत), परिलब्धियां एवं अन्य भत्ते (मूल वेतन का 31 प्रतिशत), और हितलाभ जैसे छुट्टी, स्वयं एवं आश्रित पारिवारिक सदस्यों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, भविष्य निधि, उपदान, वर्दी, छूटप्राप्त कैंटीन सुविधाएं, कम्पनी का आवास या एचआरए आदि समय–समय पर लागू कम्पनी नियमों के अनुसार देय होंगे। सुपरवाइजर प्रशिक्षु के लिए अनुमानित सीटीसी रु. 7.5 लाख प्रतिवर्ष है।

चिकित्सा मानक:

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। नियुक्ति से पूर्व, चयनित उम्मीदवारों को कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किये जाने वाले चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा और नियुक्ति कम्पनी द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों को पूरा करने के अधीन होगी। स्वास्थ्य मानक में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

संक्षिप्त में कम्पनी के चिकित्सा परीक्षण नियम बीएचईएल कॅरियर वेबसाइट पर प्रकाशित / बीएचईएल चिकित्सा परीक्षा नियम से प्राप्त किये जा सकते हैं। दिव्यांगजन उम्मीदवारों को अपनी बैंचमार्क दिव्यांगता के संबंध में सरकारी अस्पताल या दिव्यांगजनों से जुड़े विशेष नियोजन एक्सचेंज के चिकित्सा बोर्ड से विधिवत् जारी किये गये चिकित्सा प्रमाणपत्र की स्व–सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

सामान्य निर्देश:

1. आवेदन हमारी वेबसाइट https://careers.bhel.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करने होंगे। आवेदक आवेदन जमा करने से संबंधित सभी निर्देशों को भली–भांति पढ़ लें और यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो गया है और आवेदन पत्र के लिए शुल्क और/या सफल लेनदेन के लिए लागू प्रक्रिया शुल्क के भुगतान के संदर्भ के साथ लेनदेन सफलतापूर्वक कर लिया गया है।
2. आवेदन शुल्क एवं प्रक्रिया शुल्क निम्नानुसार लागू होगा:

बीएचईएल सुपरवाइजर प्रशिक्षु (वित्त) – 2021 भर्ती के लिए लागू शुल्क –		
श्रेणी	आवेदन शुल्क	प्रक्रिया शुल्क
अना./ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व.	Rs 300	Rs 200 +GST
अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक	NIL	Rs 200 +GST

(शेष पृष्ठ 15 पर)

जल शक्ति अभियान – कैच द रेन

मध्यप्रदेश में वर्षा जल का किया जायेगा संचयन - मुख्यमंत्री

भोपाल, 'जल शक्ति अभियान - कैच द रेन' का मध्यप्रदेश के सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर इस अभियान की शुरुआत कर कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता जल संसाधनों और जल सम्पर्क पर निर्भर है। हमारे पूर्वज हमारे लिए जल छोड़कर गए, अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए जल का संरक्षण करें। भारत में वर्षा का अधिकतर जल वह जाता है। हम जितना बारिश का पानी बचाएंगे, उतना हमारी भू-जल पर निर्भरता कम होगी। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर हमें वर्षा जल के संग्रहण के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 'जल शक्ति अभियान-कैच द रेन' की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जल शक्ति अभियान - कैच द रेन' कार्यक्रम के तहत वर्षा जल संचयन अभियान देशभर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में चलाया जाएगा और इसका नारा होगा 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें'।

छोटी नदियों एवं जलस्रोतों को पुनर्जीवित करें

श्री चौहान ने कहा कि जल संरचनाओं एवं उसके आसपास किए गए अतिक्रमणों को हटवाएं और उसके बाद इनकी मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जाए। समुदाय को साथ लेकर छोटी नदियों एवं जलस्रोतों को पुनर्जीवित किया जाए।

जल संरक्षण की कार्ययोजना बनाकर लागू करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में उपलब्ध जलस्रोतों एवं भूमि के स्वरूप के आधार पर जल संरक्षण की कार्ययोजना बनाकर लागू की जाए। प्रदेश की सभी जल संरचनाओं की जी.आई.एस. मैपिंग की जाए तथा इनकी सूचियां जिलेवार तैयार की जाएँ।

जिला मुख्यालयों पर जल शक्ति केंद्र

श्री चौहान ने कहा कि जिला मुख्यालय पर जल शक्ति केंद्रों की स्थापना की जाए। ये केंद्र जल संरक्षण एवं संवर्धन के विषय में सूचना, जागरूकता एवं ज्ञान के प्रसारण केंद्र के रूप में कार्य करेंगे।

सभी ग्राम पंचायतों के लिए जी.आई.एस. आधारित वाटरशेड डेव्हलपमर्पेट प्लान

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए वाटरशेड विकास के कार्य किये जाएं और सभी ग्राम पंचायतों के लिए जी.आई.एस. आधारित वाटरशेड डेव्हलपमेंट प्लान बनाया जाए।

पानी की जांच के लिए महिलाओं की ट्रेनिंग

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आजादी के बाद देश में पहली बार सरकार जल परीक्षण पर गंभीरता से काम कर रही है। देश में कोरोना महामारी के दौरान 4.5 लाख महिलाओं को जल की जांच के लिए ट्रेंड किया गया। पानी की जांच के इस अभियान में गांव में रहने वाली बहनों-बेटियों को जोड़ा जा रहा है। प्रदेश में भी इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई हो।

शहरी आजीविका मिशन अब सभी नगरीय निकायों में होगा

भोपाल, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से लोगों को स्व-रोज़गार शुरू करने और अन्य सामुदायिक कार्यों के लिए आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी 407 नगरीय निकायों में दीनदयाल अंत्योदय योजना शहरी आजीविका मिशन को लागू कर दिया गया है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पहले 378 नगरीय निकायों में यह योजना लागू थी। इसे अब नवगठित 29 नगरीय निकायों में भी लागू कर दिया गया है।

सघन जन जागरूकता अभियान

हर व्यक्ति मास्क लगाए, इसके लिए सीख के साथ सख्ती भी जरूरी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, कोरोना संक्रमण रोकने के लिए मास्क लगाना आवश्यक है। हर व्यक्ति मास्क लगाए इसके लिए लोगों को सीख दिए जाने के साथ सख्ती भी जरूरी है। प्रदेश में सभी वर्गों के सहयोग से सघन जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। सभी माध्यमों से इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। ऐसा माहौल बने कि हर व्यक्ति मास्क लगाने के लिए स्वतः प्रेरित हो। साथ ही मास्क न लगाने पर जुर्माना लगाया जाए एवं कुछ समय के लिए ओपन जेल में भी रखा जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में कोरोना के उपचार के लिए पर्याप्त संख्या में बेड की उपलब्धता के साथ ही प्रतिदिन इसकी जानकारी मीडिया, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जनता को दी जाए। साथ ही वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी भी दी जाए।

गरीबों का निःशुल्क इलाज सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक गरीब मरीज का निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जाए। उन्हें आयुष्मान कार्ड के आधार पर निःशुल्क चिकित्सा दें। साथ ही आवश्यकतानुसार जिन निजी अस्पतालों में बेड खाली हैं, उनके साथ अनुबंध कर बेड की संख्या बढ़ाएं।

गलत तथ्य नहीं हों प्रसारित

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना आदि के संबंध में गलत तथ्य प्रकाशित या प्रसारित नहीं होने चाहिए। परंतु सही तथ्य प्रकाशित या प्रसारित होने पर तत्परता के साथ कार्रवाई की जाए।

- होम आइसोलेशन की सख्त मॉनीटरिंग की जाए। गाइडलाइन का पालन न करने पर कार्रवाई की जाए।
- जिन जिलों में अधिक संक्रमण है, वहां माइक्रो कंटेंटमेंट जोन बनाए जाएं।
- जिन जिलों में आवश्यकता हो कोविड केयर सेंटर्स बनाए जाएं।

रविवार को भी होगा वैक्सीनेशन

जिन स्थानों पर रविवार को लॉकडाउन है, वहां रविवार को भी वैक्सीनेशन का कार्य किया जाएगा। बताया गया कि 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन लगवा सकेंगे।

होम आइसोलेशन की गाइडलाइन जारी करें

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग होम आइसोलेशन संबंधी गाइडलाइन जारी करे। कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से इनकी निरंतर मॉनीटरिंग की जाए।

10 हजार बेड सुनिश्चित करें

इंदौर जिले की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना उपचार के लिए 10 हजार बेड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निजी अस्पताल कोरोना उपचार के लिए शासन द्वारा निर्धारित फीस ही लें, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में हो इलाज की श्रेष्ठ व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में कोरोना के उपचार की श्रेष्ठ व्यवस्था हो। महाराष्ट्र बॉर्डर सील किया जाए तथा माल के वाहन, आवश्यक सेवाओं के वाहन और आपातकालीन आवागमन छोड़कर आवाजाही न हो।

उपार्जन केंद्रों का भी निरीक्षण करें प्रभारी अधिकारी

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना नियंत्रण के लिए जिलों के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी अपने प्रभार के जिले में भ्रमण के दौरान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखें। उपार्जन केंद्रों पर कोरोना संबंधी सभी सावधानियों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

किसान मंच बनाकर सुनिश्चित करेंगे किसान कल्याण - मुख्यमंत्री

भोपाल, राजस्व विभाग सहित किसानों से संबंधित अन्य विभागों की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के लिए शुद्धिकरण सप्ताह के अंतर्गत संशोधन कार्य आरंभ होगा। किसान मंच बनाकर संवाद और चर्चा के माध्यम से किसानों के कल्याण कार्यों को और बेहतर ढंग से पूरा किया जायेगा। कृषकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कोरोना से बचाव में भी किसानों का सहयोग लिया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित शिवाजी नगर में भारतीय किसान संघ द्वारा आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय किसान संघ ने आज किसान मित्र सम्मान दिया है, जिसके लिए संघ का आभारी हूं। किसान संघ से मिले इस सम्मान का सदैव मान रखूंगा। मध्यप्रदेश के परिश्रमिक किसानों ने रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन कर मध्यप्रदेश को उपार्जन में पंजाब से आगे बढ़कर पहले स्थान पर लाने का कार्य किया है। भारतीय किसान संघ के देश में 500 से अधिक शाखायें हैं। संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री यहां उपस्थित हैं, जो इस संगठन को किसान वर्ग की वास्तविक समस्याओं के समाधान का माध्यम बनाने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का भारतीय किसान संघ द्वारा आयोजित 'किसान संवाद' कार्यक्रम में सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष जब कोरोना का संकट शुरू हुआ और उन्होंने मुख्यमंत्री का पदभार संभाला, तब किसानों की अनेक समस्याएं लंबित थीं। सबसे पहले फसल बीमा योजना का 2200 करोड़ रुपये का प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा जमा किया गया, जो पूर्व सरकार ने जमा नहीं किया था। इस राशि के जमा करने के फलस्वरूप 3200 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई। एक वर्ष में 8699 करोड़ रुपये की बीमा राशि किसानों के खाते में जमा की गई। इसके अलावा 100 करोड़ रुपये उद्यानिकी फसलों के बीमा के भी जमा किये गये। सभी मिलाकर विभिन्न योजनाओं में किसानों को 89 हजार करोड़ रुपये की राशि दी गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 6 हजार रुपये में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 4 हजार रुपये मिलाकर प्रदेश के प्रत्येक पंजीकृत किसान को साल में 10 हजार रुपये की राशि प्रदान करने का कार्य किया गया। शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था की गई।

'एक जिला एक उत्पाद योजना' में किसान सहयोग करें

श्री चौहान ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद योजना में भी किसान सहयोग करें। आलू, मटर, टमाटर, केला आदि का विपुल उत्पादन करने वाले जिले उत्पादों को एक्सपोर्ट के काबिल बनाएं। प्रोसेसिंग यूनिट भी किसानों द्वारा लगाई जाए। इन्हें राज्य सरकार अधिकतम सहयोग करेगी। एफपीओ के माध्यम से भी किसान भागीदारी करें। इन संगठनों को राज्य सरकार का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

बढ़ा सिंचाई का रकबा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सिंचाई का रकबा साढ़े सात लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 41 लाख हेक्टेयर के पार किया गया।

शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए केंद्र और काउंटर की संख्या बढ़ायें

सागर, कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए मास्क लगायें, आपस में मिलते समय दो गज की दूरी बनाकर रखें, साबुन से लगातार हाथ धोते रहें। कोरोना के लक्षण होने पर अपने नजदीक के फीवर क्लीनिक में जाकर टेस्ट करवायें। सभी नागरिक जो 45 वर्ष से अधिक आयु के हैं वो कोरोना वैक्सीन लगवायें। ये बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सागर जिला चिकित्सालय में फीवर क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने सागर में वैक्सीनेशन सेंटर्स की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वैक्सीनेशन के लिए केंद्र पर पहुंचे व्यक्तियों से बातचीत की। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि इस चरण में 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को जल्द से जल्द वैक्सीन लग सके इसके लिए वैक्सीनेशन केंद्रों और उन पर काउंटरों की संख्या को बढ़ाया जायेगा।

डॉ. चौधरी ने जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को निर्देश दिए हैं कि आवश्यकता होने पर फीवर क्लीनिक में टेस्ट काउंटर की संख्या बढ़ायें ताकि मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि भोपाल के जय प्रकाश जिला चिकित्सालय स्थित फीवर क्लीनिक में एक के स्थान पर दो काउंटर की व्यवस्था की गई है। गर्मी के मौसम में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रख कर व्यवस्था करने के निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिले में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए रोको-टोको अभियान के तहत और सख्ती के साथ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा है कि शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के लिए वैक्सीनेशन केंद्र बढ़ायें। किसी भी स्थिति में कोरोना संक्रमण को और बढ़ने नहीं देना है, इसके लिए समस्त आवश्यक प्रबंध किए जायें।

स्वास्थ्य मंत्री ने की सहज प्रसूति केंद्र की सराहना

स्वास्थ्य मंत्री ने सागर जिला चिकित्सालय के दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में स्थापित सहज प्रसूति केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सागर में प्रदेश का प्रथम सहज प्रसूति केंद्र है। ऐसे केंद्र सभी जिला चिकित्सालयों में स्थापित किये जायेंगे। सागर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश बौद्ध एवं महिला चिकित्सक डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि सहज प्रसूति केंद्र में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अंशुल द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इससे गर्भवती महिलाओं को लाभ भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि डॉ. अंशुल द्वारा प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं शनिवार को गर्भवती माताओं को व्यायाम, पोषण, मेडिटेशन रेलेक्शन एवं प्रसव पूर्व तैयारी के विषय में बताया जाता है। इससे गर्भकाल में होने वाली समस्याओं से निजात मिलती है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मेरी सुरक्षा, मेरा मास्क

मास्क लगाएं और कोरोना को हराएं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आमजन से मास्क लगाने की अपील करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मास्क लगाने तथा कोरोना संबंधी सभी सावधानियों का पालन करने की जनता से अपील करने के लिए खुले वाहन में सवार होकर सड़कों पर निकले। उन्होंने स्थान-स्थान पर लोगों से कहा कि मैं आपका सेवक आपसे हाथ जोड़कर अपील करता हूं कि कोरोना को हराने के लिए मास्क अवश्य लगाएं, एक-दूसरे के बीच सुरक्षित दूरी रखें तथा बार-बार हाथ धोएं एवं सैनिटाइज करें। श्री चौहान ने कहा कि ऐसा करने के लिए अपने परिवार, संबंधियों एवं अन्य व्यक्तियों को प्रेरित करें। मेरी सुरक्षा मेरा मास्क। मास्क लगाएं और कोरोना को हराएं। मानवता जीतेगी, कोरोना हारेगा।

कोरोना के विरुद्ध जन-अभियान में हर व्यक्ति शामिल हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि कोरोना के विरुद्ध अभियान में हर व्यक्ति शामिल हो। जन-जागरूकता एवं सभी के सक्रिय सहयोग से ही हम कोरोना को एक प्रभावी रूप से शीघ्र हरा पाएंगे। इस अभियान में स्वयं शामिल हों, अपने परिवार को शामिल करें तथा दूसरों को प्रेरित करें।

मास्क नहीं तो बात नहीं, मास्क नहीं तो सामान नहीं

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना को हराने के लिए दो महत्वपूर्ण कार्य करें- 'मास्क नहीं तो बात नहीं', 'मास्क नहीं तो सामान नहीं।' आप किसी भी ऐसे व्यक्ति से बात न करें जो मास्क न लगाए हो। यदि आप सामान लेने बाजार जाते हैं और दुकानदार ने मास्क नहीं लगाया है तो आप उस दुकानदार से सामान न खरीदें। ऐसे ही यदि आपकी दुकान पर कोई सामान लेने आता है और उसने मास्क नहीं लगाया है तो उसे सामान देने से इंकार कर दें।

संकट बड़ा है, पूरी सावधानी रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। हमने कोरोना की जांच और उपचार आदि की पूरी व्यवस्था अस्पतालों में की है। परंतु हम चाहते हैं कि कोरोना का संक्रमण फैले ही नहीं। इसके लिए आवश्यक है कि आप सभी मास्क लगाने जैसी सभी सावधानियों का पालन करें।

लॉकडाउन उपाय नहीं

श्री चौहान ने कहा कि लॉकडाउन करने से अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। लोगों के काम-धंधे चौपट हो जाते हैं और रोजी-रोटी छिन जाती है।

मैंने अपनी पत्नी, बच्चों को मास्क लगाया, आप भी लगाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के विरुद्ध अभियान की अपने घर से ही शुरुआत करें। मैंने अपनी पत्नी और बच्चों को स्वयं मास्क लगाया है। आप भी अपनी पत्नी, बच्चों एवं परिवारजनों को मास्क लगाएं तथा दूसरों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करें।

श्री चौहान इस दौरान आनंद नगर, गांधी मार्केट, पिपलानी, गांधी चौराहा, बरखेड़ा स्थित विजय मार्केट, महाराणा प्रताप नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, 6 नंबर, 7 नंबर और 10 नंबर मार्केट, विट्टन मार्केट, रविशंकर मार्केट, शिवाजी नगर, पंचशील नगर, हर्षवर्धन नगर, माता मंदिर चौराहा, न्यू मार्केट, रोशनपुरा चौराहा, जहांगीराबाद, कालिका मंदिर चौराहा, बुधवारा, मोती मस्जिद, सदर मंजिल, रॉयल मार्केट, हमीदिया अस्पताल, पुराना सचिवालय, लालघाटी एवं बैरागढ़ बाजार में गये और आम नागरिकों को समझाइश देकर कोरोना के विरुद्ध अभियान में सहयोग का अनुरोध किया।

पोषण आहार के वितरण की हो रही है सघन निगरानी

भोपाल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से प्रदाय किये जा रहे पोषण आहार के वितरण की सघन निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही हितग्राहियों से सीधे बात कर मिलने वाली सामग्री, उनकी गुणवत्ता तथा सेवाओं का फीडबैक लिया जा रहा है। टेली कॉलर सिस्टम से की जा रही इस तरह की निगरानी से पोषण आहार वितरण के सभी गतिरोध दूर करने की कोशिश की जा रही है।

विभाग द्वारा टेक होम राशन, ताजा पका आहार एवं पौष्टिक दुध का वितरण विभिन्न हितग्राहियों गर्भवती, धात्री महिलाओं, किशोरियों एवं 5 साल तक के बच्चों को किया जाता है। विशेष अवस्था एवं आयु अनुसार पोषण आहार का प्रकार एवं मात्रा अलग-अलग होती है। इस सेवा का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को स्वस्थ एवं सुपोषित रखना है।

पोषण आहार के वितरण की सघन निगरानी के लिये विभाग के साथ काम करने वाले विभिन्न डेवलपमेंट पार्टनर्स के सहयोग से हितग्राहियों और परिवारों से सीधे बातचीत कर फीडबैक लिया गया। लगभग 95 प्रतिशत हितग्राहियों या उनके परिवारों ने पोषण आहार प्राप्त होने की पुष्टि की। विभाग द्वारा रेंडम आधार पर प्रदेश के सभी जिलों के सभी विकासखंडों से सभी तरह के पोषण आहार प्राप्त करने वाले चयनित हितग्राहियों से बातचीत की एवं छः माह से पांच वर्ष तक के बच्चों के परिवारों से बात की गई।

संचालक महिला बाल विकास श्रीमती स्वाती मीणा नायक ने बताया कि इस प्रक्रिया को निरन्तर जारी रखने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर मातृ सहयोगिनी समितियों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत आंगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के लिए सतर्कता समिति एवं सोशल ऑडिट व्यवस्था की गई है। आंगनवाड़ी सेवा अन्तर्गत प्रदाय किए जाने वाले पूरक पोषण आहार की निगरानी के लिए यह समिति सतर्कता समिति के रूप में कार्य करेगी। सतर्कता समिति द्वारा पूरक पोषण आहार, टेक होम राशन, स्व-सहायता समूह द्वारा प्रदाय किये जाने वाले नाश्ता, भोजन एवं कुपोषित बच्चों के लिए थर्ड मील की निरंतरता, गुणवत्ता की निगरानी एवं सुझाव और मार्गदर्शन का कार्य सम्पादित किया जायेगा।

पढ़ाई को तकनीक के इस्तेमाल से बनायें रोचक एवं ज्ञानवर्धक

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने एडोब डिजिटल दिशा प्रोग्राम के शिक्षक प्रशिक्षण समापन पर शिक्षकों को वर्चुअली सम्बोधित किया। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को क्रियान्वयन करने से दिशा में सभी शिक्षक तकनीक और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें। पढ़ाई को तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से अधिक रोचक और ज्ञानवर्धक बनाएं। आपके योगदान और परिश्रम से ही भारत विश्वगुरु के रूप में स्थापित हो पायेगा। श्री परमार ने शिक्षक प्रशिक्षण प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 शिक्षकों को एडोब सर्टिफिकेशन के साथ ही 1-1 हजार रुपये और एक शिक्षक को 1500 रुपये से पुरस्कृत भी किया।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय संस्था एडोब इंटरनेशनल द्वारा विगत 6 माह से एडोब डिजिटल दिशा प्रोग्राम के तहत प्रदेश के 53 ईएफए स्कूलों के लगभग 1700 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण प्रोग्राम के अंतर्गत शिक्षक एडोब स्पार्क में डिजिटल प्रोजेक्ट बनाना, एडोब टूल्स और स्किल्स का उपयोग करना आदि सिखाया जाता है। इन टूल्स और सॉफ्टवेयर का शिक्षण में उपयोग कर छात्रों में रचनात्मकता उत्पन्न करके कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक बनाया जा सकता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को सीखने के परिणामों को बढ़ाने और उनके कौशल को विकसित करने के लिए एडोब का मध्यप्रदेश के सभी 53 ईएफए स्कूलों को निरंतर सहयोग मिला रहा है।

कोविड हेल्थ सेंटर और अस्पतालों के लिये मार्गदर्शी निर्देश जारी

भोपाल, कोरोना पॉजीटिव रोगियों के विभिन्न स्तरीय उपचार के लिये डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर और डेडिकेटेड कोविड अस्पतालों के जनरल आइसोलेशन वेड, ऑक्सीजन सपोर्टेड वेड और हाई डिपेन्डेंसी यूनिट वेड के उपयोग के लिये मार्गदर्शी निर्देश जारी किये गये हैं। इन निर्देशों के अनुसार कोविड मरीजों का इलाज होगा।

सामान्य आइसोलेशन बेड के लिये भर्ती मापदण्ड

ऐसे कोविड पॉजीटिव रोगी, जिनके पास होम आइसोलेशन के लिये उपयुक्त व्यवस्था न हो, मंद लक्षण वाले रोगी, जिन्हें ऑक्सीजन एवं कड़ी चिकित्सीय निगरानी की आवश्यकता न हो, को-मोर्विडिटी युक्त कोविड पॉजीटिव रोगी, जिनकी क्लीनिकल स्थिति स्थिर हो और SPO2-95 प्रतिशत हो एवं ऑक्सीजन की कोई आवश्यकता न हो, के लिये मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं।

ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड के लिये भर्ती मापदण्ड

ऐसे कोविड पॉजीटिव रोगी, जिनका SPO2 स्तर 90-94 प्रतिशत हो तथा 5 लीटर/मिनट से अधिक के मान से ऑक्सीजन फ्लो रेट को नियंत्रित करने की आवश्यकता हो। ऑक्सीजन प्रदायगी के लिये Simpl Face Mask, Nasal Canula/Prongs द्वारा ऑक्सीजन थैरेपी दी जाने की आवश्यकता हो।

हाई डिपेन्डेंसी यूनिट बेड के लिये भर्ती मापदण्ड

ऐसे कोविड पॉजीटिव रोगी, जिनका SPO2 स्तर 90 प्रतिशत से अधिक हो एवं ऑक्सीजन की प्रदायगी उच्च फ्लो दर 5 लीटर प्रति मिनट से अधिक की दर से देने की जरूरत हो। Non-Rebreathing Mask अथवा Venturi Mask द्वारा ऑक्सीजन थैरेपी देने की आवश्यकता हो। को-मोर्विडिटी युक्त कोविड पॉजीटिव रोगी, जिनकी क्लीनिकल स्थिति की लगातार निगरानी की आवश्यकता हो।

आईसीयू बेड के लिये भर्ती मापदण्ड

ऐसे कोविड पॉजीटिव रोगी, जिन्हें अति उच्च दर पर ऑक्सीजन सपोर्ट की Non Invasive Ventilator (NV), Ventilator अथवा HFNC support की आवश्यकता हो। गंभीर जानलेवा को-मोर्विडिटी युक्त कोविड पॉजीटिव रोगी।

कोविड-19 रोगियों के लिये डिस्चार्ज मापदण्ड

कोविड पॉजीटिव रोगी का ऑक्सीजन सेचुरेशन निरंतर 3 दिवस तक बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के 95 प्रतिशत से अधिक होने तथा बुखार कम करने की दवा के बगैर बुखार न होने पर चिकित्सकीय परामर्श अनुसार डिस्चार्ज किया जा सकता है। ऐसे रोगी घर पर आगामी 7 दिवस तक होम आइसोलेशन में रहकर अपने स्वास्थ्य की स्व-निगरानी करेंगे।

धान मिलिंग के लिये मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक संपन्न

भोपाल, खरीफ वर्ष 2020-21 धान मिलिंग/निस्तारण के लिये गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक भोपाल स्थित मंत्रालय में संपन्न हुई। बैठक में खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह एवं कृषि मंत्री श्री कमल पटेल भौतिक रूप से उपस्थित थे। समिति के अन्य सदस्य सहकारिता मंत्री श्री अरविंद भदौरिया एवं आयुष, जल संसाधन राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने बैठक में वर्चुअली भाग लिया।

सहकारिता मंत्री श्री अरविंद भदौरिया के प्रस्ताव पर उप समिति ने धान मिलर्स को आने वाली समस्याओं के संबंध में चर्चा के लिये आमंत्रित किया। कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि मिलर्स के साथ चर्चा के बाद मिलिंग के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में मिलर्स को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का अध्ययन कर लें।

धान की क्वालिटी पर होगा कंट्रोल

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि प्रदेश में प्रोत्साहन राशि की अधिकता का कारण हमारे धान की क्वालिटी भी है। धान की क्वालिटी को कंट्रोल करने के लिये नागरिक आपूर्ति निगम में 400 क्वालिटी एक्सपर्ट्स की भर्ती की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा आउटसोर्स के माध्यम से धान की गुणवत्ता के लिये एक्सपर्ट्स की सेवाएं ली जायेंगी।

किसान कल्याण मंत्री श्री कमल पटेल और खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह धान मिलिंग के लिये आयोजित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में शामिल हुये।

संचालक खाद्य के अधीन क्वालिटी कंट्रोल के लिये संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया जा रहा है और एफ.सी.आई. से विषय-विशेष में पारंगत अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर लेने की प्रक्रिया जारी है।

प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि मिलर्स की प्रोत्साहन राशि 25 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये की गई थी। मिलर्स द्वारा इस पर अपनी असहमति जताते हुए इसे 100 रुपये करने की मांग की थी, परंतु मिलर्स ने घाटे की बात कहते हुए इसमें भी कोई रुचि नहीं दिखाई।

प्रमुख सचिव श्री किदवई ने बताया कि अन्य राज्यों में प्रोत्साहन राशि का भी अध्ययन किया गया था, जिसमें आंध्रप्रदेश में प्रोत्साहन राशि 60 रुपये, छत्तीसगढ़ में 30, 40 और 45 रुपये दी जा रही है। इसके अलावा उत्तरप्रदेश में 20 और 80 रुपये है तथा पंजाब में प्रोत्साहन राशि शून्य है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर आगामी वर्षा के मौसम को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाना उचित होगा।

बैठक में प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम श्री अभिजीत अग्रवाल द्वारा प्रदेश में मिलिंग की विगत 3 वर्षों की धान उपार्जन, मिलिंग की तिथि एवं मिलिंग की अवधि सहित मिलिंग के लिये शेष उपलब्धता पर डिजिटली प्रस्तुतिकरण समिति के समक्ष किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 750 राइस मिल हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शैक्षिक संस्थान स्टार्टअप्स के लिए छात्रों को तैयार करें

इंदौर, विचार जीवन में सबसे महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आप अपना व्यवसाय बिना पूंजी के शुरू कर सकते हैं, लेकिन नवीन विचारों के बिना नहीं। स्टार्टअप्स के लिए विचार बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि विचार से स्टार्टअप्स और उद्योगों के बीच परस्पर क्रियाओं को जारी रखना सुगम होता है। यह बात एमएसएमई, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, इंदौर द्वारा आयोजित 'न्यू इंडस्ट्रियल पॉलिसी टू एम्पावर एमएसएमई एंड स्टार्टअप्स' पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कही।

स्टार्टअप-उद्योग के बीच बातचीत के लिए नए विचारों के महत्व पर जोर देते हुए श्री सखलेचा ने कहा कि शैक्षिक संस्थानों को स्टार्टअप को मजबूत उद्योग के रूप में विद्यार्थियों को जोड़कर तैयार करना चाहिए। संस्थान की बातचीत छात्रों को व्यावहारिक समस्याओं का सामना करने में सक्षम बनायेगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए पूंजी जुटाने के कई स्रोत हैं जैसे कि एंजेल इन्वेस्टमेंट, वर्किंग कैपिटल लोन, क्राउड फंडिंग, वेंचर कैपिटल और सरकारी योजनायें। लेकिन एक आइडिया का कोई विकल्प नहीं है और वह हैं प्रौद्योगिकी के साथ छात्रों के स्टार्टअप विचारों को जोड़ने के लिए निवेशक। आज हमें ऐसी एजेंसियों की आवश्यकता है जो स्टार्टअप के नवीन विचारों का समर्थन कर सकें, क्योंकि इससे स्टार्टअप को निवेश आकर्षित करने और उनके विचारों को ठोस रूप दिए जाने में मदद मिलेगी।

श्री सखलेचा ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बहुत काम किया है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री राज्य में 1898 इकाइयों की आधारशिला रखने जा रहे हैं, जो कि अनुमानित लागत 4,864 करोड़ रुपये की होंगी। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में 30 हजार से अधिक रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।

एमएसएमई और स्टार्ट अप में विकास के संबंध में सरकार की नई नीतियों और प्रधानमंत्री की पॉलिसी आत्म-निर्भर भारत की दृष्टि के अनुसार स्वरोज़गार की उभरती जरूरतों को पूरा करेगी। श्री सखलेचा ने कहा कि सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए बजट में 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. डेविश जैन ने कहा कि एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और नवाचार इस क्षेत्र के विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए राज्य और केंद्र सरकार की पहल तथा उनकी योजनाओं की सराहना की। वेबिनार में अनेक विद्वानों ने हिस्सा लिया।

निर्धारित दरों से अधिक चार्ज करने पर निजी अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये चिकित्सकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुये।

भोपाल, कोरोना के उपचार में कोई भी निजी अस्पताल शासन द्वारा निर्धारित दरों से अधिक राशि नहीं वसूलें। निर्धारित दरों से अधिक चार्ज करने पर निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की जाएगी। आरटीपीसीआर टेस्ट के लिए भी तय दर से अधिक राशि न वसूली जाए। कोरोना संक्रमण को देखते हुए बड़े शहरों के साथ तहसील और विकासखण्ड स्तर पर भी पर्याप्त बेड की व्यवस्था की जाए। शासकीय के साथ-साथ निजी अस्पतालों का भी सहयोग लिया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कोरोना संक्रमण की स्थिति की वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा समीक्षा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से बचाव के उपायों तथा कोरोना मरीजों के प्रबंधन के संबंध में ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर मेडिकल कॉलेज के डीन, इंदौर के डॉ. भंडारी, एल.एन. मेडिकल कॉलेज भोपाल और पीपुल्स मेडिकल कॉलेज भोपाल के चिकित्सकों से बात की। श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा विभिन्न जिलों के प्रभारी ओआईसी से वस्तु-स्थिति की जानकारी भी ली।

मास्क नहीं लगाएंगे तो बनेंगे पाप के भागी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के विरुद्ध इस युद्ध में जनता के सहयोग से ही जीत संभव होगी। घबराहट, डर या अविश्वास के माहौल में कमी लाना है। कोरोना संक्रमण से बचाव की सावधानियों जैसे मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग आदि का पालन समझाइश और प्रेम से कराने से ही जीत संभव होगी। कोरोना से बचाव के लिए सावधानियों का पालन कराने में जन-सामान्य का सहयोगी भाव विकसित करना होगा। लोगों में यह विचार विकसित करना होगा कि यदि हम मास्क नहीं लगाएंगे तो हम बीमारी फैलाने के पाप के भागी बनेंगे। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए 'किल कोरोना-II' अभियान आरंभ किया जाएगा।

प्रभावी प्रबंधन के लिए होगा व्यापक विचार-विमर्श

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड संक्रमण के नियंत्रण और रोगियों के प्रबंधन के संबंध में शासकीय, निजी अस्पताल प्रबंधकों, चिकित्सा विशेषज्ञों, पैरामेडिकल स्टाफ, जिला प्रशासन तथा जन-सामान्य का फीडबैक लेना आवश्यक है। व्यापक विचार-विमर्श से प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा। जन-सामान्य का सहयोग लेने के लिए कोरोना वॉलेंटियर अभियान आरंभ किया जा रहा है।

एडमिशन प्रोटोकॉल विकसित होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि टेस्टिंग को बढ़ाने के लिए सभी जिलों को नए लक्ष्य दिए गए हैं। सभी जिले इस लक्ष्य के अनुरूप टेस्टिंग को तत्काल बढ़ाएं। होम आइसोलेशन को प्रोत्साहित किया जाए और संक्रमण से गंभीर रूप से प्रभावित व्यक्तियों को ही अस्पतालों में भर्ती करें। इस संबंध में निश्चित एडमिशन प्रोटोकॉल विकसित कर पूरे प्रदेश में लागू किया जाए।

विवाह समारोह में सीमित संख्या में हों मेहमान

मुख्यमंत्री ने कहा कि शादी, विवाह के आयोजन में पर्याप्त सतर्कता की जरूरत है। विवाह आयोजनों के लिए अनुमति लेना और मेहमानों की संख्या को सीमित रखना आवश्यक है। विवाह आयोजन में कितने लोग किन-किन स्थानों से आएंगे, इसकी जानकारी भी आवश्यक रूप से ली जाए।

रतलाम में हो रहा है 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी दुकानदारों का वैक्सीनेशन

श्री चौहान ने विभिन्न जिलों के ओआईसी से उनके प्रभार के जिलों में कोरोना संक्रमण की स्थिति, उपलब्ध बेड की संख्या, टेस्टिंग और बेड की संख्या में वृद्धि की संभावना आदि की जानकारी ली। रतलाम के ओआईसी श्री अनुपम राजन ने बताया कि रतलाम में 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी दुकानदारों के लिए वैक्सीनेशन अनिवार्य करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बड़वानी के ओआईसी श्री विवेक पोरवाल ने बताया कि निजी अस्पतालों में एडवांस में बेड बुक कराने की जानकारी मिल रही है।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये बनाये जा रहे हैं स्व-सहायता समूह

उमरिया, मध्यप्रदेश में राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये वचनबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य में महिलाओं को आर्थिक रूप से निर्भर करने के लिये ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्व-सहायता समूह गठित किये जाते हैं। यह समूह स्कूली विद्यार्थियों के लिये गणवेश बनाने, बांस एवं माटी से बाजार की मांग के अनुसार नये-नये शिल्पों का निर्माण, दीदी कैफे का संचालन और आजीविका केंद्र का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। ये बातें जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह ने उमरिया जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

सुश्री मीना सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये प्रदेश-भर में 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिये निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। इसके लिये बड़ी संख्या में टीकाकरण केंद्र बनाये गये हैं। उन्होंने ग्रामीणों से टीकाकरण कराये जाने का आग्रह किया। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता की चर्चा करते हुए सुश्री मीना सिंह ने कहा कि प्रदेश में सी.एम. राइज स्कूल प्रारंभ किये जा रहे हैं।

मनरेगा से पहली बार निर्मित हो रहे हैं अनाज भण्डारण के लिए पक्के चबूतरे

भोपाल, खरीदी केंद्रों पर अनाज की सुरक्षा एवं भण्डारण के उद्देश्य से पक्का चबूतरा (CAP) का निर्माण देश में पहली बार महात्मा गांधी नरेगा से किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में खरीद समिति द्वारा चिन्हित केंद्रों में पक्के चबूतरे के निर्माण के लिए जिलों को 65 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि मनरेगा से जारी की गई है। अभी तक 564 चबूतरों का निर्माण कर 6 लाख 94 हजार 500 मीट्रिक टन क्षमता का अनाज सुरक्षित रखा जा रहा है, वहीं 675 कार्य प्रगतिरत हैं। चबूतरा निर्माण कार्य में 8 करोड़ 60 लाख रुपये की मजदूरी का भुगतान ग्रामीणों को किया गया है, वहीं सामग्री पर 68 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है। राज्य शासन का निरंतर प्रयास है कि अनाज का एक भी दाना असमय बारिश से खराब नहीं हो।

खरीदी केंद्रों में मनरेगा अंतर्गत पक्का चबूतरा निर्माण होने से खरीदे गए अनाज को असमय बारिश से होने वाले नुकसान से सुरक्षा मिलेगी। ग्राम पंचायत की भूमि पर तय खरीदी केंद्रो में चबूतरा निर्माण होने से खाद्यान उपार्जन समिति द्वारा चबूतरे के मासिक किराए का भुगतान ग्राम पंचायत को किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मनरेगा अंतर्गत पूर्व से स्वीकृत कार्यों में देश में पहली बार अनाज भण्डारण के लिए संरचना निर्माण का प्रावधान किया गया है। मार्कफेड द्वारा सुझाए गए डिजाइन के आधार पर चबूतरे का निर्माण मनरेगा से किया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को वैश्विक ज्ञान की महाशक्ति बनाना है

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार भोपाल में राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की प्रारंभिक बैठक मंत्रालय में वर्चुअली कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य भारत को वैश्विक ज्ञान की महाशक्ति बनाना है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति कई वर्षों के अध्ययन, चिंतन और विभिन्न शिक्षाविदों के साथ मंथन उपरांत तैयार की गई है। इसके उद्देश्यों के अनुरूप क्रियान्वयन हम सभी की जिम्मेदारी है। आप सभी के प्राप्त सुझावों के आधार पर क्रियान्वयन की योजना और प्रक्रिया निर्धारित की जायेगी। इस हेतु आप सभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ड्राफ्ट को अच्छे से अध्ययन करें, ड्राफ्ट के बारे अपने विद्यालय, मोहल्ले, समाज के नागरिकों, शिक्षाविदों आदि से चर्चा करें और अपने महत्वपूर्ण सुझाव टास्क फोर्स की बैठकों में प्रस्तुत करें।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं को प्रभावी तौर पर लागू करने एवं स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता के विकास हेतु सुझाव और मार्गदर्शन के लिए राज्य शासन द्वारा टास्क फोर्स का गठन किया गया है। टास्क फोर्स में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को सदस्य सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण और आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र संचालक को सदस्य, सचिव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल, संचालक मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड और निदेशक महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से शासकीय और अशासकीय क्षेत्र के 24 प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।

कोरोना की रोकथाम के लिये आयुष विभाग भी चलाये अभियान

भोपाल, आयुष विभाग की ओर से कोरोना की रोकथाम के लिये जन-जागरण अभियान शुरू किया जाये। इसमें विभागीय अमला लोगों को जागरूक करे और आयुष पद्धति के उपयोग को समझाये। ये बातें आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने भोपाल में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कहीं।

श्री कांवरे ने कहा कि कार्यालय औषधि नियंत्रक (आयुष) को अलग से व्यवस्थित करने की जरूरत है, उसे नया स्वरूप दिया जाये। उन्होंने कहा कि औषधि निर्माणकर्ता फर्मों की जिम्मेदारी है कि वे हर महीने की जानकारी दें।

श्री कांवरे ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर को अधिकार दिये जायें, ताकि दो साल से जानकारी नहीं देने वाली फर्मों को उनके द्वारा नोटिस दिया जाये। राज्यमंत्री ने कहा कि हर तीन माह में प्रतिवेदन आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

जाहिद कुरैशी

अमेरिका में बनेंगे संघीय जज

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दो अश्वेत महिलाओं और पहले मुस्लिम जज को संघीय जज के पदों पर नियुक्त करने के लिए मनोनीत किया है। इसमें भारतीय-अमेरिकी रूपा रंगा पुट्टागुंटा और पाकिस्तानी मूल के जाहिद कुरैशी शामिल है। सीनेट द्वारा अनुमोदित होने पर 45 वर्षीय जाहिद कुरैशी संघीय जिला जज के रूप में सेवा देने वाले अमेरिका के पहले मुस्लिम बन जायेंगे। दूसरी ओर रूपा डीसी जिले के लिए अमेरिकी जिला अदालत में पहली एशियाई-अमेरिकी महिला होंगी।

जलवायु परिवर्तन से

जापान में बारह सौ साल में पहली बार चेरी का सीजन जल्दी आया

जापान के वैज्ञानिकों के अनुसार क्योटो में जलवायु परिवर्तन के कारण चेरी खिलने का पीक सीजन (2021) 26 मार्च को ही आ गया और यह 1200 साल में पहली बार इतनी जल्दी है। यह सीजन आमतौर पर 17 अप्रैल के आसपास आता है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1409 में बना था, जब सीजन 27 मार्च को आया था। जापान में चेरी खिलने के साथ बसंत का आगमन तय माना जाता है।

लंदन

एक सौ इक्कीस साल बाद सुरक्षित मिली चॉकलेट

सन् 1899 में शुरू हुई दक्षिण अफ्रीकी लड़ाई (बोयर वॉर) के समय सैनिकों को दी जाने वाली टिन चॉकलेट 121 साल बाद सुरक्षित हालात में मिली है। नेशनल ट्रस्ट को यह निजी संग्रहालय में मिली है। हेलमेट सर हेनरी एडवर्ड का है, जिन्होंने इस लड़ाई में हिस्सा लिया था। उस वक्त ऐसी 1 लाख चॉकलेट टिन बनाई गई थीं। सभी में प्लेन चॉकलेट रखी गई थीं।

जापान में

340 किलो की ट्रूना फिश मिली

जापान के नचिकत्सुरा इलाके में 340 किलो की ट्रूना फिश मिली है। यह 2.5 मीटर लंबी है। यह पिछले 1 साल में मिली सबसे बड़ी ट्रूना फिश है। बाजार में इसका अनुमानित मूल्य 1.93 करोड़ माना गया है। एक वर्ष पहले लगभग 278 किलो की ट्रूना फिश को क्योशी किमुरा ने रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा था। जानकारी के अनुसार ट्रूना फिश स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसलिए इसकी मांग ज्यादा है।

ऑस्ट्रेलिया

सौ वर्ष में पहली बार मार्च में लाल चट्टान से झरने बहे

ऑस्ट्रेलिया की एक हजार 1 सौ इकतालीस फीट ऊंची विशाल लाल चट्टान (उलुरु रॉक) में मार्च माह में पहली बार 40 से ज्यादा झरनों से पानी बहा। इस चट्टान का अपना सांस्कृतिक महत्व है। हर साल दुनिया भर से तकरीबन 4 लाख पर्यटक पहुंचते थे, लेकिन 2019 से यहां पर्यटकों के नजदीक आने पर रोक लगा दी गई थी। विशेषज्ञ बताते हैं कि 3.6 किलोमीटर लंबी और 1.9 किलोमीटर चौड़ी इस चट्टान का निर्माण 60 करोड़ साल पहले हुआ था। ज्ञात रहे कि उलुरु रॉक यूनेस्को धरोहर में शामिल है।

स्पेशल रोबोट

विमानों को सैनिटाइज करने बनाया गया

स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख एयरपोर्ट पर हेल्वेटिक एयरवेज के एंब्रायर एयरप्लेन में अल्ट्रावॉयलेट लाइट के जरिये विमान को सैनिटाइज करने के लिए स्पेशल रोबोट तैयार किया गया है। इस खास रोबोट को स्विस कंपनी यूवेया ने डेवलप किया है। दुनियाभर में दोबारा बढ़ते कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए विमान कंपनियां नई तकनीक अपना रही हैं। दूसरी एयरलाइंस भी विमानों को वायरस मुक्त करने के लिए ऐसे रोबोट इस्तेमाल करने की योजना बना रही हैं।

द जर्नी ऑफ ह्यूमैनिटी

450 करोड़ में बिकी कैनवास पेंटिंग

लंदन के कलाकार सच्चा जाफरी द्वारा बनाई गई दुनिया की सबसे बड़ी कैनवास पेंटिंग 62 मिलियन डॉलर (लगभग 450 करोड़ रुपये) में नीलाम की गई है। इस पेंटिंग को बनाने में करीब 6,300 लीटर पेंट लगा था। इसकी नीलामी दुबई में हुई। 17,000 वर्ग फुट के आकार की इस कैनवास पेंटिंग को द जर्नी ऑफ ह्यूमैनिटी नाम दिया गया है। यह चार एनबीए-नियमन बॉस्केट बॉल कोर्ट के आकार के बराबर है।

मेथाइलोब्रम अजमली

नए बैक्टीरिया को मिलेगा भारतीय वैज्ञानिक का नाम

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पिछले दिनों वैज्ञानिकों द्वारा खोजे गये चार नये बैक्टीरिया में से एक का नाम भारत के मशहूर जैवविविधता वैज्ञानिक डॉक्टर अजमल खान के नाम पर रखा जायेगा। नये बैक्टीरिया का नाम मेथाइलोब्रम अजमली रखा जा सकता है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से मिला बैक्टीरिया का नया स्ट्रेन पौधे के विकास और इसके रोगजनकों से मुकाबला करने में मददगार साबित होगा।

अमेरिका

हाइवे पर पार्क हुई बोट, लगा जाम

अमेरिका के फ्लोरिडा में 40 फीट लंबी बोट हाइवे पर 'पार्क' हो गई। इसके चालाते अंतर्राज्यीय मार्ग करीब 8 घंटे तक बंद करना पड़ा। बोट 50 नॉटिकल माइल्स (करीब 90 किलोमीटर) की रफ्तार से समुद्र में चल रही थी। तभी पायलट ने नियंत्रण खो दिया और वह समुद्री बीच को पार करते हुये हाइवे पर जा पहुंची। हालांकि किसी को भी चोट नहीं लगी है।

पैंगोंग झील पर

भारतीय सैनिकों ने किया नृत्य

पैंगोंग झील पर खुशी और जोश में भारतीय सैनिकों के द्वारा किये गए नृत्य को केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्विटर पर जब से साझा किया, तब से यह चर्चा में आ गया। वीडियो में लद्दाख की पैंगोंग झील पर फुल म्यूजिक के साथ इंडियन आर्मी के गोरखा जवान और उनके सहयोगी डांस कर रहे हैं और बैकग्राउंड में झील का नजारा भी दिखाई दे रहा है।

तालिबान ने

सरकार को दिया अल्टीमेटम

तालिबान आतंकवादियों ने चेतावनी दी है कि 1 मई तक विदेशी सैनिक अफगानिस्तान से हट जाने चाहिए, नहीं तो वे इन पर हमला करना शुरू कर देंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अफगानिस्तान से सैनिकों को हटाने को लेकर कोई स्पष्ट समय सारणी तय नहीं की है, जिसकी प्रतिक्रिया में तालिबानी आतंकियों ने यह अल्टीमेटम जारी किया है।

पोलैंड में

रिटायर घोड़ों और कुत्तों को मिलेगी पेंशन

पोलैंड पुलिस, बॉर्डर गार्ड और दमकल सेवाओं से रिटायर होने वाले घोड़ों और कुत्तों को पेंशन देने की योजना बना रही है ताकि देश की सेवा करने वालों को सेवा के बाद भी सामाजिक सुरक्षा मिल सके। अभी तक सेवारत कुत्तों और घोड़ों को सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी देखभाल मिलनी बंद हो जाती है और उन्हें गैर सरकारी संगठनों या ऐसे लोगों को सौंप दिया जाता है जो उन्हें गोद लेना चाहते हैं।

क्वीन एलिजाबेथ ने

एयरफोर्स स्मारक का किया दौरा

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने इस साल पहली बार एक सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। देश में दो दिन पहले लॉकडाउन में दी गई छूट के दौरान 94 वर्षीय महारानी ने रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स के 100 साल पूरे होने पर रनिमेड में एयरफोर्स स्मारक का दौरा किया। उन्होंने वीडियो लिंक के जरिये यह जानकारी भी शेयर की है।

नासा

मंगल मिशन का डाटा शेयर किया

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारत, चीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के साथ अपने मंगल मिशन डाटा को साझा किया। एजेंसी ने ऐसा इस वजह से किया है ताकि लाल ग्रह का चक्कर लगा रहे इन देशों के अंतरिक्ष यानों की आपस में किसी तरह की टक्कर के जोखिम से बचा जा सके।

म्यांमार में

22 साल की ब्यूटी क्वीन सेना के खिलाफ उतरी

म्यांमार में तख्तापलट के खिलाफ चल रहा विद्रोह 65वें दिन भी जारी रहा। अब तक 550 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद लोग झुक नहीं रहे हैं। अब इस संग्राम का नया चेहरा बनकर उभरी हैं म्यांमार की ब्यूटी क्वीन हेन ले। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में मिस ग्रैंड इंटरनेशनल ब्यूटी पीजेंट आयोजन था। इसमें मिस ग्रैंड म्यांमार, 22 साल की हेन ले ने देश की मदद की अपील की। ले ने कहा, आज जब मैं इस स्टेज पर हूं, तो मेरे देश म्यांमार में लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। मुझे जान गंवाने वालों के लिए दु:ख है। उन्होंने कहा 'प्लीज म्यांमार की मदद कीजिए।' हमें तत्काल अंतर्राष्ट्रीय मदद की जरूरत है।

ब्रिटेन में

सोने की अंगूठी में लिखा है जीवन संदेश

ब्रिटेन के वेल्स राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी यह सोने की अंगूठी मध्यकाल की है। इसके नग में मानव खोपड़ी की आकृति उकेरी गई है। इसे मोमेंटो मोरी कहा जाता है। लैटिन के इस शब्द का अर्थ है 'याद रखें कि मृत्यु अटल है।' नौवीं शताब्दी में वहां के खास समुदाय के रईसों में यह अंगूठी प्रचलित थी।

स्मृति शेष

आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर के.सी. चक्रवर्ती का निधन

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर के.सी. चक्रवर्ती का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। चक्रवर्ती भारत के वरिष्ठ बैंकर्स में से एक थे, जिन्होंने शीर्ष प्रबंधन स्तर पर कई राज्य संचालित बैंकों में चार दशक तक काम संभाला था।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सुरिंदर निज्जर का निधन

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस सुरिंदर सिंह निज्जर का 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जस्टिस निज्जर ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तथा बॉम्बे हाईकोर्ट में अपनी यादगार सेवाएं दी थीं।

हॉलीवुड स्टार जेसिका वाल्टर का निधन

टेलीविजन सीरीज अरेस्टेड डेवलपमेंट की अभिनेत्री जेसिका वाल्टर का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जेसिका ने अपने कॅरियर की शुरुआत स्टेज से की थी। उन्होंने 1962 से 65 तक टेलीविजन सीरीज लव ऑफ लाइफ में काम कर लोकप्रियता बटोरी थी। 1975 में एमी प्रेंटिस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस और एमी अवॉर्ड भी प्राप्त हुआ था।

लेखिका बेवर्ली क्लीयर का निधन

बच्चों की पुस्तकों की प्रसिद्ध लेखिका बेवर्ली क्लीयर का 104 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। बेवर्ली द्वारा रचे गये चरित्र रमोना क्विमबी और बेजस रिम्बी, राल्फ एस. माउस खासे चर्चित रहे। बेवर्ली पेशे से लाइब्रेरियन थीं, लेकिन वे बच्चों के लिए लेखन भी करती थीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

दिल की आवाज और इंट्यूशन को सुनने का हमेशा प्रयास करें - स्टीव जॉब्स

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर से मान्यता प्राप्त, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश अंतिम चरण में सत्र 2020-21

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	बैचलर आफ नर्सिंग (बी.एस.सी. नर्सिंग)	4 वर्ष
3.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी. नर्सिंग योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष

क्रमांक 2 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

R-45457/21

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.)–462011
No. 6072/22/D-12/MPRRDA/2021Bhopal, Dated : 07.04.2021

NOTICE INVITING TENDER No. 939 (PMGSY-B.W.)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Dindori	1	24936000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **08.04.2021 17:30 hrs**. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P.M./100538/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

R-45459/21

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर
इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 9406808103
ई-मेल : mpphcl_ujjain@yahoo.in फोन नं. 0734-2527715
क्र. 461-463/पय/मप्रपुहाइडेकालि/21/ उज्जैन, दिनांक : 08.04.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 03/2021-22 दिनांक 08.04.2021 के अंतर्गत महानंदा नगर, उज्जैन 400 मीटर सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक निर्माण कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. **2021_MPPHC_138847** एवं निविदा क्रमांक 04/2021-22 दिनांक 08.04.2021 के अंतर्गत मंदसौर में लॉन टेनिस कोर्ट में चेनलिंक फेंसिंग कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. **2021_MPPHC_138849** कुल 2 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 08.04.2021, 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 24.04.2021, 18.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100544/2021 **परियोजना यंत्री**

R-45460/21

ILVA COMMERCE AND SCIENCE COLLEGE

Approved by M.P. Higher Education & Affiliated to DAVV Indore
Sch. No. 31, Sneh Nagar, Indore. Ph. : 0731-4094686, E-mail : collegeilva@gmail.com

REQUIRES

PRINCIPAL (1)

ASSOCIATE PROFESSOR

• COMMERCE (2) • MANAGEMENT (1) • EDUCATION (1) • COMP. Sc. (1)

ASSISTANT PROFESSOR

• COMMERCE (5) • MANAGEMENT (2) • COMPUTERS (4) • MATHS (1)
• PHYSICS (1) • ENGLISH (2) • ECONOMICS (1) • HINDI (2)
• HISTORY (1) • SOCIOLOGY (1) • POLITICAL Sc. (1)

B.Ed. ASSISTANT PROFESSOR (1 each)

Method of Teaching (Biology, Chemistry, Economics, Social Sc., Hindi, History, Performing Arts Teacher, Music & Dance Teacher)

Qualification & Salary according to U.G.C., AICTE & NCTE Norms.

Apply with biodata, all testimonials and two pass port size photographs to the Chairman at above address within 15 days of advertisement. Chairman

R-45456/21

गैर-मलिन बस्तियों में हितग्राहियों को भी मिलेगा डेढ़ लाख का अनुदान

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अफोर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप (एएचपी) घटक के अन्तर्गत गैर-मलिन बस्ती में निवासरत पात्र ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के हितग्राहियों को भी केंद्र के समान राज्य अनुदान राशि एक लाख 50 हजार रुपये प्रति आवास स्वीकृत की जाएगी। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिये गए हैं।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(c) + और ÷
(d) + और -

उत्तर- (a) - और ÷

व्याख्या- option (a)
$5 + 3 \times 8 - 12 \div 4 = 3$
$5 + 3 \times 8 \div 12 - 4 = 3$
$5 + 3 \times \frac{8^2}{12} - 4 = 3$
$3 = 3$

प्र. 4 यदि **FRIEND** को **HTKGPF** के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो **REVEAL** को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
(a) TGXFCN
(b) TGXNGC
(c) TXGNCG
(d) TGXGCN

उत्तर- (d) TGXGCN

व्याख्या-
F R I E N D
+2 +2 +2 +2 +2 +2
H T K G P F
∵ R E V E A L
+2 +2 +2 +2 +2 +2
T G X G C N

प्र. 5 **X, A के पूर्व में 20 फीट की दूरी पर स्थित B तक जाता है। फिर वह दायीं ओर मुड़ता है और 6 फीट चलता है, फिर वह दायीं और मुड़कर 28 फीट चलता है। तो X, A से कितनी दूर है?**
(a) 28 (b) 9
(c) 10 (d) 27

उत्तर- (c) 10

व्याख्या-



By Pythagoras theorem
$8^2 + 6^2 = AX^2$
$64 + 36 = AX^2$
$100 = AX^2$
$AX = 10$ फीट

प्र. 6 लुप्त पद ज्ञात कीजिए?

AZ	BY	CX
DW	EV	FU
GT	?	IR

(a) HR (b) HS
(c) HV (d) HU

उत्तर- (b) HS

व्याख्या- $A \rightarrow B \rightarrow C \rightarrow D \rightarrow E \rightarrow F \rightarrow G \rightarrow H \rightarrow I \rightarrow J \rightarrow K \rightarrow L \rightarrow M \rightarrow N \rightarrow O \rightarrow P \rightarrow Q \rightarrow R \rightarrow S \rightarrow T \rightarrow U \rightarrow V \rightarrow W \rightarrow X \rightarrow Y \rightarrow Z$
∵ HS सही उत्तर है।

प्र. 7 विषम पद ज्ञात कीजिए?
(a) 529 (b) 549
(c) 731 (d) 525

उत्तर- (a) 529

व्याख्या- 529, 23 का पूर्ण वर्ग है।

प्र. 8 विषम पद ज्ञात कीजिए?
(a) 5125 (b) 8564
(c) 7343 (d) 6216

उत्तर- (b) 8564

व्याख्या- $5125 \rightarrow (5)^3 \rightarrow 125$
$7343 \rightarrow (7)^3 \rightarrow 343$
$6216 \rightarrow (6)^3 \rightarrow 216$

प्र. 9 विषम पद ज्ञात कीजिए?
(a) QJ (b) SH
(c) LN (d) UF

उत्तर- (c) LN

व्याख्या-
Q S U
↓ ↓ ↓ Opposite
J H F

प्र. 10 रिक्त स्थान की पूर्ति करें?
8, 15, 28, 53, ?
(a) 106 (b) 100
(c) 108 (d) 102

उत्तर- (d) 102

व्याख्या- $8 \times 2 - 1 = 15$
$15 \times 2 - 2 = 28$
$28 \times 2 - 3 = 53$
$53 \times 2 - 4 = 102$

प्र. 11 एक कक्षा में, **19** लड़कों की औसत आयु **21** वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु को शामिल किया जाता है, तो औसत **22** वर्ष हो जाता है। तो शिक्षक की आयु क्या है?
(a) 39 वर्ष (b) 41 वर्ष
(c) 40 वर्ष (d) 44 वर्ष

उत्तर- (b) 41 वर्ष

व्याख्या- शिक्षक की आयु $= 22 \times 20 - 19 \times 21 = 41$ वर्ष

प्र. 12 एक व्यक्ति अपनी पत्नी से **3** वर्ष बड़ा है और वह अपने पुत्र की आयु के चार गुनी आयु का है। यदि पुत्र **3** वर्ष बाद **15** साल का हो जाएगा, तो पत्नी की वर्तमान आयु कितनी है?
(a) 60 वर्ष (b) 51 वर्ष
(c) 48 वर्ष (d) 45 वर्ष

उत्तर- (d) 45 वर्ष

व्याख्या- M : W : S
$4x : (4x - 3) : x$
प्रश्नानुसार, पुत्र (S) की वर्तमान आयु
$x = 12$
पत्नी (W) $= 4x - 3 = 4 \times 12 - 3$
$= 45$ वर्ष

प्र. 13 लुप्त पद ज्ञात कीजिए?

7	2	49
8	3	512
11	x	1331

(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 5

उत्तर- (a) 3

व्याख्या- $(7)^2 \rightarrow 49$
$(8)^3 \rightarrow 512$
$(11)^3 \rightarrow 1331$

प्र. 14 यदि "S" गुणा को, "V" घटाने को "M" जोड़ को और "L" भाग को दर्शाता है तो **7 V 4 2 M 5 6 L 8 S 5 = ?**
(a) 8 (b) 12
(c) 20 (d) 0

उत्तर- (d) 0

व्याख्या- 7 V 4 2 M 5 6 L 8 S 5 = ?
$= 7 - 42 + 56 \div 8 \times 5$
$= 7 - 42 + 7 \times 5$
$= 7 - 42 + 35$
$= 0$

प्र. 15 **PEON : QRHS :: JOCK : ?**
(a) NFRM (b) NFMR
(c) NEFM (d) NFMM

उत्तर- (a) NFRM

व्याख्या-

प्र. 16 **34 : 81 : 23 : ?**
(a) 8 (b) 16
(c) 4 (d) 12

उत्तर- (a) 8

व्याख्या- 34 : 81
$3^4 \rightarrow 81$
∵ 23 : ?
$2^3 \rightarrow 8$

प्र. 17 कार : सड़क : : रेल : ?
(a) पानी (b) हवा
(c) सड़क (d) ट्रैक

उत्तर- (d) ट्रैक

प्र. 18 लुप्त पद ज्ञात कीजिए?

28	20	7
84	35	12
45	?	9

(a) 19 (b) 25
(c) 22 (d) 26

उत्तर- (b) 25

व्याख्या- $\frac{28}{7} \times 5 \rightarrow 20$
$\frac{84}{12} \times 5 \rightarrow 35$
$\because \frac{45}{9} \times 5 \rightarrow 25$

प्र. 19 कुछ समीकरण एक निश्चित प्रणाली से हल किए जाते हैं। उसी प्रकार दिए गए विकल्पों में से प्रश्न के लिए सही उत्तर चुनकर लिखिए **2 + 4 + 6 = 48** और **3 + 2 + 8 = 48**, **2 + 5 + 7 = ?**
(a) 48 (b) 70
(c) 14 (d) 59

उत्तर- (b) 70

व्याख्या- $2 \times 4 \times 6 = 48$
$3 \times 2 \times 8 = 48$
$\because 2 \times 5 \times 7 = 70$
+ को × से बदल दिया है।

प्र. 20 यदि **a 'x'** को दर्शाता है, **b '÷'** को दर्शाता है, **c '+'** को दर्शाता है और **d '-'** को तो **8 a 3 c 2 4 b 1 2 d 1 9 = ?**
(a) 17 (b) 14
(c) 7 (d) 8

उत्तर- (c) 7

व्याख्या- 8 a 3 c 2 4 b 1 2 d 1 9 = ?
$= 8 \times 3 + 24 \div 12 - 19$
$= 8 \times 3 + 2 - 19$
$= 24 + 2 - 19$
$= 26 - 19$
$= 7$

प्र. 21 **D, F, G, I, J, ?**
(a) M (b) K
(c) L (d) N

उत्तर- (c) L

व्याख्या-
D F G I J L
+2 +1 +2 +1 +2

प्र. 22 **कथन** → कुछ apple, mango हैं। सभी mango, grapes हैं।
निष्कर्ष → (a) कुछ apple, grapes हैं।
(b) कुछ apple, grapes नहीं हैं।

उत्तर- केवल (a) अनुसरण करता है।

व्याख्या-

(a) ✓
(b) ×

प्र. 23 यदि **HUT = 94** और **RUSH = 66** है, तो **FUN = ?**
(a) 14 (b) 36
(c) 24 (d) 27

उत्तर- (a) 14

व्याख्या- H + U + T = 94
$8 + 21 + 20 = 49$
इसी प्रकार
R + U + S + H = 66
$18 + 21 + 19 + 8 = 66$
F + U + N
$= 6 + 21 + 14$
$= 41$
$= 14$

प्र. 24 उन संख्याओं के समूह का चयन करें, जो निम्न समूह के समान है?
{8, 64, 80}
(a) {2, 8, 20}
(b) {4, 16, 32}
(c) {5, 25, 60}
(d) {7, 56, 70}

उत्तर- (d) {7, 56, 70}

व्याख्या-



प्र. 25 **3, 10, 29, ?, 263, 790**
(a) 91
(b) 88
(c) 72
(d) 89

उत्तर- (b) 88

व्याख्या-



- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

होम आइसोलेशन व्यवस्था हुई अधिक सुदृढ़

भोपाल, जिले में कोविड-19 के हल्के लक्षणों एवं कम गंभीर मरीजों के उपचार एवं प्रबंधन के लिये होम आइसोलेशन व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ किया गया है। वर्तमान में कुल 27 टीम के माध्यम से होम आइसोलेशन की व्यवस्था की है। कोविड पॉजिटिव मरीजों के लक्षणों की जानकारी लेकर सर्दी-खांसी, बुखार, ऑक्सीजन सेचुरेशन, गंभीर बीमारियों आदि के आधार पर होम आइसोलेशन का सुझाव दिया जाता है। अभी कुल 2200 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। इन सभी को चिकित्सकों द्वारा मेडिसिन किट उपलब्ध करवाई गई है। साथ ही नियमित रूप से परामर्श उपलब्ध करवाया जा रहा है।

होम आइसोलेशन की प्रभारी अधिकारी डॉ. संगीता टाक ने बताया कि होम आइसोलेशन के रोगियों की दैनिक निगरानी जिला स्तर पर स्थापित कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से प्रतिदिन की जा रही है। मरीज की थोड़ी-सी भी गंभीरता की स्थिति दिखने पर तुरंत अस्पताल पहुंचाया जाता है। टीम द्वारा नियमित एवं निरंतर रूप से मरीजों का फॉलोअप किया जा रहा है। मरीजों को दवाइयों के साथ मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिये परामर्श भी दिया जा रहा है। इन प्रयासों से ऐसे सभी मरीज, जो होम आइसोलेशन में हैं, वे स्वस्थ हैं।

होम आइसोलेशन के दौरान मरीजों को फीवर क्लीनिक और शासकीय एवं चिन्हित निजी अस्पतालों की सूची उपलब्ध करवाई जा रही है।

(पिछले पृष्ठ का शेष)

18. ओलिंपिक में आयोजित होने वाली स्पर्धा डेकाथलॉन किस खेल का हिस्सा है?
(अ) एथेलेटिक्स
(ब) तैराकी
(स) रोइंग
(द) साइक्लिंग

19. रियो ओलिंपिक में ट्रायथलॉन स्पर्धा में महिला वर्ग में चैम्पियन बनी थीं?
(अ) विकी हॉलैंड
(ब) ग्वेन जोर्गेनसन
(स) निकोला स्प्रिग
(द) इनमें से कोई नहीं

20. वर्ष 2019 में एएफसी एशियन कप का खिताब किस देश ने जीता था?
(अ) कतर (ब) सउदी अरब
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) जापान

21. वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं?
(अ) वकार यूनिस
(ब) शॉन पोलक
(स) वसीम अकरम
(द) ग्लैन मैक्ग्रॉथ

22. महिला टेनिस खिलाड़ी एंजेलिक कर्बर किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) जर्मनी
(ब) बुल्गारिया
(स) चेक रिपब्लिक
(द) सर्बिया

23. वर्ष 2020 इटेलियन ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस किस खिलाड़ी ने जीती है?
(अ) लुईस हैमिल्टन
(ब) सबेस्टियन वेटल
(स) सर्जियो पैरेज
(द) पियरे गास्ली

24. आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भारत का सामना किस देश से होगा?
(अ) न्यूजीलैंड
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) इंग्लैंड
(द) पाकिस्तान

25. वांडरर्स क्रिकेट स्टेडियम किस शहर में स्थित है?
(अ) सिडनी (ब) लंदन
(स) दुबई (द) जोहानिसबर्ग

उत्तरमाला

1. (अ),	2. (स),	3. (ब)
4. (अ),	5. (ब),	6. (द)
7. (स),	8. (ब),	9. (अ)
10. (स),	11. (ब),	12. (द)
13. (स),	14. (द),	15. (अ)
16. (स),	17. (ब),	18. (अ)
19. (ब),	20. (अ),	21. (स)
22. (अ),	23. (द),	24. (अ)
25. (द)		

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

जॉब अलर्ट

इंडियन रबड़ मैन्युफैक्चर्स रिसर्च एसोसिएशन, उद्योग भवन, नई दिल्ली

पद का नाम - निदेशक
पदों की संख्या - 01
योग्यता - किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमएससी (रसायन शास्त्र/रासायनिक विज्ञान/पॉलीमर विज्ञान) अथवा रबड़/पॉलीमर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एम.टेक
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित क्षेत्र में पीएच.डी./रबड़ प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर/एमबीए अथवा पीजी डिप्लोमा (एचआर/वित्त/एमएस/ओएम) के साथ न्यूनतम 15 वर्ष का कार्यानुभव।
अंतिम तिथि - 23 अप्रैल 2021
www.irmra.org

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - प्रबंधन प्रशिक्षार्थी (सिविल), प्रबंधन प्रशिक्षार्थी (इलेक्ट्रिकल)
पदों की संख्या - 25, 10
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 21 अप्रैल 2021
www.nbccindia.com

केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

पद का नाम - एसोसिएट प्रोफेसर (भाषा विज्ञान), असिस्टेंट प्रोफेसर (शिक्षा शास्त्र), असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी साहित्य)
पदों की संख्या - 01, 04, 03
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 10 मई 2021
www.khsindia.org

कोल इंडिया लिमिटेड (महारत्न कंपनी) नई दिल्ली (सीआईएल एवं उसकी सहायिका कंपनियों के लिए)

पद का नाम - महाप्रबंधक (सीएस), मुख्य प्रबंधक (सीएस), वरिष्ठ प्रबंधक (सीएस), प्रबंधक (सीएस), उपप्रबंधक (सीएस), सहायक प्रबंधक (सीएस)
पदों की संख्या - 01, 03, 04, 04, 05, 05
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 19 अप्रैल 2021
www.coalindia.in

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली

पद का नाम - परियोजना ग्राफिक डिजाइनर (परामर्शदाता) (राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र में अनुबंध आधार पर परियोजना के लिए)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - कम्प्यूटर साइंस/सू.प्रौ. में 55 प्रतिशत अंकों या समतुल्य ग्रेड से एमसीए/एम.टेक पीजी/ललितकला में मास्टर
अंतिम तिथि - 27 अप्रैल 2021
www.niepa.ac.in

एडमिशन अलर्ट

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी. प्रोग्राम्स इन डिजाइन, मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 2 मई 2021
www.nift.ac.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोझीकोड

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी. (प्रेक्टिस ट्रेक) इन मैनेजमेंट फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 15 मई 2021
www.iimk.ac.in/academics/phdpt

धीरूभाई अंबानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, गांधीनगर, गुजरात

पाठ्यक्रम का नाम - एम.टेक (आईसीटी), एम.टेक (सीएस एंड एमएल), एमएससी (आईटी) एंड एमएससी (डेटा साइंस), एम.डेस (सीडी), पीएच.डी.
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ
www.daiict.ac.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गांधीनगर, गुजरात

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीआईआईटी) इन बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, अर्थ सिस्टम साइंसेस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 25 अप्रैल 2021
https://iitgn.ac.in/admission

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुपति, आंध्रप्रदेश

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी. एंड एम.एस. (रिसर्च), एम.टेक प्रोग्राम
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 23 अप्रैल 2021 (एम.टेक), 30 अप्रैल 2021 (पीएच.डी.)
http://iittp.ac.in/admission

रेल परिवहन संस्थान, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - परिवहन अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट (कन्टेनराइजेशन) एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन, रेल परिवहन एवं प्रबंधन
योग्यता - किसी भी विषय से स्नातक या तीन वर्षीय डिप्लोमा जो मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से किया गया हो, जो कर्मचारी केन्द्रीय/राज्य सरकार या सशस्त्र सेवा कार्मिक (सेवारत और सेवानिवृत्त), कार्यरत हैं और जिनको सीनियर सेकेंडरी के बाद तीन वर्ष कार्य करने का अनुभव है, वे प्रत्याशी विशेष छूट के आधार पर कोर्स कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2021
www.irt.indianrailways.gov.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

संयुक्त एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम प्रवेश परीक्षा (JIPMAT) - 2021

संस्था का नाम - राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
किसके लिए - देशभर में, आईआईएम बोधगया, आईआईएम जम्मू में 5 वर्षों के एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम में जो छात्र प्रवेश चाहते हों।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2021
http://jipmat.nta.ac.in

सम्मान पत्र तथा महर्षि बादरायण व्यास सम्मान वर्ष - 2021

संस्था का नाम - भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग (भाषा प्रभाग), नई दिल्ली
किसके लिए - राष्ट्रपति पुरस्कारों के अंतर्गत संस्कृत, पालि, प्राकृत, अरबी, फारसी, शास्त्रीय तमिल, शास्त्रीय उड़िया, शास्त्रीय कन्नड़, शास्त्रीय तेलुगु एवं शास्त्रीय मलयालम के विद्वानों को सम्मान प्रमाण पत्र तथा सम्मान क्षेत्रों में युवा विद्वानों को सम्मान प्रदान करने नामांकन आमंत्रण है।
योग्यता - 60 वर्ष से अधिक आयु के विद्वानों को सम्मान प्रमाण पत्र तथा 30 से 45 वर्ष के युवा विद्वान को महर्षि बादरायण व्यास सम्मान। (पात्रतानुसार)
अंतिम तिथि - 15 मई 2021
www.education.gov.in

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal– 462011 (M.P.)

NOTICE INVITING BIDs (NIB) FOR PROVIDING SERVICES AS ARCHITECH & DESIGN CONSULTANT

No. 6471/22/D-12/DTC Guna/MPRRDA/2021 **Bhopal, Date : 09.04.2021**

Online bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** from the reputed Architect consultants for engagement Architect and Design Consultants for preparation of Plan, Drawing, Design, Estimate of **District Training Centerat Myana District- Guna (Madhya Pradesh)** as given below :

S.No.	Package No.	Name of Assignment/Work	Place
1.	DTC/Arch/ Guna/DDE	Engagement of Architect and Design Consultants for preparation of Plan, Drawing, Design, Estimate etc.	Myana District-Guna (Madhya Pradesh)

1. Start date for purchase of RFP document is **12.04.2021 from 17:30 Hrs.**
2. Last date for submission of bid is **27.04.2021 upto 17:30 Hrs.**
3. Other details may be seen in details NIB and RFP document April 2021 available on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/100563/R-45466/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER**

कोरोना नियंत्रण के लिए

खरीदी केंद्रों पर किए जा रहे हैं नवाचार

होशंगाबाद, खरीदी केंद्रों पर सुसंगत व्यवस्थाओं के बीच किसानों से खरीदी कार्य सुचारु रूप से जारी है। जिला प्रशासन द्वारा खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं के लिए समुचित प्रबंध किए जाने के साथ-साथ कोरोना नियंत्रण के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं।

कलेक्टर होशंगाबाद श्री धनंजय सिंह के मार्गदर्शन में जिले में कोरोना के रोकथाम के लिए अनूठे नवाचार किए जा रहे हैं। खरीदी केंद्रों पर कोरोना नोडल अधिकारी तथा कोरोना वॉलिंटियर्स बनाए गए हैं। इनके द्वारा खरीदी केंद्रों पर कोरोना गाइडलाइन का पालन करवाए जाने के साथ ही किसानों को मास्क पहनने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा बार-बार हाथ धोने का संदेश दिया जा रहा है।

कलेक्टर होशंगाबाद ने बताया कि अनाउंसमेंट के माध्यम से भी कोरोना संक्रमण से बचाव की आवश्यक सावधानियों से किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

ग्रामीण युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं

भोपाल, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत चयनित लैंडस्केप में ग्रामीण युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए 14 प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इनमें करीब 500 ग्रामीण युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कुंवर शाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए 'आजादी का अमृत महोत्सव' 12 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इसकी शुरुआत कर दी है। वन विभाग द्वारा ग्रीन इंडिया मिशन में ग्रामीण युवाओं के कौशल उन्नयन का बीड़ा उठाया है। इसके लिए प्रदेश में कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यशालाओं में कौशल उन्नयन का कार्य किया जा रहा है।

कुंवर शाह ने बताया कि ग्रीन इंडिया मिशन योजना में डेढ़ महीने का पहला प्रशिक्षण मार्च महीने में होशंगाबाद वन मंडल के वन ग्राम भातना में शुरू हुआ।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal, M.P.–462011
No.6350/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 09.04.2021

NOTICE INVITING TENDER No. 940 (PMGSY-B.W.)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Seoni	1	4533000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **09.04.2021 from 17:30 hrs.** Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and Tender Document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

MPM 100553/45463/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03 भोपाल-462003
मोबाइल : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/250/पयं/भोपाल-03/तश/2021 भोपाल, दिनांक : 08.04.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

ज्ञानोदय विद्यालय के उन्नयन कार्य/सुदृढ़ीकरण कार्य जिला होशंगाबाद एवं अर्द्धशहरी पुलिस थाना, लटेरी जिला विदिशा हेतु निविदा क्रमांक-01/2021-22 (टेण्डर क्रमांक-2021_MPPHC_139306_1 & 2021_MPPHC_139309_1) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 22.04.2021 सायं 5:00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100560/45465/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-01, जबलपुर
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कालोनी, जबलपुर (म.प्र.) 482003
फोन : 0761-4927201 ई-मेल: mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा सूचना

म.प्र. पुलिस आ.अधो.वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 में खेलो इंडिया योजना अंतर्गत स्वीकृत सिंथेटिक एथलेटिक 400 मीटर ट्रेक हेतु सब बेस एवं अन्य कार्य रांझी, जबलपुर हेतु निविदा क्र. **01/2021-22** (ऑनलाइन निविदा क्र. **2021_MPPHC_139287**) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.04.2021 समय 17.00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100559/45464/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02 भोपाल
Mob. No. - 9425601534, ई-मेल - bhopaldivision2@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/209/पयं/भोपाल-02/तश/2021 भोपाल, दिनांक 07.04.2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

"जिला-राजगढ़ में समूह वी, आवास क्रमांक सी-1 से सी-36, तक लेटबाथ का मरम्मत कार्य" हेतु निविदा क्रमांक-01/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. 2021_MPPHC_139252_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.04.2021 समय 5.00 बजे** तक ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100550/45462/2021 **परियोजना यंत्री**

खेल चर्चा

मैरीकॉम करेंगी एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई

नई दिल्ली, छह बार की विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम अगले महीने नई दिल्ली में आयोजित होने वाली एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। यह टूर्नामेंट 21 से 31 मई तक आयोजित होगा। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने इस टूर्नामेंट के लिये राष्ट्रीय ट्रायल आयोजित किये थे। इस टूर्नामेंट में मैरीकॉम के अलावा सिमरनजीत कौर, लवलीना बोरगोहेन और पूजा रानी जैसी दिग्गज मुक्केबाज भी हिस्सा लेंगी। इन चारों खिलाड़ियों को बगैर ट्रायल्स के ही भारतीय दल में जगह मिली है।

जॉर्डन स्पीथ ने जीता टेक्सास ओपन टूर्नामेंट

सेन एंटोनियो, विश्व के पूर्व नंबर वन गोल्फर जॉर्डन स्पीथ ने टेक्सास ओपन गोल्फ टूर्नामेंट अपने नाम किया है। अमेरिकी गोल्फर स्पीथ ने दो शॉट के अंतर के साथ यह खिताब जीता। इस जीत के साथ उनका चार वर्ष का खितावी सूखा भी खत्म हो गया है। इससे पहले स्पीथ ने वर्ष 2017 में ब्रिटिश ओपन टूर्नामेंट जीता था। इस वर्ष टेक्सास ओपन टूर्नामेंट में भारत के अनिर्बान लाहिड़ी पांचवें स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने टूर्नामेंट में तीन अंडर 69 का स्कोर किया।

केन्याई धाविका रूथ ने इस्तांबुल हाफ मैराथन में रचा इतिहास

इस्तांबुल, केन्या की युवा मैराथन धाविका रूथ चेपनगिटिच ने इस्तांबुल हाफ मैराथन रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुये नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। रूथ ने यह रेस एक घंटा चार मिनट और 02 सेकेंड में पूरी की जो कि इस्तांबुल हाफ मैराथन रेस में महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड इथोपिया की अवाबेल येश्नेह के नाम था, जो उन्होंने फरवरी 2020 में (एन घंटा चार मिनट और 31 सेकेंड) बनाया था।

जापानी तैराक रिकाको ने कैंसर से उबरने के बाद किया क्वालिफाई

टोक्यो, जापान की तैराक रिकाको इकी ने टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई कर लिया है। रिकाको को दो वर्ष पहले ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) होने का पता चला था। इसके बाद से ही वे खेलों से दूर थीं। रिकाको ने नेशनल चैंपियनशिप में 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 57.77 सेकेंड का समय निकालकर ओलिंपिक में क्वालिफाई किया। रिकाको ने कहा था कि ल्यूकेमिया से रिकवर होने के बाद मैंने वर्ष 2024 के ओलिंपिक खेलों की तैयारी शुरू की थी। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं अपने देश में होने वाले ओलिंपिक खेलों में क्वालिफाई कर सकती हूं।

इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलेंगे हनुमा विहारी

हैदराबाद, भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज हनुमा विहारी आगामी इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिये काउंटी क्रिकेट से जुड़ेंगे। हनुमा इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट टीम वॉरविकशायर की तरफ से खेलेंगे। हनुमा इस सत्र में वॉरविकशायर के लिये कम से कम तीन मैच खेलेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इस खबर की पुष्टि की है।

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम

वन-डे क्रिकेट में लगातार 23 जीत का बनाया विश्व रिकॉर्ड

माउंट मोंगनुई, ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने विश्व क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वन-डे क्रिकेट में लगातार 23 मैच जीतने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही तीन मैचों की वन-डे सीरीज के दूसरे मैच में हासिल की। इससे पहले विश्व क्रिकेट में लगातार 21 वन-डे मैच जीतने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की पुरुष क्रिकेट टीम के नाम था।

सीरीज के दूसरे वन-डे मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। ऑस्ट्रेलियाई टीम को रशेल हायनेस (87) और एलिसा हीली (44) ने मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिये 82 रनों की साझेदारी की। इसके बाद मेग लेनिंग (49) और बेथ मूनी (26) ने अन्य बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 271 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम की सलामी बल्लेबाज लॉरेन डाउन शून्य के स्कोर पर पैवेलियन लौट गईं। इसके बाद हेली जेंसन (28) और एमिलिया केर (47) ने पारी को आगे बढ़ाया। इन दोनों बल्लेबाजों के बाद ब्रुक हॉलीडे (32), मैडी ग्रीन (23) और केटी मार्टिन (20) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं, लेकिन वे टीम को लक्ष्य के नजदीक भी नहीं पहुंचा सकीं। न्यूजीलैंड की पारी 45 ओवरों में 200 रन पर सिमट गई।

- **ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने अब तक लगातार 23 वन-डे मैच जीते हैं।**
- **इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम ने वर्ष 2003 में लगातार 21 मैच जीते थे।**
- **भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने भी वर्ष 2016 से 2017 के दौरान वन-डे क्रिकेट में लगातार 16 मैच जीते थे।**
- **ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने सर्वाधिक छह बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप जीते हैं।**
- **ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पांच बार ट्वेंटी-20 विश्वकप भी जीता है।**

ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ

ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम वर्ष 2017 से अब तक एक भी वन-डे मैच नहीं हारी है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने विजय क्रम के दौरान विश्व के लगभग सभी देशों को हराया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान भारत को 3-0 से, पाकिस्तान को 3-0 से, न्यूजीलैंड को 3-0 से, इंग्लैंड को 3-0 से, वेस्टइंडीज को 3-0 से, श्रीलंका को 3-0 से और न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को वन-डे क्रिकेट में आखिरी हार 29 अक्टूबर 2017 में मिली थी, तब उसे इंग्लैंड ने हराया था। इसके बाद से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम का अजेय क्रम जारी है।

हैमिल्टन ने जीती बहरीन ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस

बहरीन, ब्रिटेन के दिग्गज कार रेसर लुईस हैमिल्टन ने इस वर्ष भी फॉर्मूला-वन में अपना जादू बरकरार रखा है। हैमिल्टन ने बहरीन में आयोजित वर्ष की पहली फॉर्मूला-वन रेस बहरीन ग्रां प्री को अपने नाम किया। मर्सिडीज टीम के हैमिल्टन ने 25 लैप की इस रेस को एक घंटा 32 मिनट और 3.897 सेकेंड में अपने नाम किया। रेस में रेडबुल के मैक्स वर्स्टापेन दूसरे, मर्सिडीज के वाल्टेरी बोटास तीसरे, मैक्लेरेन के लेंडो नॉरिस चौथे तथा रेडबुल के सर्जियो पेरेज पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले हैमिल्टन ने वर्ष 2014, 2015, 2019 और 2020 में भी यह रेस जीती थी।

वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज हुई ड्रॉ

एंटीगा, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज बिना किसी परिणाम के ड्रॉ हो गई। सीरीज का दूसरा मैच भी ड्रा रहा। मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट के शतक की बदौलत पहली पारी में 354 रन बनाये। वहीं श्रीलंकाई टीम ने भी लाहिरू थिरिमाने और पथुम निशाका के अर्धशतक की बदौलत पहली पारी में 258 रन बनाये। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 280 रन बनाये तथा पारी घोषित कर श्रीलंका के सामने जीत के लिये 377 रनों का लक्ष्य रखा। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने मैच के पांचवें दिन टिककर बल्लेबाजी की और 79 ओवरों में 2 विकेट खोकर 193 रन बनाकर मैच को ड्रॉ कराने में सफलता प्राप्त की।

बार्टी और हुबर्ट बने मियामी ओपन चैंपियन

मियामी, विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी और हुबर्ट हुरकाज ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है।

बियांका ने दिया वॉकओवर

मियामी ओपन में महिला एकल वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी का मुकाबला कनाडा की उभरती टेनिस स्टार बियांका आंद्रेस्क्यू से था। फाइनल मुकाबले में बार्टी ने बियांका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। बार्टी ने मैच का पहला सेट आसानी से 6-3 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी बार्टी ने बियांका पर दबाव बनाये रखा। लेकिन दूसरे सेट में बियांका सर्विस के दौरान दाहिने टखने के बल गिर गईं और उन्होंने मैच से हटने का फैसला किया। मैच जब रुका तब बार्टी दूसरे सेट में 4-0 से आगे थीं। बियांका के हटने के बाद बार्टी को विजेता घोषित किया गया।

हुबर्ट ने सिनर को हराया

टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने जीता। हुबर्ट ने फाइनल मुकाबले में इटली के 19 वर्षीय खिलाड़ी यानिक सिनर को 7-6/7-4, 6-4 से हराया।

हुबर्ट ने फाइनल मुकाबले को एक घंटा 43 मिनट में अपने नाम किया। यह हुबर्ट के टेनिस कॅरियर का पहला एटीपी खिताब है।

पाकिस्तान ने वन-डे सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराया

सेंचुरियन, बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वन-डे सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया है। पाकिस्तान ने सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हराया।

मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 112 रन जोड़े। इमाम उल हक ने 57 रन बनाये। इसके बाद फखर जमान और बाबर आजम ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने 94 रन की साझेदारी की। जमान ने सीरीज में लगातार दूसरा शतक बनाया और 101 रनों की पारी खेली, वहीं कप्तान बाबर आजम ने 94 रन बनाये। पाकिस्तानी टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 320 रन बनाये।

विशाल लक्ष्य के जवाब में दक्षिण अफ्रीका को भी मजबूत शुरुआत मिली। जानेमन मलान (70) और एडेन मार्क्रम (18) ने पहले विकेट के लिये 54 रनों की साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका की पारी बिखर गई। इसके बाद काइल वारेने (62) और एंडिले फेहलुकवायो (54) ने पारी को संभाला लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये।

कोपा डेल रे कप

रियल सोसिएदाद ने जीता खिताब

सेविला, स्पेनिश फुटबॉल टीम रियल सोसिएदाद ने प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट कोपा डेल रे कप का खिताब अपने नाम किया है। सोसिएदाद ने 34 वर्ष बाद यह खिताब अपने नाम किया है। सोसिएदाद ने टूर्नामेंट के फाइनल में एथलेटिक बिल्बाओ को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने संतुलित खेल दिखाया। पहले हाफ में दोनों टीमों की रणनीति रक्षात्मक रही। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के प्रयास तेज कर दिये।

दूसरे हाफ में मैच का एकमात्र गोल माइकल ओयारजाबेल ने किया। दूसरे हाफ में एटलेटिको बिल्बाओ के डिफेंडर इनिगो मार्टिनेज अपने डी में गेंद पर नियंत्रण करने के दौरान फाउल कर बैठे। रियल सोसिएदाद ने इस फाउल पर वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) से अपील की। वीएआर से रिव्यू के बाद रेफरी ने रियल सोसिएदाद को फ्री किक दी। इस मौके का लाभ उठाते हुये माइकल ओयारजाबेल ने शानदार गोल कर अपनी टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई।

इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के लिये आक्रमण तेज कर दिये, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो पाई। रेफरी की अंतिम सीटी बजते ही रियल सोसिएदाद ने मैच और खिताब दोनों अपने नाम किये।

- **रियल सोसिएदाद अब तक तीन बार जीत चुका है कोपा डेल रे कप।**
- **रियल सोसिएदाद ने इससे पहले वर्ष 1987 में जीता था यह खिताब।**
- **एथलेटिक बिल्बाओ 23 बार जीत चुका है कोपा डेल रे कप।**
- **बार्सिलोना ने सर्वाधिक 30 बार जीता है यह खिताब।**

टोक्यो ओलिंपिक में हिस्सा नहीं लेगा उत्तर कोरिया

प्योगयांग, उत्तर कोरिया इस वर्ष जापान में आयोजित होने वाले टोक्यो ओलिंपिक में हिस्सा नहीं लेगा। उत्तर कोरिया ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुये यह निर्णय लिया है। उत्तर कोरिया के खेल मंत्रालय ने कहा, देश कोरोना महामारी के समय में अपने एथलीट्स को सुरक्षित रखना चाहता है। उत्तर कोरिया के इस निर्णय पर दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने खेद व्यक्त किया है। दक्षिण कोरिया ने कहा, हमें आशा थी कि टोक्यो ओलिंपिक दोनों कोरियाई देशों के आपसी संबंध बेहतर करने में कारगर साबित होता। उल्लेखनीय है पिछले 33 वर्षों में यह पहला मौका है जब उत्तर कोरिया ओलिंपिक खेलों का हिस्सा नहीं होगा। इससे पहले उत्तर कोरिया ने वर्ष 1988 में सियोल ओलिंपिक खेलों का बहिष्कार किया था। उत्तर कोरिया के टोक्यो ओलिंपिक से हटने से भारतीय एथलीटों के पदक जीतने की संभावनायें बढ़ गयी हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

ब्रिटेन

'किल द बिल' प्रदर्शन ने पकड़ा जोर

ब्रिटेन में 'किल द बिल' प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तेज झड़प हुयी। तकरीबन 100 से ज्यादा

- **पुलिस की शक्तियां बढ़ाने संबंधी विधेयक का जोर-शोर से विरोध हो रहा है।**

लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस पर हमला करने और शांति भंग करने सहित विभिन्न अपराधों के लिये प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। लंदन के पार्लियामेंट स्क्वैयर में पुलिस अभियान का नेतृत्व करने वाले कमांडर एडे एडेलकेन ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों की बात मानने से इंकार किया जिसके चलते हिंसा का वातावरण बन गया।

कोविड-19 महामारी

प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी की स्थिति और टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में कोविड-19 महामारी की स्थिति और टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि कोविड-19 के टिकाऊ प्रबंधन के लिए समुदाय की जागरूकता और इसकी भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। कोविड-19 प्रबंधन के लिए जन भागीदारी और जन आन्दोलन जारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि टेस्टिंग, ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट, कोविड उपयुक्त व्यवहार तथा टीकाकरण की पंच-कोणीय रणनीति का अगर पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्यान्वयन किया जाए, तो यह महामारी के प्रकोप को रोकने में प्रभावी होगा। प्रधानमंत्री ने आने वाले दिनों में कोविड उपयुक्त व्यवहार लागू करने तथा बेडों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं और समय पर अस्पताल में भर्ती करने आदि सुनिश्चित करने की आवश्यकता रेखांकित की। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य बुनियादी ढांचों को बढ़ाने, आवश्यक लॉजिस्टिक के साथ ऑक्सीजन, वेंटिलेटरों की उपलब्धता के द्वारा सभी परिस्थितियों में मृत्युदर की रोकथाम करने और यह सुनिश्चित करने कि अस्पतालों में भर्ती सभी लोगों और जो होमकेयर में हैं, उनके लिए

भी क्लीनिकल मैनेजमेंट प्रोटोकॉल की व्यवस्था की जाए, पर ध्यान देने की अपील की। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि उच्च सक्रिय मामलों तथा मौतों को देखते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों तथा क्लीनीशियनों से निर्मित केन्द्रीय टीमें महाराष्ट्र भेजी जाएं और उसके बाद पंजाब और छत्तीसगढ़ में भी भेजी जाएं, क्योंकि वहां मौतों की असंगत संख्या दर्ज की जा रही है। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से सक्रिय मामलों की खोज तथा कंटेनमेंट जोनों के प्रबंधन में सामुदायिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी के अतिरिक्त कंटेनमेंट उपायों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की आवश्यकता रेखांकित की। उन्होंने कहा कि प्रसार पर काबू पाने के लिए सभी राज्यों को रोग की अधिक संख्या वाले स्थानों में व्यापक प्रतिबंधों के साथ आवश्यक सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। इस पर जोर दिया गया कि मामलों में तेज बढ़ोतरी का प्रमुख कारण मुख्य रूप से मास्कों के उपयोग तथा '2 गज की दूरी' बनाये रखने के लिहाज से कोविड उपयुक्त व्यवहार के अनुपालन में तेज गिरावट, महामारी से हुई थकावट तथा व्यवहारिक स्तर पर कंटेनमेंट उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन में कमी रहा है। इस दौरान कोविड-19 टीकाकरण मुहिम के निष्पादन पर भी एक विस्तृत प्रस्तुति की गई जिसमें विभिन्न समूहों में टीकाकरण के कवरेज, अन्य देशों की तुलना में प्रदर्शन तथा राज्य के प्रदर्शन के विश्लेषण पर विचार किया गया। सुझाव दिया गया कि निष्पादन का दैनिक विश्लेषण उपचारात्मक कदमों के लिए एक फीडबैक के रूप में राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया जाना चाहिए। वर्तमान विनिर्माताओं की उत्पादन क्षमता तथा उन टीकों की क्षमता जिनपर अभी ट्रायल चल रहा है, के साथ-साथ टीकों के अनुसंधान एवं विकास पर भी चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि टीका विनिर्माता अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा रहे हैं और इसके संवर्धन के लिए अन्य घरेलू तथा विदेशी कंपनियों के साथ भी चर्चा कर रहे हैं। रेखांकित किया गया कि बढ़ती घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से अन्य देशों की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टीकों की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने के सभी प्रयास जारी हैं। प्रधानमंत्री ने अधिक मामले रिपोर्ट करने वाले राज्यों तथा जिलों में मिशन-मोड दृष्टिकोण के साथ कार्य जारी रखने का निर्देश दिया जिससे कि पिछले 15 महीनों में देश में कोविड-19 प्रबंधन का सामूहिक लाभ व्यर्थ न हो।

जॉर्डन

पूर्व क्राउन प्रिंस हमजा बिन नजरबंद

खाड़ी देश जॉर्डन के शाही परिवार में किंग अब्दुल्ला द्वितीय के सौतेले भाई और जॉर्डन के पूर्व क्राउन प्रिंस हमजा बिन हुसैन

- **इसे जॉर्डन के राजपरिवार की अंदरूनी कलह का नतीजा माना जा रहा है।**
- **प्रिंस हमजा पर तख्तापलट का आरोप लगाया गया है।**

को उनके महल में ही नजरबंद कर दिया गया है।

उनके महल में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस को बंद कर दिया गया है। प्रिंस ने एक वीडियो जारी कर सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की है। जॉर्डन के

सेना प्रमुख ने कहा कि प्रिंस की देश की सुरक्षा को खतरे में डाल देने वाली एक्टिविटी को रोकने के लिये यह कदम उठाया गया है।

म्यांमार में हिंसक प्रदर्शन तेज हुआ

म्यांमार में लोकतंत्र बहाली की मांग कर रहे लोगों पर सेना का दमन जारी है। सेना की फायरिंग में लोकतंत्र समर्थक 5 लोगों की मौत हो गई।

सेना ने हिंसक प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग की जिससे प्रदर्शनकारी तितर-बितर होकर फिर से प्रदर्शन कर हिंसा पर उतारू हो गये। ज्ञात रहे कि अब तक 550 नागरिकों की मौत हिंसा के चलते हो गई है। अब तक प्राप्त जानकारी के

अनुसार म्यांमार में कलाकारों, अभिनेताओं और बुद्धिजीवी वर्ग ने भी सेना के खिलाफ प्रदर्शन का मोर्चा खोल दिया है।

बांग्लादेश में

यात्रियों से भरी नौका डूबी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 20 किलोमीटर दूर नारायणगंज के केंद्रीय औद्योगिक शहर से निकलने के बाद 50 से

अधिक यात्रियों से भरी यात्री नौका दूसरी नाव से टकराकर डूब गई। इस दुर्घटना में कई यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग लापता हो गये हैं। जानकारी के अनुसार मालवाहक जहाज इस नौका से टकरा गया जिससे यह हादसा हुआ।

नाइजीरिया

बंदूकधारियों के हमले से दो हजार कैदी फरार

नाइजीरिया के इमो राज्य के ओवेरी कस्बे में स्थित जेल पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। जिसके चलते लगभग दो हजार कैदी भाग गये। जेल पर निशाना साधते हुये मशीनगन और ग्रेनेड से रातभर हमले किये और जेल की एक तरफ की दीवार को विस्फोट से उड़ा दिया।

हालांकि अभी तक किसी भी ग्रुप ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

कोसोवो

लोकप्रिय महिला राजनेता उस्मानी राष्ट्रपति बनीं

कोसोवो की सबसे लोकप्रिय महिला राजनेता वोजोसा उस्मानी को राष्ट्रपति चुन लिया गया है। कोसोवो के 120 सीटों वाले सदन में विपक्ष के बहिष्कार के बीच वोजोसा को 71 वोट मिले, जिससे वह कोसोवो की दूसरी महिला राष्ट्रपति बन गयी हैं। युद्ध के बाद इस बाल्कन राष्ट्र ने सातवीं राष्ट्रपति और दूसरी महिला नेता को राष्ट्रपति के रूप में चुना है। ज्ञात रहे कि अस्थायी रूप से 1990 के अंत में सर्बिया से स्वतंत्रता के लिये कोसोवो के युद्ध में एक सशस्त्र समूह के नेता पूर्व राष्ट्रपति हाशिम थासी को नवंबर के महीने में हेग स्थित एक

विशेष अदालत में मानवता के खिलाफ युद्ध अपराधी घोषित किया था। उनकी जगह उस्मानी ने पद ग्रहण किया था।

भारत, यूएई और इजरायल का

त्रिपक्षीय व्यापार 110 अरब डॉलर होने का अनुमान

दुबई में इजरायल के राजदूत इलान सेत्सुल्मैन स्टॉस्टा ने कहा है कि इजरायल के नये विचार, यूएई का दूरदर्शी नेतृत्व और भारत के साथ दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी से व्यापार वर्ष 2030 तक 110 अरब डॉलर तक पहुंच जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत का साथ दुनिया को भी लाभ पहुंचाने में मददगार होगा। वहीं भारत के महावाणिज्यदूत डॉक्टर अमन पुरी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय

- **इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इंडो-इजरायल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (आईएफआईआईसीसी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शीर्ष राजनयिकों और व्यापार समुदाय के नेताओं ने यह उम्मीद जताई है।**

व्यापार समुदाय सभी देशों की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये इस त्रिपक्षीय ताकत का लाभ उठा सकता है।

विश्व नेताओं ने किया अंतर्राष्ट्रीय महामारी समझौते का आह्वान

विश्व की करीब 20 से अधिक सरकारों एवं अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के प्रमुखों ने महामारी की तैयारियों के लिये अंतर्राष्ट्रीय समझौता करने का आह्वान किया। इन नेताओं का कहना है कि इससे आने वाली पीढ़ियों की रक्षा होगी। हालांकि, अब भी ऐसे कुछ सवाल हैं जिनका जवाब मिलना बाकी है जैसे इस तरह का समझौता कैसे वास्तव में देशों को अधिक समन्वय कर पाएगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम गेब्रेयेसस, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, इटली के मारियो द्राघी,

रवांडा के पॉल कागेम ने 'नई सामूहिक प्रतिबद्धता' का आह्वान किया ताकि विश्व की महामारी तैयारी और प्रतिक्रिया को बहाल किया जा सके जो संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी के संविधान के मूल में निहित है।

वायरस के स्रोत का अब तक पता नहीं : डब्ल्यूएचओ

कोरोना वायरस की उत्पत्ति की जांच करने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों की टीम ने कहा कि इस घातक विषाणु के स्रोत का अब तक पता नहीं चला है तथा सवालों के जवाब पाने के लिये आगे और अध्ययन किये जाने की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय टीम की रिपोर्ट हाल ही में प्रकाशित हुई। इस टीम ने 14 जनवरी से 10 फरवरी तक चीन के वुहान शहर का दौरा किया था, जहां दिसंबर 2019 में वायरस का सबसे पहले पता चला था। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉक्टर टेड्रोस अधानोम ग्रेब्रेयेसस ने कहा, 'जहां तक विश्व स्वास्थ्य संगठन का संबंध है, सभी विचार मेज पर हैं। रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण शुरुआत है।'

पूर्वी हिंद महासागर में

भारत सहित पांच देशों की नौसेनाओं ने किया सैन्याभ्यास

पूर्वी हिंद महासागर में तीन दिवसीय मेगा नौ-सैनिक अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें फ्रांस के साथ ही भारत और तीन अन्य क्वाड सादस्य देश शामिल हुये। अधिकारियों के अनुसार बहुआयामी सैन्य अभ्यास 'लॉ पैरोज' में भारतीय नौ-सैनिक जहाज सतपुड़ा और किल्लान के साथ लंबी दूरी की पेट्रोलिंग के लिये नौ-सैनिक विमान पी-8 आई भी शामिल हुआ। यह पहला नौ-सैनिक अभ्यास था जिसमें भारतीय नौसेना के दोनों युद्धपोत सतपुड़ा और किल्लान एक साथ थे। सैन्य अभ्यास के दौरान भारतीय नौ-सैनिक जहाज और विमान फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के

युद्धपोतों के साथ अभ्यासरत रहे। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल के अनुसार इस सैन्य अभ्यास में जटिल और अत्याधुनिक नौ-सैनिक अभ्यास सहित सतह से प्रहार, हवाई हमले रोकने की युद्धक प्रणाली और वायु रक्षा सैन्य अभ्यास हुये।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

खुद पर किया गया विश्वास परिणाम बदलने में सहायक होता है – जे.के. रोलिंग

मध्यप्रदेश शासन

श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

#मेरी_सुरक्षा_मेरा_मास्क

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

यदि आप होम आइसोलेशन में हैं तो ...

कोविड-19 प्रोटोकॉल अनुसार

होम आइसोलेशन संबंधी निर्देश

कोरोना पॉजीटिव व्यक्ति की जिम्मेदारी

- अपने संपर्क में आये सभी व्यक्तियों की जानकारी सर्वप्रथम जिला सर्वेलेन्स अधिकारी को उपलब्ध करा दें।
- अपने संपर्क में आये सभी परिचितों को दूरभाष पर तुरंत सूचित कर उन्हें नजदीक के फीवर क्लीनिक में जांच कराने की समझाईश दें।
- संपर्क में आये परिचितों में से लक्षण रहित को अपने संपर्क दिनांक से 5वें से 10वें दिन के बीच जांच कराने की सलाह दें।

24x7 हेल्पलाइन नं.
104 व 1075

होम आइसोलेशन हेतु आवश्यक व्यवस्थायें

- संक्रमित व्यक्ति एक पृथक हवादार शौचालय युक्त कक्ष में रहे।
- संक्रमित व्यक्ति होम आइसोलेशन अवधि में अपने कमरे से बाहर न निकले, अपने कमरे में ही खाना खाये तथा अन्य व्यक्तियों के सीधे संपर्क में न आये।
- अपने कपड़ों, कमरे की आमतौर पर छूये जाने वाली सतहों (दरवाजे के हैन्डल, बिजली के बटन आदि) तथा शौचालय की सफाई 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड सौल्यूशन से करें।

कोरोना पॉजीटिव व्यक्ति के उच्च जोखिम वाले संपर्क

- घर के सदस्य।
- सीधे शारीरिक संपर्क अथवा संक्रमित स्राव के सीधे संपर्क में बगैर व्यक्तिगत सुरक्षा साधनों के आया व्यक्ति।
- बंद वातावरण में 1 मीटर से कम दूरी में आमने-सामने संपर्क में आया व्यक्ति।
- संक्रमण का जोखिम लक्षण उत्पन्न होने के 14 दिन के पूर्व से संभावित होता है।

होम आइसोलेशन के दौरान सावधानियां

- कक्ष से बाहर न निकलें और न ही किसी से मिलें।
- घर के अन्य सदस्यों, विशेषकर वृद्ध, गर्भवती महिलायें, बच्चों से दूरी बनायें।
- सामाजिक/धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित न हों।
- पर्याप्त संतुलित आहार तथा तरल पेय पदार्थों का सेवन।
- समुचित आराम करें तथा व्यक्तिगत सुरक्षा व साफ-सफाई पर ध्यान दें।
- चिकित्सकीय परामर्श अनुरूप औषधियों का सेवन जारी रखें।

होम आइसोलेटेड रोगी के घर के सदस्यों के लिये सावधानियां

- वृद्ध संक्रमित व्यक्तियों की देखभाल घर के युवा सदस्य करें।
- वयस्क देखभालकर्ता सदैव 3 परत मास्क का उपयोग करें।
- संक्रमित व्यक्ति को भोजन, पानी, औषधियां आदि देते समय दूरी बनाये रखें।
- घर से बाहर न निकलें तथा अतिथियों को घर पर आमंत्रित न करें।
- देखभाल के दौरान सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश आदि होने पर तुरंत समीप के फीवर क्लीनिक में संपर्क/जांच करवायें।

कोरोना-19 पॉजीटिव व्यक्ति के लक्षण दिखने पर परिवहन व्यवस्थायें

- सक्षम व्यक्ति जिला कोविड कंट्रोल एवं कमांड सेंटर से चर्चा कर उपलब्ध बिस्तर के आधार पर स्वयं के साधन से चिन्हांकित केंद्रों पर जा सकते हैं।
- स्वयं का परिवहन अनुपलब्ध होने पर 108 परिवहन व्यवस्था प्राप्त की जा सकती है।
- परिवहन के दौरान वाहन में मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाये।
- हाथों की स्वच्छता हेतु सेनिटाइजर का उपयोग किया जाये।
- खिड़कियां खुली रखी जायें एवं ड्राइवर से दूरी बनाकर रखी जाये।
- बंद एवं वातानुकूलित वाहनों का उपयोग नहीं किया जाये।
- ड्राइवर द्वारा मास्क एवं दस्तानों का उपयोग किया जाये।
- यथासंभव एक वाहन में ड्राइवर के अतिरिक्त 2 से अधिक व्यक्तियों द्वारा सफर नहीं किया जाये।

तीन बात से डरे कोरोना – दूरी, मास्क, हाथ को धोना

मास्क/फेस कवर पहनें | दो गज दूरी बनाएं | हाथों को अच्छे से साबुन और पानी से धोएं

आपके परिवार का कोई सदस्य 45 वर्ष से ऊपर है, तो वैक्सीनेशन अवश्य कराएं।

सभी नियमों का पालन करेंगे और करायेंगे, हम कोरोना से बचेंगे और अपनों को बचायेंगे।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11002/R-45455/2021

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।